CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

मुरादाबाद, गुरुवार 25 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 131 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 4 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र में कनेक्शन के नाम पर वसूली रकम विद्युत नियामक आयोग के आदेशों के विपरीत पेज 2



36 गेंदों में शतक जड़ वैभव सूर्यवंशी ने बनाया विश्व रिकॉर्ड खेल टाइम्स



हिजाब विवाद: क्रिया से खतरनाक प्रतिक्रिया सम्पादकीय



अमेरिका ने भारत सरकार को आगाह किया, कहा: चीन दोहरी चाल चल रहा पेज 12

# उत्तराखंड में पाला गिरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ गुलमर्ग का तापमान -2.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**नई दिल्ली।** पहाड़ों में बर्फबारी के चलते मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। पचमढ़ी और कल्याणपुर में मंगलवार रात का पारा 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है।

उत्तराखंड में पाला गिरने की खबर है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में सुबह कोहरा छाया रहा। उधर राजस्थान में भी शीतलहर चल रही है। उत्तरी हवाओं के प्रभाव से राज्य में अगले कुछ दिन में पारा और गिरने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं के एरिया में घना कोहरा रहा। कश्मीर के कई इलाकों में मंगलवार को ताजा बर्फबारी और बारिश हुई। घाटी के ज्यादातर हिस्सों में मिनिमम टेम्परेचर फ्रीजिंग प्वॉइंट से ऊपर रहा। गुलमर्ग में मिनिमम टेम्परेचर -2.2डिग्री सेल्सियस रहा। कुपवाड़ा में 2.4 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में 3.2 डिग्री सेल्सियस, कोकरनाग में 2.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# आकाश नेक्स्ट जेनरेशन मिसाइल डिफेंस सिस्टम का टेस्ट सफल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**80 किमी तक के टारगेट को तबाह कर सकता है, एकसाथ 10+ हमले रोकने में सक्षम**

**ट्रायल के दौरान आकाश-एनजी ने अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर मौजूद हवाई लक्ष्यों को सटीक तरीके से किया नष्ट**



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एडवांस्ड वर्जन आकाश नेक्स्ट जेनरेशन (आकाश-एनजी) का ओडिशा के चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में सफल ट्रायल किया। इसे देश की स्वदेशी एयर डिफेंस ताकत को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

डीआरडीओ के मुताबिक, ट्रायल के दौरान आकाश-एनजी ने अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर मौजूद हवाई लक्ष्यों को सटीक तरीके से नष्ट किया। इसमें सीमा के पास कम ऊंचाई पर उड़ने वाले और लंबी दूरी पर ज्यादा ऊंचाई वाले लक्ष्य भी शामिल थे। यह मिसाइल डिफेंस सिस्टम फाइटर जेट, क्रूज मिसाइल, ड्रोन और यूएवी को 80 किमी दूर तक और आकाश में 20 किमी ऊंचाई तक निशाना बना सकता है। इसके पास एक साथ कई हमले यानी 10 टारगेट को तबाह करने की क्षमता है। अधिकारियों के मुताबिक, आकाश-एनजी मिसाइल सिस्टम एक आधुनिक और ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम है। इसे डीआरडीओ ने विकसित किया है और इसका निर्माण बीडीएल ने किया है। यह सिस्टम एकसाथ कई हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम है। इसे भारतीय वायुसेना और भारतीय सेना में शामिल करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसके शामिल होने से देश की हवाई सुरक्षा और मजबूत होगी और भारत की स्वदेशी एयर डिफेंस क्षमता को बड़ी मजबूती मिलेगी। आकाश-एनजी की मारक क्षमता करीब 30 किमी तक है और यह 18 किलोमीटर की ऊंचाई तक दुश्मन के हवाई खतरों को रोक सकता है। इससे पहले भारतीय सेना ने 17 जुलाई को लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित एयर डिफेंस सिस्टम आकाश प्राइम का सफल परीक्षण किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### बरेली से बांदीकुई के बीच नई यात्री ट्रेन को रेलवे ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** रेलवे ने उत्तर प्रदेश के बरेली से राजस्थान के दौसा जिले में बांदीकुई के बीच एक यात्री ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे ने बुधवार को बताया कि रेल मंत्रालय ने बरेली और बांदीकुई के बीच एक नई यात्री ट्रेन सेवा शुरू करने को मंजूरी प्रदान की है। रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 54356/54355 उत्तर प्रदेश में बरेली और राजस्थान में बांदीकुई के बीच संचालित होगी। रेलवे ने बताया है कि यह ट्रेन रामगंगा ब्रिज, बशारतगंज, निसोई हॉल्ट, आंवला, रेवती बहोरा खेड़ा हॉल्ट, करेंगली, दबतारा, आसफपुर, सिसरका, चंदौसी, बहजोई, बबराला, राजघाट नरौरा, डिबाई, अतरौली रोड, हरदुआगंज, मंजूरगढ़ी, अलीगढ़, दाऊद खां, मंडारक, सासनी, हाथरस, पोरा, जसीसर रोड, चमरौला, बरहन, मिटावली, एत्मादपुर, कुबेरपुर, छलेसर, यमुना ब्रिज आगरा, आगरा किला, ईदगाह आगरा, बिचपुरी, रायभा, अछनेरा, चिकसाना, भरतपुर, हेलक, नदबई, खेरली, घोसराना, मंडावर महवा रोड, करणपुरा, बिवाई और श्री घासीनगर स्टेशन पर रुकेगी।

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने 313 GTA शिक्षकों की नौकरियों को रद्द करने के फैसले पर लगाई रोक

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने बुधवार को गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) के तहत नियुक्त 313 शिक्षकों की नौकरियों को रद्द करने पर अंतरिम रोक लगा दी। इस फैसले से पहाड़ी क्षेत्रों में प्रभावित शिक्षकों को अस्थायी राहत मिली है। यह अंतरिम आदेश 17 दिसम्बर के एक एकल पीठ के फैसले को चुनौती देने के बाद आया है, जिसमें इन 313 शिक्षकों की सेवाओं की समाप्ति का निर्देश दिया गया था और उनकी भर्ती प्रक्रिया को अवैध करार दिया गया था।

### ग्रुप कैप्टन शुक्ला की विमान की कॉकपिट में वापसी

**नई दिल्ली।** भारत की अंतरिक्ष यात्रा में अमिट छाप छोड़ने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने एक बार फिर वायुसेना के विमान में उड़ान भरते हुए आसमान में दमदार वापसी की है। आईएसएस के लिए ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन पूरा करने के कुछ महीने बाद ही उन्होंने वायुसेना में अपनी जिम्मेदारी फिर से संभाल ली है।

## इसरो ने 6100 किग्रा का अमेरिकी सैटेलाइट किया लॉन्च

# भारत से भेजा गया सबसे भारी उपग्रह

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।** अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर स्थापित करते हुए, भारत के भारी-भरकम रॉकेट एलवीएम3-एम6 (जिसे 'बाहुबली' उपनाम दिया गया है) ने अमेरिका स्थित एएसटी स्पेस मोबाइल के 6100 किग्रा. वजनी ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उन्नत संचार उपग्रह को बुधवार को क्रिसमस की पूर्व संध्या पर सफलतापूर्वक पृथ्वी की निम्नतम कक्षा (एलईओ) में स्थापित कर दिया।

इससे पहले, नवम्बर में लॉन्च किया गया एलवीएम3-एम5 कम्युनिकेशन सैटेलाइट-03 करीब 4,400 किलोग्राम का था। इसे जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया था। यहां शॉर रेंज से दूसरे प्रक्षेपणपथ से 24 घंटे की सुचारू उलटी गिनती के बाद, एक विशेष वाणिज्यिक मिशन में, स्वदेशी रॉकेट ने निर्धारित समय पर सुबह 8:54 बजे शानदार उड़ान भरी। यह भारत का सबसे भारी लॉन्च व्हीकल है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 ने



**धरती पर कहीं से भी 4-जी और 5-जी वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग व डेटा सेवाएं उपलब्ध होंगी**

**अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर स्थापित हुआ, रॉकेट ने 24 घंटे की सुचारू उलटी गिनती के बाद सफल उड़ान भरी**

डीएलवी-जेन कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जिसका मकसद सामान्य स्मार्टफोन तक सीधे हाई-स्पीड सेल्युलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना है। इसके जरिये धरती पर कहीं से भी 4-जी और 5-जी वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं उपलब्ध होंगी। सैकड़ों दर्शकों ने प्रक्षेपण गैलरी से इस मिशन को देखा। निसार उपग्रह के बाद अमेरिका द्वारा किया गया दूसरा मिशन यह उपग्रह, 16 मिनट की उड़ान अवधि के बाद सफलतापूर्वक और सटीक रूप से 520 किमी -**शेष पृष्ठ दो पर**

### भारत की अंतरिक्ष क्षेत्र में गौरवशाली उपलब्धि: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उपग्रह को ले जाने वाले एलवीएम3-एम6 रॉकेट के सफल प्रक्षेपण की सराहना करते हुए इसे भारत की अंतरिक्ष क्षेत्र में एक गौरवशाली उपलब्धि बताया है।



प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया में जारी एक संदेश में कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की एक और महत्वपूर्ण प्रगति। एलवीएम3-एम6 का सफल प्रक्षेपण, जिसके माध्यम से भारतीय धरती से अब तक का सबसे भारी उपग्रह अमेरिका का ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 अपनी निर्धारित कक्षा में स्थापित किया गया है, भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक गौरवशाली उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मिशन भारत की भारी वजन ले जाने वाले रॉकेटों की क्षमता को दर्शाता है और अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक प्रक्षेपण बाजार में हमारी बढ़ती साख का प्रतीक है। यह 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में हमारे प्रयासों का भी प्रतिबिंब है।

# साफ हवा नहीं, तो एयर प्यूरीफायर पर टैक्स क्यों लगाया जा रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ केंद्र सरकार से दिल्ली हाईकोर्ट का सवाल
■ गडकरी ने माना- 40 फीसदी प्रदूषण ट्रांसपोर्ट सेक्टर से फैल रहा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और अधिकारियों से पूछा कि जब राजधानी में हवा की स्थिति इमरजेंसी जैसी बनी हुई है, तो एयर प्यूरीफायर पर 18 फीसदी जीएसटी क्यों लगाया जा रहा है।

कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार लोगों को साफ हवा उपलब्ध नहीं करा पा रही, तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर टैक्स ही कम कर दें। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गडेला की डिवीजन बेंच ने कहा कि हर नागरिक को साफ हवा में सांस लेने का अधिकार है। ऐसे हालात में एयर प्यूरीफायर को लग्जरी आइटम मानकर 18 फीसदी जीएसटी लगाना ठीक नहीं है। कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसमें मांग की गई थी कि एयर प्यूरीफायर को मेडिकल डिवाइस की श्रेणी में रखा जाए और इन पर जीएसटी 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी किया जाए। अपील में कहा गया कि खराब एआईक्यू के समय में एयर प्यूरीफायर अब लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बन चुका है। कोर्ट ने केंद्र के वकील से दोपहर 2:30 बजे के बाद इस पर जवाब लेकर आने को कहा। वहीं, सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि दिल्ली में दो से तीन दिन रहने पर मुझे इन्फेक्शन हो जाता है। प्रदूषण का 40 फीसदी हिस्सा ट्रांसपोर्ट सेक्टर ही फैला रहा है, जिसका मैं मंत्री हूं। जब सरकार खुद साफ हवा देने में नाकाम है, तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाना या टैक्स में छूट देना सबसे बुनियादी कदम हो सकता है।

# उन्नाव सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार दुखद: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उन्नाव सामूहिक दुष्कर्म मामले में भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर को जमानत मिलने और पीड़िता का विरोध करने पर उसके साथ हुए व्यवहार पर हैरानी जताई और कहा कि न्याय देने की बजाय उसके साथ अन्याय किया जा रहा है।



श्री गांधी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में सवाल किया कि आखिर न्याय के लिए आवाज उठा रही दुष्कर्म पीड़िता के साथ अन्याय क्यों हो रहा है। उनका कहना था कि लोकतंत्र में सबको विरोध करने का हक है और यदि पुलिस विरोध करने वाले के साथ इस तरह का व्यवहार करती है, तो यह अन्याय है। उन्होंने सवाल किया कि क्या एक गैंगरेप पीड़िता के साथ ऐसा व्यवहार उचित है। क्या उसकी 'गलती' ये है कि वो न्याय के लिए अपनी आवाज़ उठाने की हिम्मत कर रही है। उसके अपराधी (पूर्व भाजपा विधायक) को ज़मानत मिलना बेहद निराशाजनक और शर्मनाक है, खासकर तब, जब पीड़िता को बार-बार प्रताड़ित -**शेष पृष्ठ दो पर**

# 20 साल बाद उद्धव-राज ठाकरे की पार्टी में हुआ गठबंधन

मुंबई, वार्ता

■ कहा: हमारी सोच एक, बंटेंगे, तो बिखरेंगे
■ 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को होगा मतदान, 16 को रिजल्ट

**उद्धव और राज** ठाकरे ने बुधवार को बृहन मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव एक साथ लड़ने का ऐलान किया।

20 साल बाद दोनों की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) और मनसे में चुनावी गठबंधन हुआ है। इससे पहले 2005 में राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होकर मनसे पार्टी बनाई थी। दोनों ने ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारी सोच एक है अगर बंटेंगे, तो



बिखरेंगे। महाराष्ट्र के लिए हम सब एक हैं। इससे पहले दोनों नेता शिवाजी पार्क स्थित बालासाहेब ठाकरे के स्मारक पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को वोटिंग होगी। 16 जनवरी को रिजल्ट आएगा। राज ठाकरे ने कहा कि मुंबई का मेयर मराठी होगा। मैंने एक बार कहा था कि हमारी आपसी किसी भी विवाद या लड़ाई से महाराष्ट्र बड़ा है।

# इसरो के लिए 2026 व्यस्त वर्ष होगा: डा. वी. नारायणन

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।**

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी वर्ष 2026 में काफी व्यस्त रहने वाली है और अगले साल भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के कई कार्यक्रम तय हैं।

इसरो के विभागीय सचिव (अंतरिक्ष) और अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने बुधवार को कहा कि भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की किसी कंपनी द्वारा जल्द ही एक प्रक्षेपण होने की उम्मीद है, जो देश के व्यावसायिक अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। अमेरिकी संचार उपग्रह ब्लूबर्ड 6 को भारतीय रॉकेट एलवीएम3 द्वारा सफलतापूर्वक प्रक्षेपित करने के बाद मिशन




■ **गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के तहत पहला मानवरहित मिशन अगले वर्ष निर्धारित**

कंट्रोल सेंटर में बोलते हुए श्री नारायणन ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने अब तक कुल 434 विदेशी उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया है। साल 2025 को उपलब्धियों और कामयाबी का साल बताते हुए श्री नारायणन ने कहा कि 2026 और भी ज्यादा रोमांचक होगा। उन्होंने कहा कि गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के तहत पहला मानवरहित मिशन अगले वर्ष निर्धारित है और इसके लिए कार्य चल रहा है। इसरो का पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) रॉकेट भी एक अंतरिक्ष मिशन करेगा। स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएसएलवी) परिचालन चरण में प्रवेश करेगा। भारत के नेविगेशन उपग्रह पक्ष पर श्री नारायणन ने कहा कि सरकार ने आवश्यक मंजूरियां दे दी हैं और उपग्रहों का प्रक्षेपण किया जाएगा। इसरो अध्यक्ष ने यह भी कहा कि वर्ष 2025 में कुछ व्यावसायिक प्रक्षेपण मिशन भी होंगे। इनके अलावा, सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी को शुक्र मिशन, चंद्रयान-4 और 5 तथा भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण के लिए मंजूरी दे दी है। इसरो अध्यक्ष ने कहा कि एक पीएसएलवी रॉकेट एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन उपग्रह प्रक्षेपित करेगा, जिसमें 34 नई अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों का परीक्षण किया जाएगा। श्री नारायणन ने यह भी कहा कि एचएएल-एलएंडटी द्वारा निर्मित पीएसएलवी रॉकेट का संयोजन चल रहा है और यह इस वित्तीय वर्ष में उड़ान भरेगा।

# दिल्ली मेट्रो की तीन नई लाइनों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 1214 करोड़ आएगी लागत, 13 नए मेट्रो स्टेशन बनेंगे

**नई दिल्ली।** सरकार ने राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को कम करने, इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के टर्मिनल एक और सरकारी कार्यालयों के परिसर 'कर्तव्य भवन' को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने के लिए 1214 करोड़ रुपये की लागत से तीन मेट्रो गलियारों के निर्माण को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राजधानी दिल्ली में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार करते हुए चरण पांच (ए) के अंतर्गत तीन नए गलियारों को मंजूरी दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेसीओ की संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सेना की एक इकाई के एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मृत्यु हो गई है। रक्षा प्रवक्ता ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि सांबा में तैनात सेना की एक इकाई के जेसीओ को जम्मू में ड्यूटी के दौरान गोली लगी, जिससे वे घायल हो गए थे। दुर्भाग्यवश कर्तव्य पालन के दौरान लगी इन चोटों के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया। बयान में यह भी स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान चरण में इस घटना में किसी भी प्रकार के आतंकी पहलू की संभावना को खारिज कर दिया गया है।

### बारामूला में गुब्बारों से बंधा पाकिस्तानी झंडा बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सेना ने ऐसे लगभग दस गुब्बारे पकड़े हैं, जिन पर पाकिस्तान का झंडा बंधा हुआ था। अधिकारियों के अनुसार मंगलवार शाम बारामूला के खदिनायार क्षेत्र में एक पहाड़ी पर ये गुब्बारे पाए गए। इन्हें नियमित गश्त के दौरान सेना के जवानों ने देखा। सेना ने तत्काल गुब्बारों और झंडे को अपने कब्जे में लेकर जांच को भेज दिया है।

### सीआरपीएफ शिविर में तेंदुआ घुसा, एक जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के काप्रान इलाके में बुधवार सुबह एक तेंदुआ अचानक सीआरपीएफ के शिविर में घुस गया और नाश्ता कर रहे जवानों पर हमला कर दिया, जिससे एक जवान घायल हो गया। सीआरपीएफ सूत्रों के अनुसार जवान शिविर के मेस में नाश्ते के लिए इकट्ठा हुए थे, तभी एक तेंदुआ शिविर में घुस आया और जवानों पर हमला कर दिया।

# ब्राह्मण विधायकों की बैठक से गरमाई सियासत

## लखनऊ में बाटी-चोखा रात्रिभोज बैठक में किया गया मंथन

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश की राजनीति एक बार फिर जातीय समीकरणों को लेकर चर्चा में है और इसकी वजह भारतीय जनता पार्टी के ब्राह्मण विधायक और विधान परिषद सदस्य मंगलवार को लखनऊ में एक अनौपचारिक बाटी-चोखा रात्रिभोज बैठक है।

इस बैठक में काफी संख्या में ब्राह्मण समुदाय के विधायक शामिल हुए, जिसके वजह से प्रदेश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। यह बैठक कुशीनगर से भाजपा विधायक पीएन पाठक के सरक. ारी आवास, बाऊखण्डी मंत्री आवास में आयोजित की गई। इसमें विधायक रत्नाकर मिश्र, प्रकाश द्विवेदी, प्रेम नारायण पांडेय, शलभ मणि त्रिपाठी, अंकुर राज तिवारी, विनय द्विवेदी, ऋषि तिवारी, विवेकानंद पांडेय, कैलाशनाथ शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण विधायक और एमएलसी मौजूद रहे। एमएलसी साकेत मिश्र, जो सेवानिवृत्त नौकरशाह नृपेंद्र मिश्र के पुत्र हैं, वह भी बैठक में शामिल हुए। राजनीतिक रूप से यह बैठक इसलिए अहम मानी जा रही है, क्योंकि कुछ ही दिन पहले भाजपा ने महाराजगंज से सात बार के सांसद पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। पंकज चौधरी कुर्मी समाज से आते हैं। ऐसे में इस बैठक को पार्टी के भीतर ब्राह्मण नेतृत्व की सक्रियता और संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

### अरावली मुद्दे पर गुमराह रहे हैं भूपेंद्र यादव: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव अरावली मुद्दे पर सच को छिप रहे हैं और देश को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- अब यह बिल्कुल साफ़ हो गया है कि अरावली मुद्दे पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सच को पूरी तरह नहीं बता रहे हैं और जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अरावली की परिभाषा में जो बदलाव मोदी सरकार कर रही है, उसका इसी सरकार ने विरोध किया है। सरकार को बताना चाहिए कि पहले जो व्यवस्था उच्चतम न्यायालय ने दी थी, उसमें किस वजह से बदलाव किया जा रहा है।

# नए कनेक्शन के नाम पर वसूली आदेशों के विपरीत

**लखनऊ, वार्ता**



■ पूरे यूपी में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर प्रत्येक उपभोक्ता से वसूले 6016 रुपये

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश के उपभोक्ताओं के साथ हुई अन्यायपूर्ण वसूली के मामलों पर अध्ययन में सबसे गंभीर और महत्वपूर्ण मामला सामने आया कि बिजली कंपनियों ने पावर कारपोरेशन के आदेश के आदेश के तहत नौ सितंबर से पूरे प्रदेश में नए कनेक्शन के लिए अनिवार्य रूप से स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर प्रत्येक उपभोक्ता से 6016 रुपये वसूल किए, जो विद्युत नियामक आयोग के आदेशों के विपरीत था।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि 10 सितंबर से 24 दिसम्बर तक कुल 2,93,045 उपभोक्ताओं ने नए कनेक्शन के लिए बिजली कंपनियों में एस्टीमेट जमा किया जिनसे यदि केवल सिंगल फेस कनेक्शन मानकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर का मूल्य 6016 रुपये वसूला गया, तो कुल लगभग 176 करोड़ रुपए से अधिक वसूली हुई। तीन फेज कनेक्शन को जोड़ने पर यह राशि लगभग 200 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। उन्होंने कहा कि विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रस्तावित सिंगल फेस मीटर का मूल्य 2800 रुपये मानने पर भी, प्रदेश की बिजली कंपनियों ने उपभोक्ताओं से लगभग 100 करोड़ रुपए अधिक वसूले। परिषद ने स्पष्ट किया कि इस अतिरिक्त वसूली को उपभोक्ताओं को वापस कराने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। वर्मा ने बताया कि इस संबंध में पहले ही विद्युत नियामक आयोग में अवमानना याचिका दाखिल की जा चुकी है, जिसमें पावर कारपोरेशन ने अपने जवाब में बिना आयोग के अंबोधन से वसूली की बात कही है। परिषद का कहना है कि कॉस्ट डाटा बुक के आदेश जारी होते ही उपभोक्ताओं से अधिक वसूली का पैसा वापस कराया जाएगा। उपभोक्ता परिषद ने पावर कारपा. ेरेशन को यह भी याद दिलाया गया कि वर्ष 2018 में उपभोक्ता परिषद की लड़ाई के परिणामस्वरूप आयोग के आदेश पर बिजली कंपनियों ने उपभोक्ताओं से 523 करोड़ रुपए अधिक वसूली की राशि वापस की थी। वर्ष 2022-23 में कास्ट डाटा बुक के मद में गलत तरीके से वसूली के मामले में भी विद्युत नियामक आयोग की अवमानना याचिका के बाद बिजली कंपनियों ने लगभग पांच से छह करोड़ करोड़ उपभोक्ताओं को वापस किया था, इसके बाद सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निदेशकों ने अधिकारिक तौर पर माफी भी मांगी थी।

## विधानसभा में मुख्यमंत्री की विपक्ष को खरी-खरी

# कोई भी कब्जा करेगा, तो छोड़ूंगा नहीं: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ बुलडोजर को कोई नहीं रोक पाएगा

■ नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान प्राथमिकता

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में सीएम योगी ने अवैध कब्जों और माफिया पर सख्त रुख दिखाया और कहा कि अगर कोई भी कब्जा करेगा, तो उसे छोड़ूंगा नहीं। सीएम योगी ने विपक्ष पर गरीबों को न्याय दिलाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया और जोर दिया कि उनकी सरकार हर बेटी को सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करेगी। उन्होंने दावा किया कि 2017 से राज्य की छवि में सकारात्मक बदलाव आया है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट पर चर्चा करते हुए सीएम योगी अपने पूरी लय में दिखे। अवैध कब्जे और बुलडोजर के सवाल पर उन्होंने कहा कि कब्जा चाहे कोई भी करे, कहीं भी करे, मैं छोड़ने वाला नहीं हूं। उन्होंने कहा कि इस बात के लिए सदन को आश्वस्त करता हूं कि कब्जा कोई भी करेगा, किसी भी स्मारक पर, किसी भी पौराणिक स्थल पर, तो उसको छोड़ूंगा नहीं। उन्होंने विपक्ष को आईना दिखाते हुए कहा कि पूजा पाल आपकी पार्टी से चुनी गईं थीं, लेकिन उन्हें भी आप न्याय नहीं दिला पाए। सीएम योगी ने कहा कि आपमें वो हिम्मत नहीं थी कि गुंडे माफिया के सामने गरीबी बेटी को न्याय दिला सकें। इसलिए माफिया के सामने झुकना आपकी मजबूरी थी, लेकिन हमारी कोई मजबूरी नहीं है। आप बात पीडीए की करते हैं, क्या वो पीडीए का पार्ट नहीं थीं? न्याय कैसे होता है, हमसे सीखिए। हमारी सरकार ने तय किया है कि बेटी चाहे उस पक्ष की हो या इस पक्ष की, न्याय तो उसको हर हाल में मिलेगा। उन्होंने कहा कि चाहें आबादी की भूमि हो या सरकारी, अगर कोई माफिया कब्जा करेगा, उस जमीन पर मॉल बनाएगा या वसूली का अड्डा बनाएगा, तो उसके खिलाफ बुलडोजर भी चलेगा। उन्होंने साफ कर दिया कि अब उत्तर प्रदेश में कोई छांगुर जैसा व्यक्ति अनैतिक गतिविधियों का संचालन नहीं कर पाएगा, ऐसे लोगों पर बुलडोजर भी चलेगा और कोई उसे रोक भी नहीं पाएगा। सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने तो विजमा यादव को बुलाया था, उन्हें भरोसा दिया है कि वह उन्हें सुरक्षा देंगे। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की छवि जो आपने खराब की थी, उसमें अब सकारात्मक बदलाव आया है। अब सरकार की प्राथमिकता है कि हर नागरिक को सुरक्षा और सम्मान मिलनी ही चाहिए।

### कानून का राज सरकार की पहली प्राथमिकता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकाल. ीन सत्र के दौरान अनुपूरक बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि समाज की पहली आवश्यकता सुरक्षा है और कानून का राज स्थापित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। योगी ने कहा कि हर व्यक्ति, व्यापारी और बेटी को सुरक्षित महसूस होना चाहिए और उनकी सरकार ने इस दिशा में ठोस परिणाम दिए हैं, जिसका उत्तर प्रदेश की जनता लगातार समर्थन कर रही है। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब पौने नौ साल पहले उनकी सरकार सत्ता में थी, तब क्या उन्होंने अपनी ही सरकार को माफिया और अपराध पर लगाम लगाने की सलाह दी थी। उन्होंने एक शेर के माध्यम से विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि तू इधर उधर की न बात कर, ये बता कि कारवां कैसे लुटा। योगी ने कहा कि माफिया के खिलाफ सरकार की नीति स्पष्ट और कठोर रही है, जिसे जमीन पर लागू कर के दिखाया गया है। विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए योगी ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश की सड़कें गड्ढों से भरी थीं और मेट्रो रेल परियोजनाएं मजाक बनकर रह गई थीं। केंद्र सरकार के साथ समन्वय के अभाव में रेल और सड़क परिवहन को जोड़ने का कोई ठोस प्रयास नहीं हुआ।

# सलीम ने रेल विकास निगम के नए सीएमडी का पदभार संभाला

**नई दिल्ली, वार्ता**

रेल विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं प्रबंध निद. ेशक सलीम अहमद ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया। अहमद के पास सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में 33 साल से अधिक का अनुभव है।

रेल विकास निगम से जुड़ने से पहले वह सरकारी निर्माण कंपनी एनबीसीसी (इंडिया) में परियोजना निदेशक थे। पूर्व में वह दिल्ली मेट्रो रेल निगम के कार्यकारी निदेशक रह चुके हैं और मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के साथ भी काम कर चुके हैं। बड़े बहुआयामी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में उनका लंबा अनुभव रहा है और पुलों, सुरंगों तथा आवासीय एवं वाणिज्यिक भवनों के निर्माण में उन्हें विशेषज्ञता हासिल है। उन्होंने साल 1990 में दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी रेल विकास निगम रेल मंत्रालय के अधीनस्थ है और पिछले दो दशक से रेलवे से जुड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को अंजाम देती रही है। इसने अब तक 157 परियोजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारा है। मौजूदा समय में यह 10 शहरों में मेट्रो परियोजानाओं का काम कर रही है।

### आधे श्रीनगर में 24 घंटे बिजली: उमर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि श्रीनगर शहर के करीब 48 प्रतिशत हिस्से में अब 24 घंटे बिजली मिलती है। मुख्यमंत्री ने कश्मीर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को संशोधित वितरण क्षेत्र योजना के सफल ट्रायल के बाद 83 और इलाकों को 24 घंटे बिजली देने वाले ज़ोन में बदल देने पर बधाई दी। दूसरे जिलों में भी इसी तरह के सुधार कार्य चल रहे हैं।



सेंसेक्स 85408.70

निफ्टी 26142.10



सोना रु. 138320

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000

प्रति किलो



# जीएसटी से पूरा देश बना एक बाजार: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ भारत आज दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर

उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को कहा कि मौजूदा सरकार की आर्थिक नीतियों की वजह से आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने के बाद देश एक बाजार के रूप में उभरा है। हिमाचल प्रदेश के राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार की पुस्तक मोदी युग में भारत का आर्थिक सशक्तिकरण का यहां उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में विमोचन करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों की वजह से देश 2047 में विकसित राष्ट्र के रूप में उभरकर सामने आ रहा है।

देश में जीएसटी लागू होने से आज पूरा देश एक साझा बाजार बनकर उभरा है। इसका सीधा लाभ छोटे और मझौले व्यापारियों तथा किसानों को मिल रहा है। आज पंजाब का किसान अपनी उपज केरल में बेच सकता है और हिमाचल प्रदेश का हथकरघा व्यापारी अपना सामान तमिलनाडु भेज सकता है। इसके लिए सभी प्रक्रियाएं बिना किसी परेशानी के घर बैठे ही पूरी हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आर्थिक नीतियों की वजह से आज भारत दुनिया की चौथी बघी अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी बघी अर्थव्यवस्था बनने की दहलीज पर है। उपराष्ट्रपति ने जनधन खातों की जिक्र करते हुए कहा कि जीरो बैलेंस के साथ बैंक खाते खोलने से हर नागरिक को बैंकिंग सुविधा मिल सकी है और आज समाज के निचले तबके के करोड़ों रुपये बैंक खातों में जमा हैं। इन बैंक खातों की वजह से आज केंद्र और राज्य सरक. ारों की अनुदान योजनाओं की पूरी राशि सीधे गरीबों के खातों में जमा हो रही है।

### शेयर बाजारों में गिरावट सेंसेक्स 116 अंक टूटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को शुरुआती तेजी के बाद गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 116.14 अंक (0.14 प्रतिशत) टूटकर 85,408.70 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 35.05 अंक यानी 013 प्रतिशत नीचे 26,142.10 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों में बिकवाली के दबाव में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.81 प्रतिशत फिसल गया। छोटी कंपनियों में लिवाली से स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.28 फीसदी की तेजी रही। डॉलर की तुलना में रुपये में रही गिरावट का दबाव शेयर बाजारों पर भी देखा गया। तेल एवं गैस, आईटी, एफएमसीजी, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और बैंकिंग सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। मीडिया, धातु और रियलिटी सेक्टरों में तेजी रही।

### सोना और चांदी के भाव ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोना और चांदी के भाव फिर बढ़ गए हैं। 24 कैरेट सोना एक लाख 34 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर पहुंच गया है। वहीं चांदी की कीमत दो लाख 34 हजार रुपये प्रति किलो हो गई है, जिसमें एक दिन में करीब 3000 रुपये की बढ़त दर्ज की गई है। हालांकि सोने की कीमत में हल्की सी गिरावट देखने को मिली है, लेकिन यह बहुत मामूली है। देश के महानगरों पटना में 24 कैरेट सोने का भाव 138,220 प्रति 10 ग्राम रहा, जबकि जयपुर में 138,280, कानपुर में 138,340, लखनऊ में 138,320 , भोपाल में 138,430 , इंदौर में 138,430, चंडीगढ़ में 138,280 और रायपुर में 138,230 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शाम 5 बजे तक 5 फरवरी 2026 एक्सपायरी वाला 24 कैरेट गोल्ड 1.02 प्रतिशत के उछाल के साथ 1,38,145 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

# चावल और गेहूं में रही नरमी, खाद्य तेलों व दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। वहीं खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 23 रुपये गिरकर 3,843 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई।

गेहूं आठ रुपये सस्ता हुआ और 2,854 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा छह रुपये महंगा हुआ। दाल- दलहनों में चना दाल औसतन 22 रुपये और उड़द दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 10 रुपये और मसूर दाल की आठ रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। वहीं तुअर दाल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा एक रिंगिट टूटकर 4035 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 प्रतिशत की बढ़त में 48.93 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 25 रुपये और सूरजमुखी तेल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। वहीं वनस्पति की कीमत 47 रुपये और मूंगफली तेल की 20 रुपये टूट गई। सोया तेल में 15 रुपये और सरसों तेल में 11 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव में 14 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, चीनी गत दिवस के स्तर पर लगभग स्थिर रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :. दाल-दलहन: दाल चना 7798.20 रुपये, मसूर काली 8160.91 रुपये, मूंग दाल 10093.82 रुपये, उड़द दाल 10365.87 रुपये, तुअर दाल 10603.76 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2853.80 रुपये और चावल 3843.20 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3300.54 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत से...**

की वृत्ताकार निचली पृथ्वी कक्षा में स्थापित हो गया। इसरो ने घोषणा की, एलवीएम3-एम6 ब्लूबर्ड ब्लॉक 2 मिशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बाद में एक ट्वीट में उसने कहा कि मिशन सफल रहा। एलवीएम3-एम6 मिशन ने ब्लू बर्ड ब्लॉक 2 उपग्रह को सफलतापूर्वक उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया है। इसरो के अनुसार, श्रीहरिकोटा के स्पेस एरिया के ऊपर हजारों एक्टिव सैटेलाइट लगातार गुजर रहे थे। अन्य सैटेलाइट के साथ टकराव की आशंका को देखते हुए मिशन का लॉन्च समय 90 सेकेंड बढ़ाया गया।

इसरो की प्रशंसा करते हुए केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि ब्लूबर्ड ब्लॉक 2 को ले जाने वाले एलवीएम3-एम6 के सफल प्रक्षेपण के लिए टीम व इसरो को बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी संरक्षण में इसरो एक के बाद एक सफलताएं हासिल कर रहा है, जो अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। यह अब तक भारतीय धरती से लॉन्च किया गया सबसे भारी उपग्रह है। इसरो के अनुसार, क्रायोजेनिक अपर स्टेज सहित तीनों चरणों के प्रज्वलन और पृथक्करण के बाद, उपग्रह को भूमध्य रेखा से लगभग 53 डिग्री के झुकाव वाले 520 किमी के वृत्ताकार भू-परिस्थिति (एलईओ) में सटीक रूप से स्थापित किया गया। इसका प्रक्षेपण-भार 640 टन है, इसकी ऊंचाई 43-5 मीटर है, और यह भू-तुल्यकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में 4,200 किलोग्राम पेलोड ले जाने में सक्षम है। इसने बताया कि यह भारतीय धरती से एलवीएम 3 द्वारा लॉन्च किया गया अब तक का सबसे भारी पेलोड है। यह एलवीएम3-एम6 रॉकेट की छठी परिचालन उड़ान है और भारत के वाणिज्यिक अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

**उन्नाव सामूहिक...**

किया जा रहा हो, और वो डर के साए में जी रही हो। बलात्कारियों को ज़मानत और पीड़िताओं के साथ अपराधियों सा व्यवहार, ये कैसा न्याय है। श्री गांधी ने कहा कि हम सिर्फ़ एक मृत अर्थव्यवस्था ही नहीं है , बल्कि ऐसी अमानवीय घटनाओं के साथ हम एक मृत समाज भी बनते जा रहे हैं। लोकतंत्र में असहमति की आवाज़ उठाना अधिकार है और उसे दबाना अपराध। पीड़िता को सम्मान, सुरक्षा और न्याय मिलना चाहिए -न कि बेबसी, भय और अन्याय। गौरतलब है कि उन्नाव दुष्कर्म मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंजूर की है। पीड़िता का आरोप है कि इस अपराधी ने उसके ताऊ तथा उसके पिता की हत्या करवाई है और फिर उसकी बहन के साथ दुष्कर्म कर उसके चाचा को झूठे मामले में फंसाकर जेल भिजवाया है।

# समय-समय पर बजट की समीक्षा करें सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ अनुपूरक बजट पर नेता प्रतिपक्ष पांडेय ने सरकार को दी सलाह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने अनुपूरक बजट को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री समय-समय पर बजटीय समीक्षा करें, तो सरकार को समय रहते यह पता चल सकता है कि किस विभाग के पास कितना बजट उपलब्ध है।

पांडेय ने याद दिलाया कि पहले जिलों में कमेटियां बनाई जाती थीं, जो बजट की सिफारिश करती थीं, लेकिन सरकार ने इस व्यवस्था को बंद कर दिया है। अब इसे फिर से शुरू किया जाना चाहिए। अनुप. ूरक बजट पर चर्चा के दौरान बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अनुपूरक बजट लाना गलत नहीं है, लेकिन यह बहुत अच्छा भी नहीं कहा जा सकता। बजट बनाते समय सभी संभावनाओं पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि यह एक बड़ी और स्थापित परंपरा है। पांडेय ने कहा कि इस बार अनुप. ूरक बजट में करीब 24 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि मूल बजट में लगाए गए अनुमान की तुलना में सरकार को लगभग 30 प्रतिशत कम राजस्व प्राप्त हुआ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विकास कार्यों की बजाय प्रचार-प्रसार पर अधिक धन खर्च करना चाहती है। बजट की कमी होने पर थोड़ी-थोड़ी राशि खर्च कर काम चलाया जाता है। उन्होंने आवास विकास विभाग का जिक्र करते हुए कहा कि जिस बजट का प्रावधान किया गया, उसमें से लगभग 80 प्रतिशत राशि खर्च करने की अनुमति दी गई, लेकिन मूल बजट के अनुसार अब तक स्वीकृतियां जारी नहीं हुई हैं। दैवीय आपदाओं के मुआवजे का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि पैसा जारी होने के बाद तहस. ीलदार द्वारा वितरण किया जाता है, लेकिन बजट की कमी के कारण लोगों को मदद नहीं मिल पाती और वे नेताओं के चक्कर काटने को मजबूर होते हैं।

उन्होंने मांग की कि राजस्व विभाग को पूरा बजट उपलब्ध कराया जाए, ताकि जरूरतमंदों की समय पर सहायता हो सके। पांडेय ने कहा कि विपत्तियां अक्सर गरीबों के घरों में आती हैं, बड़े लोगों के घरों में नहीं। इसलिए सरकार को गरीबों का विशेष ख्याल रखना चाहिए और राहत व पुनर्वास के लिए पर्याप्त संसाधन सुनिश्चित करने चाहिए।

# कोडीन कफ सिरप वालों पर कब होगी कार्रवाई: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में लाखों लोगों को नशे का आदी बनाने वाली कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से बिक रही है, लेकिन राज्य सरकार ना इसकी बिक्री रोक पा रही है और ना ही इस धंधे से जुड़े लोगों को गिरफ्तार कर पा रही है।

कांग्रेस सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तर प्रदेश में कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से 40-45 रुपए में मिल रही है। इस कफ सिरप से लोग जबरदस्त नशे का शिकार हो रहे हैं। प्रदेश के बच्चे भी इस नशे की लत में आ रहे हैं और उनके परिवार उजड़ रहे हैं। किसी भी तरह का नशा-देश के सामने एक गंभीर समस्या है, जिस पर चर्चा जरूरी है। हालात ऐसे हो गए हैं कि सड़कों से लेकर स्कूल-कॉलेज के कैंपस में बड़ी आसानी से हर तरह का नशा उपलब्ध है। पहले चरस-गांजे, अफीम जैसे नशे की बात होती थी, लेकिन आज कफ सिरप का नशा उत्तर प्रदेश में फैल रहा है। उन्होंने कहा कि इस सिरप में कितना नशा है और इसके नशे की लत कितनी गहरी है इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के उन्नाव में आकाश नाम के एक लड़के को कफ सिरप के नशे की लत लग गई। उसकी लत छूटी नहीं और उसे यह सिरप आसानी से मिलता है।

# सास की कातिल शातिर पुत्रवधू व दामाद अरेस्ट

## चरित्रहीनता का विरोध करने पर उठाया खतरनाक कदम





**फिरोज बेग**

**रेहड़।** चरित्रहीनता का विरोध करने पुत्रवधू व दामाद ने सास को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने कातिल पुत्रवधू व दामाद को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम हसनपुर में 19 दिसंबर की रात को हुई महिला की हत्या का पर्दाफाश करते हुए उसकी पुत्रवधू और दामाद को गिरफ्तार किया है। पुत्रवधू और दामाद ने मिलकर अपनी 55 वर्षीय सास शमीमा खातून उर्फ सूफिया की हत्या की थी। सास पुत्रवधू और दामाद पर चरित्रहीनता का आरोप लगाकर पुत्रवधू से लड़ाई झगड़ा करती थी और उसे बदनाम करती थी। इसलिए उसने व उसके नंदोई मेहर अली ने पूर्व नियोजित योजना के अनुसार शमीमा खातून उर्फ सूफिया की हत्या कर दी। बीती 19 दिसंबर की रात थाना क्षेत्र के ग्राम हसनपुर में 55 वर्षीय महिला शमीमा खातून उर्फ सूफिया पत्नी स्व. जाबिर अंसारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुफरान अंसारी की सूचना पर पुलिस पहुंची और पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शमीमा खातून उर्फ सूफिया पत्नी स्व. जाबिर अंसारी अपने घर में अकेली रहती थी। महिला का इकलौता पुत्र शाहनवाज अंसारी पत्नी जैनब के साथ ससुराल ग्राम शरीफ नगर, थाना ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद में रहकर मजदूरी करता है। घटना से चार दिन पहले ही पुत्रवधू जैनब अपनी दो वर्षीय पुत्री के साथ अपनी ससुराल ग्राम हसनपुर आई थी। इसी दौरान 19 दिसंबर की रात शमीमा खातून उर्फ सूफिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मुंह दबाकर हत्या करना सामने आया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृतका के भाई निसार पुत्र अब्दुल वहीद निवासी ग्राम फजलाबाद परमानंदपुर उर्फ मानियावाला, थाना अफजलगढ़ ने 22 दिसंबर को मृतका की पुत्रवधू जैनब पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने शमीमा खातून उर्फ सूफिया की हत्या का पर्दाफाश करते हुए उसकी पुत्रवधू जैनब पत्नी शाहनवाज व दामाद मेहर आलम पुत्र शामीन निवासीगण ग्राम हसनपुर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

दूसरी तरफ क्षेत्र के ग्राम हसनपुर निवासी मेहर अली का घर मृतका शमीमा खातून उर्फ सूफिया के घर के सामने स्थित है। छह वर्ष पूर्व मेहर अली ने शमीमा खातून उर्फ सूफिया की पुत्री शहनाज से प्रेम विवाह किया था। शहनाज सात माह की गर्भवती भी है और उसके छोटे-छोटे तीन पुत्र हैं। मृतका शमीमा खातून उर्फ सूफिया आरोपी मेहर अली और जैनब की सगी सास थीं। जैनब और मेहर अली की नजदीकियों ने शहनाज और उसके भाई शाहनवाज अंसारी का घर बर्बाद कर दिया। ग्राम में इस चरित्रहीनता को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। सूत्रों का कहना है कि घरों की चारदीवारी के अंदर परिवारों में चरित्रहीनता का गुल खिल रहा है। अब पवित्र रिश्ते भी अपवित्र हो रहे है।

# तेज रफ्तार जिप्सी ने मारी टक्कर

## ऑटो खाई में गिरा, उपचार के दौरान महिला की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** स्योहारा मार्ग पर ग्राम हैजरी के समीप हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में ऑटो सवार महिला की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब सामने से आ रही जिप्सी ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरा। दुर्घटना में ऑटो सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान शाहीन (32 वर्ष) पत्नी नफीस अहमद निवासी तैयब सराय, शेरकोट के रूप में हुई है। बताया गया कि शाहीन अपने मायके मंसूर सराय, स्योहारा से ऑटो में सवार होकर अपने घर शेरकोट लौट रही थी। जैसे ही ऑटो ग्राम हैजरी के पास पहुंचा, तभी सामने से तेज गति से आ रही जिप्सी ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो सड़क से नीचे खाई में जा गिरा।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस और एम्बुलेंस सेवा को दी। 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल महिला को धामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए उपचार शुरू किया, लेकिन कुछ समय बाद महिला ने दम तोड़ दिया।

महिला की मौत की खबर मिलते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पति नफीस अहमद ने बताया कि शाहीन उनकी दूसरी पत्नी थी और उसके दो छोटे-छोटे बेटे हैं। अचानक हुए इस हादसे से पूरा परिवार सदमे में है।

घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी। साथ ही मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दी गई। परिजनों के अनुरोध पर पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम कराए बिना परिजनों को सौंप दिया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा को लेकर उचित कदम उठाने की मांग की है।

## फेसबुक पर की अश्लील सामग्री अपलोड, मुकदमा दर्ज

**धामपुर।** क्षेत्र में साइबर अपराध से जुड़ा एक मामला सामने आया है। एनसीआरबी पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज की गई थी, जिसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक सामग्री अपलोड किए जाने की शिकायत की गई थी। शिकायत के अवलोकन एवं प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने धामपुर क्षेत्र के पहाड़ी दरवाजा निवासी सुजल पुत्र सुधीर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। बताया गया है कि शिकायत में आरोप लगाया गया था कि संबंधित व्यक्ति द्वारा अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील एवं आपत्तिजनक सामग्री अपलोड की गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर अपराध से संबंधित प्रावधानों के अंतर्गत विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। प्रकरण में डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है तथा तकनीकी पहलुओं को भी ध्यान में रखा जा रहा है। जांच के दौरान साइबर सेल और संबंधित विभागों से भी सहयोग लिया जा रहा है, ताकि मामले की सच्चाई सामने आ सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक अथवा अवैध सामग्री का प्रसारण कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद विधिक प्रक्रिया के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी से करें और किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या अवैध सामग्री को साझा करने से बचें।

## एक नजर

### आरजेपी में निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता



**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस पर शासन के निर्देश पर कक्षा छह से 12 तक निबंध प्रतियोगिता। स्नातक व परास्नातक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन नोडल अधिकारी राकेश कुमार शर्मा व सह नोडल अधिकारी कैप्टन बिशनलाल की देखरेख में आयोजित हुआ। भाषण प्रतियोगिता में कृष्णा कॉलेज से सत्यम चौधरी प्रथम, साहू जैन कॉलेज नजीबाबाद से इंशिका कौशिक द्वितीय व गुलाब सिंह पीजी कॉलेज चांदपुर से अर्शी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में श्री विदुर गुरु ग्रह इंटर कॉलेज से अनादि शर्मा प्रथम, फैमिली कवि नजीबाबाद से महिदा द्वितीय एवं जीजीआईसी बिजनौर से भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक विशाल दुबे प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय शेरकोट, डॉ. अंजु बंसल प्रोफेसर वर्धमान कॉलेज, डॉ. अजय कुमार प्रोफेसर वर्धमान कॉलेज व निबंध प्रतियोगिता में शशी चौधरी एवं पूनम चौहान प्रवक्ता राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिजनौर रहे। भाषण प्रतियोगिता का संचालन चंद्रहास सिंह, निबंध प्रतियोगिता का संचालन बृजेश कुमार राजपूत ने किया। प्रतियोगिता में उप-प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, बालेश कुमार, नरेंद्र सिंह, सुधीर कुमार राजपूत आदि का विशेष सहयोग रहा।

### शेरपुर कल्याण में कांग्रेस की बैठक



**बिजनौर।** नहटौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शेरपुर कल्याणपुर में आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती हेनरीता राजीव सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक जिला सचिव होशियार सिंह द्वारा संचालित की गई। बैठक में मुख्य रूप से चुनाव आयोग द्वारा चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के मुद्दे पर चर्चा की गई। पूर्व आईएएस आर.के. सिंह ने मतदाताओं के नाम अनुचित ढंग से हटाए जाने की समस्या को प्रमुखता से उठाया और इसके खिलाफ आवाज बुलंद करने की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाध्यक्ष श्रीमती हेन. रीता राजीव सिंह ने कहा कि कांग्रेस मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में हरिराज सिंह, रामपाल सिंह, हिमांशु देवरा, अनिल त्यागी, काजी आतिफ, मूलचंद, सुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

### महाराजा शूरसेन जयंती आज



**नगीना।** सैनी समाज के अध्यक्ष महेंद्र सैनी ने जानकारी देते हुए बताया की कल (आज) महाराजा शूरसैन जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी तथा सुबह 10 बजे मौहल्ला चौधराना स्थित देवता मंदिर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो नहटौर चौक स्थित महाराजा शूरसेन जी की प्रतिमा पर पहुंचकर संपन्न होगी। इस अवसर पर महाराजा शूरसेन जी के जीवन परिचय पर आधारित एक विचार गोष्ठी भी आयोजित की जाएगी, जिसके मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा यशपाल सैनी होंगे। महेंद्र सैनी ने समाज के सभी नौजवानों और बुजुर्गों से कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सफल बनाने और महाराजा शूरसेन जी के बताए उसूलों पर चलने की अपील की है।

### नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान शुरू

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र के क्रम में जानकारी देते हुए बताया कि No Helmet No Fuel विषयक प्रदेशव्यापी विशेष अभियान पूर्व में एक सितम्बर 2025 से तीस सितम्बर 2025 तक सफलता पूर्वक संचालित किया गया था। जिसके परिणामस्वरूप हेलमेट उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। वर्तमान में सड़क सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के लिए उक्त अभियान पुनः 17 जनवरी 2026 तक संचालित किया जाना है। इसका उद्देश्य दो पहिया चालकों/पिलियन द्वारा हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग को सुनिश्चित करना है। यह पहल मोटर वाहन अधिनियम-1988 की धारा 129 (हेलमेट अनिवार्यता) एवं धारा 194-डी (उल्लंघन पर दण्ड) के अनुरूप है। विधिसम्मत हैं तथा सुप्रीम कोर्ट सड़क सुरक्षा समिति (SCCORS) की भावना के अनुरूप जनहितक. री कदम है। अतः उन्होंने जनपद बिजनौर के सभी फयूल पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देशित किया हैं कि वह किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालकों को पैट्रोल का विक्रय नहीं करेंगे, जिसके चालक एवं पिलियन ने हेलमेट नहीं पहना है। सभी फयूल पम्प संचालक एवं स्वामी यह भी सुनिश्चित करेंगें कि उनके प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरा सदैव सक्रिय रहें, ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके।

### पूर्व पीएम की प्रतिमा का अनावरण



**गंज।** किसान दिवस पर ग्राम पंचायत रेड़वा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्क परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख विजेन्द्र सिंह, खंड विकास अधिकारी श्री कुनाल रस्तौगी, ग्राम प्रधानपति नीरज, पूर्व चेयरमैन राकेश कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार, यशपाल सिंह एड., राजेन्द्र सिंह एड. आदि मौजूद थे।

### सन शाइन पब्लिक स्कूल में मनाया क्रिसमस डे



**नजीबाबाद।** सन शाइन पब्लिक स्कूल में आज छात्र-छात्राओं ने सांता क्लॉज का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने कविता नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्रबंधक विनोद मित्तल ने कहा कि यह ईसाई धर्म का सबसे बड़ा पर्व है।

# वेतन न मिलने पर बिजली संविदा कर्मियों का प्रदर्शन

## अधिशासी अभियंता कार्यालय पर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** उत्तर प्रदेश निविदा संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले बिजली विभाग के संविदा कर्मियों ने अधिशासी अभियंता कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन नवंबर माह का वेतन भुगतान न होने के विरोध में किया गया। बड़ी संख्या में एकत्र कर्मचारियों ने कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शीघ्र वेतन जारी करने की मांग की।

धरने पर बैठे वक्ताओं ने बताया कि संविदा कर्मचारी लंबे समय से पूरी निष्ठा और ईमानदारी से विभागीय कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि नवंबर माह का वेतन अब तक न मिलने के कारण उनके परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। बच्चों की स्कूल फीस, मकान किराया और अन्य घरेलू खर्चों को पूरा करने में उन्हें भारी कठिनाई हो रही है। वक्ताओं ने सरकार और विभाग से कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रुख अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमित वेतन भुगतान न होने से कर्मचारियों का मनोबल टूट रहा है, जिससे उनकी कार्यक्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यदि शीघ्र वेतन का भुगतान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

धरने में दर्जनों संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि जब तक उनके वेतन का भुगतान नहीं हो जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# मॉडर्न एरा में क्रिसमस की धूम

## सांता क्लॉज व परियों की वेशभूषा धारण कर स्कूल आए बच्चे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर क्रिसमस का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से बनाया गया। इसमें बाल वाटिका 1, 2, 3 एवं कक्षा एक से पांच तक के बच्चों ने प्रतिभाग लिया। बच्चे परियों की व सांता क्लॉज की वेशभूषा धारण करके स्कूल आए।

स्कूल में क्रिसमस की झांकी लगाई गई और कुछ बच्चों ने ईसा मसीह के जन्म से जुड़ी लघु नाटिका भी प्रस्तुत की। सभी बच्चे जिंगल बेल गाने पर खूब थिरके। संता बने बच्चों ने टॉफियां बांटी। मौके पर उपस्थित स्कूल की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉक्टर सीमा विश्वास ने बच्चों को केक खिलाया एवं टॉफियां बांटी। उन्होंने बच्चों को बताया कि 25 दिसंबर को ईसा मसीह का जन्म हुआ था। इसलिए प्रत्येक वर्ष 25 दिसंबर को यह पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है। वैसे तो यह ईसाइयों का प्रमुख त्यौहार है, किंतु विद्यालय में सर्व धर्म समन्वय का पाठ पढ़ाने के लिए हर त्यौहार को मानते हैं।

उन्होंने बताया कि किस प्रकार ईसा मसीह ने मानव सेवा के लिए अपना जीवन तक न्यौछावर कर दिया। हमें भी उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और मानव सेवा में अपना योगदान देना चाहिए।

यह समस्त कार्यक्रम मिस रेनू भगत की देखरेख में संपन्न हुआ और कार्यक्रम को सफल बनाने में मीनाक्षी शर्मा, रेनू सिंह, शालिनी तुली, दीपांशी माथुर, सामिया, शिवली, सुमिता खन्ना, गीतांजलि सिंह, गौरी विश्नोई, शैफाली शर्मा, हबीबा खान और समस्त अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।

# चालू पेराई सत्र का गन्ना भुगतान करने की मांग

**कोतवाली देहात।** बिलाई मिल गन्ना भुगतान को लेकर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक ग्राम शाहपुर सैदू में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि बिलाई मिल द्वारा इस वर्ष 52 दिन में लगभग 150 करोड़ रुपए का गन्ना खरीदा गया है, लेकिन बिलाई मिल द्वारा चालू पेराई सत्र का गन्ना भुगतान केवल दो दिन का ही किया गया है। बिलाई मिल के गन्ना किसानों को शादी विवाह, शिक्षा, बीमारी इत्यादि खर्चों में परेशानी आ रही है। जिसके कारण बिलाई मिल के किसान औने-पौने दामों में कोल्हू पर गन्ना बेचने को मजबूर हैं। अगर प्रशासन और मिल प्रबन्धन द्वारा शीघ्र बिलाई मिल के गन्ना भुगतान पर विचार कर भुगतान में तेजी नहीं लाई गई तो संगठन किसानों की गन्ना आपूर्ति बंद कराकर एक बड़ा आंदोलन शुरू करने को विवश होगा।

## एक नजर

### वन्य जीवों से रक्षा पर जोर



**कालागढ़।** शीतकाल के दौरान कॉर्बेट टाइगर रिजर्व एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं की संभावना में वृद्धि हो जाती है। पूर्व वर्षों में शीतकाल के दौरान मानव क्षति की घटनाएं सामने आ रही हैं। जिनका प्रमुख कारण ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं द्वारा घास एवं जलौनी लकड़ी एकत्र करने हेतु वन क्षेत्रों में प्रवेश कर रही है। इसी के दृष्टिगत इस वर्ष कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाए जा रहे है। क्षेत्र को अलर्ट घोषित किया गया है तथा वनकर्मियों द्वारा ग्रामों में गोष्ठियां, मुनादी अन्य माध्यमों से आमजन को लगातार जागरूक किया जा रहा है। सुरक्षा निर्देशों का पालन करने एवं वन क्षेत्रों में अनावश्यक प्रवेश से बचने की अपील की जा रही है।

### हाफिज-ए-तलबा को दुआओं से नवाजा



**सहसपुर।** नगर का सबसे पुराना व मशहूर मदरसा इस्लामिया मआरिफुल उलूम मौहल्ला सराय कला की अजीमुशशान अंजुमन तहजीबुल बयान का बीती देर शाम इखतितामी प्रोग्राम मदरसा के परिसर में मुंअकद हुआ। मदरसा हाजा के तलबा ने मुख्तलिफ तकरीर नातें और कुरान करोम की तिलावत खूबसूरत अंदाज में पेश की, जिनमें मौहम्मद फुजेल इबने रईससुलहसन साहब तालिब इल्म अरबी मदरसा हाजा ने भी जहेज और हमारा मआशरा के उनवान पर एक बहतरीन तकरीर पेश की। प्रोग्रम के आरिवर में मेहमाने मोहतरम हजरत मौलाना मुफ्ती मौहम्मद जकवान साहब (देवबन्दी), उस्ताद जामिया इस्लामिया जामा मस्जिद अमरोहा और हजरत मौलाना मुफ्ती इफतिवार साहब, उसतादृ जामिया इस्लामिया हुसैनिया दारूल उलूम चिल्ला अमरोहा ने नसीहतों से तलबा को नवाजा। नगर के समाजसेवी मेराजुद्दीन अंसारी, सैफुररहमान एम्पायर बुक डिपो आदि नगरवासी मौजूद रहे।

## दैनिक शाह टाइम्स की खबर का दिखा असर

# प्रशासन हरकत में, बस स्टैंड चौराहा बना सुरक्षित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर के सबसे व्यस्त बस स्टैंड चौराहे पर बच्चों व आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर दैनिक **शाह टाइम्स** में प्रकाशित खबर का असर अब साफ नजर आने लगा है। खबर सामने आते ही प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश जारी किए।

गौरतलब है कि **दैनिक शाह टाइम्स** में बस स्टैंड चौराहे पर स्कूली बच्चों व छात्र-छात्राओं को सड़क पार करने में हो रही भारी परेशानियों को प्रमुखता से उजागर किया गया था। समाचार में तेज रफ्तार लोडेड वाहनों, अव्यवस्थित यातायात और सुरक्षा इंतजामों की कमी पर चिंता जताई गई थी। खबर प्रकाशित होते ही जिम्मेदार विभाग हरकत में आ गए। प्रशासन के निर्देश पर बुधवार को बस स्टैंड चौराहे के दोनों ओर सुरक्षा बैरियर लगाए गए। बैरियर लगने से लोडेड व भारी वाहनों की गति पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है। नतीजतन, स्कूली बच्चों को सड़क पार करने में राहत मिली है और अभिभावकों में भी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ा है। स्थानीय नागरिकों व अभिभावकों ने त्वरित कार्रवाई पर संतोष जताते हुए कहा कि **शाह टाइम्स** के माध्यम से उठी जनसमस्याओं पर प्रशासन का तुरंत संज्ञान लेना प्रशंसनीय पहल है। लोगों का मानना है कि इससे प्रशासन की जनसंवेदनशीलता का स्पष्ट संदेश जाता है। नगरवासियों ने **दैनिक शाह टाइम्स** की भी खुलकर सराहना की है, जिसने जनहित के मुद्दे को मजबूती से उठाकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने में अहम भूमिका निभाई। लोगों को उम्मीद है कि आगे भी मीडिया और प्रशासन के सहयोग से नगर की अन्य समस्याओं का समाधान इसी तरह होता रहेगा।

कुल मिलाकर, बस स्टैंड चौराहा अब पहले से कहीं अधिक सुरक्षित नजर आ रहा है। यह मामला साबित करता है कि सकारात्मक पत्रकारिता और संवेदनशील प्रशासन मिलकर समाज में सार्थक और स्थायी बदलाव ला सकते हैं।

### चौकी प्रभारी कुलदीप व प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह का स्पष्ट संदेश



**झालू।** नगर के व्यस्त बस स्टैंड चौराहे पर बच्चों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर उठाए गए कदमों पर पुलिस प्रशासन ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। इस संबंध में चौकी प्रभारी व थाना प्रभारी ने स्पष्ट शब्दों में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह ने कहा कि बस स्टैंड चौराहा नगर का अत्यंत संवेदनशील और व्यस्त क्षेत्र है। बच्चों और आम जनता की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सुरक्षा बैरियर लगाए जाने से वाहनों की गति नियंत्रित हुई है और आगे भी पुलिस द्वारा लगातार निगरानी की जाएगी।



वहीं किशन अवतार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना हल्दौर ने कहा कि मीडिया के माध्यम से सामने आई समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की गई है। हमारा प्रयास है कि बस स्टैंड चौराहे पर यातायात व्यवस्था सुचारु रहे और स्कूली बच्चों सहित सभी नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करें। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा। दोनों अधिकारियों ने नागरिकों से भी अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके। पुलिस प्रशासन के इन बयानों से यह साफ है कि नगर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है, जिससे आम जनता में भरोसा और संतोष का माहौल बना हुआ है।

# एजुकोल में खेलकूद स्पर्धा का समापन

## विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में कक्षा तीन से कक्षा बारहवीं तक की छात्राओं के बीच आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ।


कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कक्षा छह से आठ तक की छात्राओं में अवनी बनवारिया ने व कक्षा नवीं से कक्षा बारहवीं की छात्राओं में युगांशी सिसोदिया ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक डॉ. लोकेंद्र सिंह ने छात्राओं के खेल कौशल, अनुशासन एवं विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्पोर्ट्स शिक्षिका साक्षी चौहान



के निर्देशन में 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, लॉग जंप, शॉट पुट, थ्री-लेग रेस, रिले रेस, खो-खो, बैडमिंटन, कबड्डी, जैवलिन, टग ऑफ वॉर जैसी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। पदक तालिका में ओलिविया हाउस 326 अंकों से प्रथम, क्लोपेटरा हाउस 255 अंकों से द्वितीय, पोर्सिया हाउस 251 अंकों से तृतीय, कॉर्डिल्या हाउस 227 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या मिस प्रीति अग्रवाल ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्राओं को कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि खेल में भाग लेना न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। संचालन शिक्षिका पारुल चौहान के निर्देशन में अदीबा सलीम, ख्याति चौहान, भूमि सैनी ने किया। प्रतियोगी छात्राओं में युगांशी, आशी, श्रेयांशी, अवनी, इशिका, भूमि, वर्णिका, रुही, परिधि, अंशिका, जीविका, सिद्धि, वंशिका, चेष्टा, जिज्ञासा, फातमा, राजलक्ष्मी, आयुषी, कंचन, लिबा, डिम्पल, आराध्या आदि रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में साक्षी दुआ, उषा रानी, जागृति ठाकुर, पारुल गोयल, आंचल चौहान, तनु गुप्ता, रश्मि चोपड़ा, आराधना कौशिक, रश्मि सिसोदिया, रूपाली शर्मा, मुस्कान, अरुण शर्मा, मनोज कुमार, लोहित कुमार व समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

# प्रगतिशील किसान सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** किसान दिवस के अवसर पर ग्राम कुम्हेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का कहना था कि भारत की आत्मा गांव में बसती है। चौधरी चरण सिंह ने किसान केंद्रित सोच से भूमि सुधार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि नीतियों से छोटे और बड़े किसानों को जोड़ा, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर आफ एग्रीकल्चर द्वारा क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुष्पेंद्र चौधरी ने तथा संचालन अवनीश निर्वाल ने किया। कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया, अस्सिटेंट रजिस्टार कोऑपरेटिव राजवीर सिंह, जिला गन्ना अधिकारी प्रभु नारायण सिंह, जितेंद्र मलिक, सोनू सैनी, कामेंद्र सिंह, आदेश चौधरी, विनोद कुमार, नीरज तोमर, पंकज राठी, अवधेश शर्मा, चमन सैनी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### भाकियू की समीक्षा बैठक



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन की समीक्षा बैठक किसानों की अनेक समस्याओं पर विचार विमर्श कर किया गया। समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही ने किसानों की समस्याओं एवं गन्ने का भुगतान देर से होने पर रोष जताया। साथ ही बास्टा रोड के शीघ्र ही बनवाये जाने पर जोर दिया। जिला महासचिव वीर सिंह डबास व कोतवाली ब्लॉक उपाध्यक्ष राजीव चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समीक्षा बैठक मे न्याय पंचायत अध्यक्षों व अधिकतर ग्राम अध्यक्ष भी उपस्थित रहने से समीक्षा बैठक सफल रही। इस मौके पर जिला अध्यक्ष द्वारा विनीत कुमार को ब्लॉक उपाध्यक्ष पद से नवाजा गया। बैठक में जिला संरक्षक बाबा रामफल मुखिया, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष संजीव कुमार, ब्लाक महासचिव यशवीर सिंह, तहसील महासचिव महिपाल सिंह भाटी, तहसील उपाध्यक्ष महबूब प्रधान, उस्मान अहमद, सतीश शर्मा, भूपेंद्र सिंह, वीर सिंह, सर्वेश शर्मा, ललित शर्मा, विपिन चौधरी, नगर अध्यक्ष आसिफ सिद्दीकी, नगर उपाध्यक्ष अनवर खान, नगर महासचिव जावेद अहमद, नगर उपाध्यक्ष इरफान खान, लाल सिंह भगत आदि उपस्थित रहे।

### विद्युत ट्रांसफार्मर रखने को सौंपा ज्ञापन



**चांदपुर।** ग्राम बकैना में बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे रहा है। बीते 15 दिसंबर की रात को चोरों ने गांव का ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया था, जिसकी शिकायत स्थानीय जेई और बबनपुर चौकी में दर्ज कराई गई थी। घटना के 8 दिन बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा नया ट्रांसफार्मर न लगाए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने अब बागड़पुर बिजली घर का घेराव का ऐलान कर दिया है। रवि चौधरी ने कहा कि बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और पशुओं के लिए पानी का संकट खड़ा हो गया है। घरेलू कामकाज पूरी तरह ठप हैं। जेई से संपर्क करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ट्रांसफार्मर चोरी होने से कुछ दिन पहले भी क्षेत्र से 7-8 ट्यूबवेलों के स्टार्टर चोरी हुए थे, उस रात भी बिजली पूरी रात कटी रही थी। पीड़ित किसानों ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंप कर चेतावनी दी है कि यदि अगले 24 से 48 घंटों के भीतर नया ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो बागड़पुर बिजली घर पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर देंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, नरेश सिंह, शिवराज सिंह, बॉबी, करनपाल, राकेश आदि किसान मौजूद रहे।

### बसंत कालीन गन्ना बुवाई पर कार्यशाला



**चांदपुर।** बिंदल पेपर्स शुगर मिल चांगीपुर के प्रांगण में विभाग एवं चीनी मिल स्टाफ की एक महत्वपूर्ण संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में चीनी मिल के वी.पी. जितेन्द्र मलिक, मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सहित समस्त गन्ना पर्यवेक्षक एवं फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे। जिला गन्ना अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी स्टाफ भौतिक परीक्षण कर लें, ताकि सीड ट्रैकिंग ऐप में सटीक आंकड़े दर्ज किए जा सकें। आगामी बुवाई सत्र में बीज की चुनौती को देखते हुए बीज आरक्षण को एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। जिला गन्ना अधिकारी ने चीनी मिल को निर्देशित किया कि लक्ष्य के अनुरूप बुवाई पूर्ण करें और बीज की कमी होने पर बाह्य स्रोतों से विभागीय दरों पर बीज उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कार्यशाला में वैज्ञानिकों के सुझावों के अनुरूप ट्राइकोडर्मा और थियोफैनेट मिथाइल के शत-प्रतिशत उपयोग पर जोर दिया गया। जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह ने स्पष्ट किया कि बीज धारक किसानों की सूची अविलंब गन्ना विकास परिषदों को उपलब्ध कराई जाए ताकि बुवाई सत्र निर्बाध रूप से संपन्न हो सके।

### गाली-गलौज व मारपीट का आरोप

**शेरकोट।** ग्राम हरेवली निवासी पीड़िता संतोष पत्नी स्व. मुकेश कुमार ने थाना शेरकोट में दी तहरीर में बताया कि 20 दिसंबर को शाम करीब 6 बजे वह अपने घर पर थीं। इसी दौरान पड़ोसी टीलू उर्फ रंजीत, मोनू, बाला देवी निवासी हरेवली ने उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट कर हाथ पर चोट पहुंचाई। आरोप है कि आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच उपनिरीक्षक संजय पाल को सौंप दी है। जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# खजूराजट में राजस्व टीम ने की चकरोड व खेतों की पैमाइश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव खजूराजट में चकरोड के विवाद को लेकर राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर पैमाईश की।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम खजुराजट में राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। बताया जाता है कि कल्याण सिंह व रामकली के बीच में चकरोड का विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर राजस्व विभाग की टीम ने चकरोड व आसपास के खेतों की पैमाइश की। पैमाईश के दौरान दोनों पक्ष व ग्रामीण मौजूद रहे। राजस्व विभाग की टीम ने दोनों पक्षों की मौजूदगी में पैमाइश की। इस मौके पर कानूनगो ओमवीर सिंह व लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि व पुलिस मौजूद रही। कानूनगो ओमवीर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की मौजूदगी में चकरोड की पैमाईश की गई है।

# वीरा कालेज में विषम सेमेस्टर परीक्षा शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले के प्रतिष्ठित तकनीकी कॉलेज कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं शांतिपूर्वक प्रारम्भ हुई।

कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक मनोज कुशवाहा ने बताया कि कुँवर सत्यवीरा कॉलेज जिले का सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिसमे बीआईटी मुजफ्फरनगर, आरवीआईटी बिजनौर, एनआईआईटी नजीबाबाद, विवेक कॉलेज बिजनौर, दिशा इंस्टीट्यूट धामपुर, वीकेआईटी बिजनौर और कृष्णा इंस्टीट्यूट बिजनौर, कृष्णा कॉलेज ऑफ फार्मेसी बिजनोर सहित लगभग 12 कॉलेज के लगभग 2500 छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे है। परीक्षा



## 31 जनवरी तक चलेगी परीक्षाएं

दो पालियों में सम्पन्न कराई जा रही हैं जिसमे बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए आदि कोर्सेस के छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। ये परीक्षाएं 31 जनवरी तक चलेंगी। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुचारु रूप से संचालित कराने के लिए धनश्याम सिंह (फिरोज गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज रायबरेली) को ओबजेर्वर नियुक्त किया गया है। इस अवसर संस्था निद. ेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल ने परीक्षा मे शामिल हुए सभी छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और बताया कि विश्वविद्यालय एवं कॉलेज की ओर से परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित कराने के लिए सारी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। हमारी प्राथमिकता है कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या न हो तथा संस्था व स्टाफ एकेटीयू नियमों का पालन कराते हुए दोष रहित परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध है। परीक्षा सम्पन्न कराने मे डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. लोकेश अग्रवाल, डा. शुएब अली खान, अंकित राजन अग्रवाल, डा. अजय उपाध्याय, गौरव गुप्ता, डा. शुभम राजपूत, डा. फैजल अंसारी, सुनील भारद्वाज, श्वेता गौड़, सुभाषचंद, फुरकान अहमद, एनपीएस भण्डारी आदि का विशेष सहयोग रहेगा।

# रेहड़ में ईदगाह का पुनर्निर्माण

## मुल्क में अमन व भाईचारे की दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** समीपवर्ती कस्बा रेहड़ में स्थित ईदगाह के पुनर्निर्माण के लिए संगे बुनियाद रखते हुए मदरसा जामिया उल उलूम नेजा सराय, अफजलगढ़ के मोहतमिम बुजुर्ग आलम ए दीन हजरत मौलाना शौकत अली ने कहा कि जो शख्स दुनिया में अल्लाह के घर की तामीर में हिस्सा लेता है, उसके लिए अल्लाह रब्बुल इज्जत की जानिब से जन्नत में महल तामीर किया जाएगा और जो अपने जान व माल को अल्लाह की राह में खर्च करें, तो आपके माल में बरकत होगी।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुसलमान परेशान न हो इंसान और



इंसानियत की भलाई के लिए काम करते रहो। दिल के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाते रहो। यही अल्लाह और अल्लाह के रसूल का पैगाम है। उन्होंने 18 वर्ष की उम्र पूरी होने वाले हर शख्स को अपना वोट बनवाने और इलेक्शन कमीशन एवं प्रशासन के मुताबिक अपने जरूरी कागजात बनवाकर रखने की भी हिदायत दी। ईदगाह कमेटी के सदर डॉ. अल्ताफ हुसैन साबरी की सादात व जनरल सेक्रेटरी अजीमुल शान नबील की निजामत में आयोजित कार्यक्रम में मौलाना शौकत अली मजाहिरी ने मुल्क में अमन चैन, भाईचारा, एकता, अखंडता व गुनाहों की तलाफी के लिए दुआ का एहतमाम किया।

इस मौके पर शहर इमाम मौलाना मौहम्मद यूनुस, ईदगाह कमेटी के नायब सदर अलहाज मास्टर सलीम अहमद, कोषाध्यक्ष सानू फरीदी, मौहम्मद आबिद, अंजार अहमद, कारी मौहम्मद इस्माइल, मौहम्मद अशरफ वगैराह मौजूद रहे।

# पुलिस-प्रशासन और संबंधित पक्षों के बीच वार्ता के बाद मामला शांत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** जानलेवा हमले के एक मामले में नामजद अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने के दौरान किरतपुर थाने में कुछ युवकों द्वारा पुलिस के काम में बाधा डाला गया। बाद में पुलिस-प्रशासन और संबंधित पक्षों के बीच वार्ता के बाद मामला शांत हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर की शाम पुलिस अभियुक्त कुलदीप पुत्र जागीर सिंह निवासी इस्लामपुर सादात को न्यायालय में पेश करने के लिए किरतपुर थाने से ले जा रही थी। इसी दौरान पंकज पुत्र राजवीर (ग्राम चौराहा), सौरभ पुत्र लोकेंद्र (ग्राम भरकी) एवं अंकित पुत्र विजय (ग्राम मिठारी) ने अभियुक्त को ले जाने का विरोध किया और गाड़ी के आगे बैठने का प्रयास किया। पुलिस का कहना है कि सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न होने के कारण तीनों युवकों को हिरासत में लिया गया। युवकों की हिरासत की सूचना मिलने पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) से जुड़े कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और अपनी बात रखने लगे। इस दौरान थाने पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे।देर रात एडिशनल एसपी व सीओ नजीबाबाद ने किसान प्रतिनिधियों से वार्ता की। वार्ता के दौरान युवकों द्वारा भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न करने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद स्थिति सामान्य हो गई और एकत्रित लोग शांतिपूर्वक लौट गए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। वहीं किसी भी पक्ष को अपनी बात शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से रखने का अधिकार है। अंत में विरोध कर रहे तीनों युवकों को गणमान्य लोगों की सुपुर्दगी में दे दिया गया।

## एक नजर

### अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलटी

**शेरकोट।** सवारी लेकर अफजलगढ़ की ओर जा रही ई-रिक्शा जब हाईवे स्थित घोसियावाला की पुलिया के नजदीक पहुंची तो ई-रिक्शा के सामने अचानक निराश्रित पशु आ गया। जिससे बचने के प्रयास में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ई-रिक्शा सवार अफजलगढ़ निवासी रहमान, आदिल, फिरोजा, महताब व दिनेश चोटिल हो गए। राहगीरों की मदद से ई-रिक्शा को सीधा कराया गया। गनीमत रही कि किसी को कोई गम्भीर चोट नही आई।

### नूरपुर में साहिल अरेस्ट

**नूरपुर।** वादी ने कल थाना नूरपुर में तहरीर दी थी कि अभियुक्त मुन्ना पुत्र जुल्फकार कुरैशी निवासी मौहल्ला मौहम्मद नगर ने अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसके पुत्र व दो अन्य व्यक्तियों के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट की। जिसमें वादी का पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 115 (2) व 109 (1) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। अभियोग में मुख्य अभियुक्त मुन्ना के साथ अमन पुत्र खुर्शीद निवासी मौहल्ला इस्लामनगर व साहिल पुत्र इदरीस निवासी मौहल्ला रविदास नगर सहित एक किशोर का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने साहिल को गिरफ्तार कर लिया हैं, जबकि किशोर को अभीरक्षा में लिया गया है।

### स्वर्णकार कला बोर्ड के गठन की मांग




**स्योहारा।** लखनऊ के आनंदी वाटर पार्क एवं रिसॉर्ट में ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एवं ज्वैलर्स एसोसिएशन का राष्ट्रीय महाधिवेशन भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में भारत के साथ-साथ नेपाल, भूटान और कनाडा से भी स्वर्णकार समाज एवं ज्वैलर्स संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। महाधिवेशन में देशभर से 250 से अधिक जिलाध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष सहित लगभग 6000 प्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं करीब 500 महिला पदाधिकारियों की सहभागिता भी रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा, राष्ट्रीय संरक्षक अरुण कुमार वर्मा, लोकेश अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह, उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी चन्द्र प्रकाश बाटा, प्रदेश अध्यक्ष मनोज वर्मा एवं स्योहारा व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के पुत्र जिला अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने मंच से प्रमुख मांगें रखी। वक्ताओं ने प्रदेश में स्वर्णकार कला बोर्ड के गठन की मांग करते हुए कहा कि बीएनएस की धारा 317-318 के तहत निर्दोष व्यापारियों का उत्पीड़न बंद होना चाहिए।

# कैंप में एक पुरुष व 14 महिलाओं की नसबंदी

**अफजलगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए नसबंदी कैंप में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने एवं महिलाओं ने कैंप में पहुंचकर अपनी नसबंदी कराई, जिसमें 14 महिलाओं व एक पुरुष ने अपना पंजीकरण कराया और नसबंदी करा कर अन्य लोगों को नसबंदी के लिए जागरूक किया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही परिवार नियोजन योजना के अन्तर्गत बढ़ती जनसंख्या के नियंत्रण के प्रति लोगों को जागरूक किया और इस पर प्रतिबंध लगाने के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर नसबंदी कैंप का आयोजन किया जाता है। नसबंदी कैंप में एआरओ कल्याण सिंह, बीसीपीएम विमलेश, गीता देवी, वीरवती देवी, रेनू लता, बबीता आदि समस्त डॉक्टरों का स्टाफ मौजूद रहा।

# आरआर मोरारका स्कूल में वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** द्वारिकेश शुगर मिल लिमिटेड की यूनिट आरआर मोरारका पब्लिक स्कूल में 27वां वार्षिकोत्सव अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं उल्लास पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति से महकता रहा। वार्षिकोत्सव की थीम The Rhythm of life "Roots and Rivers" रही। जिसके माध्यम से जीवन की लय, परंपराओं से जुड़ाव तथा निरंतर प्रवाह का सशक्त संदेश दिया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमांडर सुरेंद्र सिंह सेवा निवृत भारतीय नौसेना के एक वशिष्ठ एवं सम्मानित पूर्व अधिकारी रहे। प्रबंधक व द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चीफ जरनल मैनेजर (एचआरडी), सुदर्शन सिंह शेखावत तथा द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड. के सीनियर एक्सक्यूटिव वाइस प्रजिडेंट (कार्पोरेट) सलिल स्वरूप आर्य कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथी रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुचित्रा मालवीय, उप प्रधानाचार्य अनिल बिंजोला व मुख्य अध्यापिका सरला शेखावत ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। विद्यार्थियों ने मां सरस्वती वंदना और स्वागत नृत्य के साथ



कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधानाचार्या सुचित्रा मालवीय ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से विद्यालय की उपलब्धियों से अतिथियों को अवगत कराया। इसके उपरांत समूह गान ये कौन चित्रकार है..' गीत के माध्यम से प्रकृति के नजदीक महसूस करवाया। थीम पर आधारित मुख्य प्रस्तुति के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा योग, स्केटिंग एवं होला हूप का समन्वित प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने शारीरिक संतुलन, अनुशासन, साहस, तालमेल और एकाग्रता का अद्भुत प्रदर्शन किया। मंच पर उनकी लयद्धता, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास स्पष्ट रूप से झलक रहा था। जिसे देखकर दर्शक मंत्र मुक्त हो गए और तालियों से बच्चों का उत्साह वर्धन किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने घोड़े जैसी चाल हाथी जैसी दुम... गीत पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। इसी क्रम में प्रस्तुत नाट्य एवं सांस्कृतिक अंशों के माध्यम से जड़ों से जुड़ाव, प्रकृति संरक्षण, जीवन मूल्यों और नदियों के महत्व को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। लोक नृत्य, आधुनिक नृत्य, पंजाबी डांस के प्रस्तुतियों ने समारोह को और अधिक रंगारंग बना दिया।

कार्यक्रम के मध्य चरण में पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यालय की वार्षिक उपलाधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। जिसमें शैक्षिक, सह शैक्षिक, खेलकूद एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की उपलाधियों को प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया गया। संचालन विद्यालय के शिक्षकों आशीष नैथानी एवं नंदा बल्लभ जोशी द्वारा अत्यंत प्रभावी, सुस्पष्ट एवं आत्मविश्वास पूर्ण ढंग से किया गया। जिससे पूरे कार्यकाल की कड़ियां सुचारू रूप से जुड़ी रहीं। मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह व विशिष्ट अतिथि सुदर्शन सिंह शेखावत द्वारा शिक्षा सत्र 2024-25 में अपनी-अपनी कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन व सर्वाधिक अंक पाने वाले कक्षा तीन से लेकर कक्षा 12 तक के 13 विद्यार्थियों नव्या विश्नोई, वर्णिका गुप्ता, शादान अहमद, आरोही सिंह, दिव्यम राजपूत, आराध्या अग्रवाल, धनंजय सिंह गहलौत, श्रेय कुमार, माधव गर्ग, विनायक अग्रवाल, ऋत्विक अरोड़ा को छात्रवृत्ति धनराशि व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों में जूनियर वर्ग से अनुश्री राजपूत व सीनियर वर्ग से विनायक अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया।

सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से संबंधित शतरंज में भास्कर कुमार चौहान और वैभवी सिंह, कैरम में रितिक कुमार, टेबल टेनिस में धैर्य भारद्वाज, खो-खो में खुशबू डोडवाल, फुटबॉल में उमंग चौहान, बैडमिंटन में फहाद दिलशाद और गौरंगी शर्मा, क्रिकेट में अनमोल तोमर व बास्केटबॉल में काव्य अग्रवाल को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सत्र 2024-25 की सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक ट्रॉफी व सर्वश्रेष्ठ सदन ट्रॉफी विवेकानंद सदन ने प्राप्त कीं। सर्वश्रेष्ठ गतिविधि ट्रॉफी पटेल सदन ने व खेल ट्रॉफी भगत सदन ने प्राप्त कीं। मुख्य अतिथि कमांडर सुरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा एवं अनुशासन की सराहना की। विद्यालय के सांस्कृतिक वातावरण एवं प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी शिक्षकगण, प्रशिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों के अभिभावकों आभार व्यक्त किया गया। पूरा आयोजन अत्यंत प्रेरणादायक एवं स्मरणीय रहा। कार्यक्रम के समापन की ओर बढ़ते हुए राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम को विराम दिया गया।

# ठंड के कारण स्कूलों में छात्रों की संख्या कम

**शेरकोट।** लगातार बढ़ती ठंड और शीत लहर का असर अब आम जनजीवन के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था पर भी साफ दिखाई देने लगा है। कड़ाके की ठंड के कारण स्कूलों में छात्रों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। सुबह के समय तापमान काफी नीचे चले जाने से अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने में हिचकिचा रहे हैं।

सरकारी और निजी दोनों ही स्कूलों में उपस्थिति में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। कई विद्यालयों में जहां सामान्य दिनों में 80 से 90 प्रतिशत उपस्थिति रहती थी। वहीं अब यह घटकर 30 से 50 प्रतिशत तक रह गई है। छोटे बच्चों के साथ-साथ उच्च कक्षाओं के छात्र भी ठंड के कारण स्कूल आने से बच रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि सुबह-सुबह ठंडी हवाएं और कोहरा बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। वहीं शिक्षकों का भी मानना है कि कम उपस्थिति के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है और पाठ्यक्रम पूरा करना चुनौती बनता जा रहा है। स्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग से स्कूलों के समय में बदलाव या अवकाश की मांग की जा रही है।

**कार्यालय नगर पंचायत**
**मण्डावर, जनपद-बिजनौर**
पत्रांक-419/न.पं.मण्डावर/ 2025-26
दिनांक- 22 दिसम्बर, 2025
अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147
(2) यू.पी.म्यू. एक्ट-1916

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मण्डावर, जनपद-बिजनौर के गृहकर व जलकर लगाने हेतु प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न शपथ पत्र व भूमि सम्बन्धित प्रपत्र प्रस्तुत कर गृहकर व जलकर लगाने का अनुरोध किया गया है। जिनका विवरण निम्नवत है- क्र. सं. 1 **प्रार्थी का नाम व पता** श्रीमती पूनम देवी पत्नी श्री ब्रजवीर सिंह निवासी ग्राम मौज्जमपुर सुजान, पोस्ट मौहम्मदपुर देवमल, जिला बिजनौर **संलग्नक अभिलेख** बैनामा-वही संख्या 01 जिल्द सं. 13857 के पृष्ट 177 से 196 तक क्रमांक 19331 पर दिनांक 12.12.2024 को रजिस्ट्रीकृत की छायाप्रति। अतः उक्त सम्पत्ति के दर्ज होने के संबंध में अगर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह विज्ञप्ती प्रकाशन की दिनांक से 15 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित आपत्ति लिखित रूप में कार्यालय नगर पंचायत मंडावर में प्रस्तुत कर सकते हैं। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की स्थिति में आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## एक नजर

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता दो व तीन को

**बिजनौर।** जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सांसद खेल स्पर्धा योजना के अन्तर्गत जनपद बिजनौर में विभिन्न खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन 02 एवं 03 जनवरी 2026 को नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों एवं जिलाधिकारी के आदेशों के अनुपालन में यह प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिताओं में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबॉल, बैडमिन्टन, भारोत्तोलन, कुश्ती एवं फुटबाल खेलों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी खेल प्रतियोगिताएं नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में सम्पन्न होंगी।

### स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस मनाया




**धामपुर।** वैदिक यज्ञ प्रचार समिति द्वारा स्वामी श्रद्धानंद जी का 99 बलिदान दिवस बहुत ही श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम स्टेट बैंक कॉलोनी स्थित सत्येंद्र शर्मा के आवास में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम यज्ञ किया गया। यज्ञ के यज्ञमान सत्येंद्र शर्मा मा. शिवकुमार रहे। यज्ञ आलोक आर्य ने संपन्न कराया। इसके उपरान्त महाशय घसीराम विक्रम देव मनोहरी ने भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया। मास्टर शिव कुमार ने श्रद्धानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया स्वामी श्रद्धानंद जी ग्रुप कांगड़ी ज्वालापुर स्थापना कर गुरुकुलित प्रथा को आगे बढ़ाएं। स्वामी श्रद्धानंद ने इस देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 23 दिसंबर 1926 को मुस्लिम युवक ने धोखे से गोली मारकर हत्या कर दी। पंडित सत्येंद्र शर्मा ने कहां स्वामी श्रद्धानंद पहले मुंशी राम जाने माने वकील थे और बरेली में देव दयानंद के दर्शन पाकर वकालत छोड़ दी और अध्यात्म मार्ग पर चल पड़े। दिल्ली की जामा मस्जिद पर वेद मंत्र पढ़कर जनता को सम्बोधित किया। स्वामी श्रद्धानंद एक निर्भीक सन्यासी थे। कार्यक्रम में सुशील कुमार सिल्लू हलवाई, डॉ. दिनेश कुमार, सत्यपाल सिंह, अखिलेश अग्रवाल, बालक राम आर्य, सत्येंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, आलोक आर्य, देवेंद्र अग्रवाल, योगराज सिंह, श्रीमती रेखा रान,ी दोदराज सिंह आदि उपस्थित रहे।

### सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ



**धामपुर।** ग्राम जैतरा की आदर्श कॉलोनी स्थित राधेश्याम के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं यह भजन सबको खूब पसंद आया, सबने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में राधेश्याम, सुमन लता, कनिक प्रताप सिंह, वैशाली, तृप्ति, सोनाक्षी, ओपी सिंह, आतिश कुमार, विनय कुमार, सत्येंद्र चौधरी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, संदीप शर्मा, राम प्रकाश वर्मा, जगदीश अरोड़ा, संजीव भारद्वाज, विजय शर्मा, प्रवेश मिश्रा आदि शामिल रहे। अंत में बजरंग. बली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सबने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### ओवरटेक करते गड्ढे में पलटी कार



**नांगल सोती।** वाहन को ओवरटेक करते समय साइड लगने से एक कार सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में कार सवार लोग बाल-बाल बच गए। गांव भागूवाला निवासी अनीस अहमद आज दोपहर अपनी कार से बिजनौर जा रहा था। नांगल-चंदक मार्ग पर ग्राम महमसापुर के समीप दूसरी कार से ओवरटेक करते समय साइड लगने से कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में कार सवार पांच लोग बाल बाल बच गए, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

### आपदा मित्रों के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने बताया कि किसी भी आपदा की स्थिति में आपदा से प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए स्वयंसेवकों की आवश्यकता होती है। आपदा की स्थिति में आमजन की जान व माल की सुरक्षा एवं उनको सहायता पहुंचाने के दृष्टिगत उ.प्र. सरकार स्वयंसेवकों का चयन कर उनको आपदा मित्र के रूप में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिजनौर द्वारा प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने उक्त संबंध में जिला बिजनौर के सभी नागरिकों का आह्वान किया है कि आपदा मित्र बनने के लिए अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करें। उन्होंने आपदा मित्रों के चयन के लिए पात्रता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक की आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष की बीच होनी चाहिए एवं पूर्व सेना अधिकारियों और सेवा निवृत्त, चिकित्सा पेशेवरों, सिविल इंजिनियरों के लिए सीमा आयु में छूट की सुविधा प्रदान की जाएगी। आपदा राहत अभियानों में स्वयंसेवा का पूर्व अनुभव रखने वाले व्यक्तियों तथा तैराकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### भारत विकास समिति ने बांटे कंबल



**चांदपुर।** भारत विकास समिति द्वारा कड़ाके की सर्दी से गरीब परिवारों को बचाने मे उनकी मदद करते हुए सैकड़ों की संख्या मे कंबल बांटकर पुण्य का काम किया है। समिति जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में तहसील सभागार में 100 लिहाफों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपजिलाअधिकारी, तहसीलदार, समाजसेवी सिनेमा उद्यमी गोविंद मित्तल, चौधरी वीर सिंह, कुलदीप सिंह एड., सुरेंद्र सिंह एड., इंतजार अहमद एड., राजीव गर्ग एड., नीरज तिवारी एड., जीशानुद्दीन एड., संदीप कुमार एड., सोमपाल सिंह एडवोकेट, महेंद्र सिंह धोनी एड. आदि उपस्थित रहे।


# दुकानदार को जान से मारने की धमकी

## दुकान के सामने रखे मिले धमकी भरे पर्चे और दो जिंदा कारतूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** दुकान के सामने दो धमकी भरे पर्चे और जिंदा कारतूस डालकर एक दुकानदार को जान से मारने और गांव छोड़ने की धमकी मिली है। इस मामले में पुलिस जांच में जुटी है।





थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय नसीम अहमद पुत्र मुन्ने ने अपने घर एक परचून की दुकान कर रखी है। बीती रात दुकानदार दुकान बंद करके घर में सो गया। बुधवार की सुबह 7 बजे के करीब जब वह अपनी दुकान खोलने के लिए पहुंचा तो उसने देखा कि दुकान के सामने रबर बैंड लगे दो पर्चे पड़े है। जब दुकानदार ने पर्चे खोलकर देखे तो दोनों पर्चो में दो जिंदा कारतूस रखे है, जिन्हें देखकर दुकानदार के होश उड़ गए। दुकानदार ने पर्चो को पढ़ा तो उसमें धमकी देते हुए लिखा था कि एक माह के अंदर दुकान बंद करके गांव छोड़ दे नहीं तो जान से मार देंगे। इसके बाद उक्त दुकानदार डर से भयभीत हो गया और इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना पर डायल 112 की गाड़ी मौके पर पहुंची और दोनों पर्चो और कारतूसों को अपने कब्जे में ले आई । इस मामले में दुकानदार ने नांगल पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। घटना के बारे नजीबाबाद पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की जा रही है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## लेफ्टिनेंट बनने पर छात्र का विद्यालय में जोरदार स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** विद्यालय के छात्र के लेफ्टिनेंट बनने पर विद्यालय परिवार ने अपने छात्र का विद्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया।

स्प्रिंग फील्ड अकादमी में वर्ष 2013 के पास आउट सक्षम कुमार पुत्र ओमेंद्र सिंह निवासी जालपुर के लेफ्टिनेंट बनने के उपलक्ष में उनको सम्मानित करने के लिए विद्यालय में आमंत्रित किया गया। प्रार्थना सभा में सक्षम कुमार ने अपने संघर्ष और अनुभव बताते हुए बच्चों को अनुशासन, कठोर परिश्रम और एक लक्ष्य के लिए एकाग्रचित होकर तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कक्षा 11 और 12 के छात्र-छात्राओं को सफलता के लिए बहुत से टिप्स भी दिये। बच्चों ने उनका खुले दिल से स्वागत किया। कक्षा 9 की छात्राओं ने शिक्षिकाओं चेतना, संतोष और सारिका के साथ स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या डॉ .करुणा शर्मा ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कराकर लेफ्टिनेंट सक्षम को तिलक किया और प्रबंधक कुलदीप सिंह के साथ विद्यालय की ओर से एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

प्रबंधक कुलदीप सिंह ने इस पल को हर्षित और गौरवान्वित करने वाला पल बताया।

## केएस एकेडमी में मैथ्स ओलिंपियाड




**कोतवाली देहात।** के.एस. चिल्ड्रंस एकेडमी के विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि जागृत करने, उनकी तार्किक सोच, त्वरित निर्णय क्षमता तथा आत्मविश्वास को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इंटर हाउस गणित क्विज प्रतियोगिता का भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता का मंच संचालन मानसी अग्रवाल द्वारा अत्यंत प्रभावशाली, ऊर्जावान एवं अनुशासित ढंग से किया गया। जबकि गणित विभाग के एच.ओ.डी. दीपक कुमार ने निष्पक्ष एवं सूझबूझपूर्ण निर्णय देकर निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता को विद्यार्थियों के लिए अधिक रोचक एवं चुनौतीपूर्ण बनाने हेतु इसे चार चरणों में विभाजित किया गया, जिसमें प्रथम जनरल राउंड का संचालन मितुल मैडम द्वारा, द्वितीय रैपिड फायर राउंड का संचालन कशिश वर्मा द्वारा, तृतीय स्लिप राउंड का संचालन शिव कुमार द्वारा तथा चतुर्थ एवं अंतिम बजर राउंड का संचालन स्वयं मानसी अग्रवाल द्वारा किया गय। यह प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर दोनों वर्गों में आयोजित की गई, जिसमें जूनियर वर्ग में एयर हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉटर हाउस द्वितीय एवं फायर हाउस तृतीय स्थान पर रहा। वहीं सीनियर वर्ग में भी एयर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की, जबकि अर्थ हाउस ने द्वितीय एवं फायर हाउस ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य इन्द्रपाल सिंह ने सभी प्रतिभागी एवं विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

# प्रियंका स्कूल में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया

## विद्यार्थियों ने गीत व नृत्य के मनमोहक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न स्कूल में 'क्रिसमस डे' कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मंच से गीत व नृत्य के मनमोहक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



विद्यालय के शिक्षकों ने गीतों के माध्यम से यीशू मसीह के प्रेम व करूणा के संदेश को मार्मिकता से व्यक्त किया। स्कूल में चार हाउसों (अशोका, शिवाजी, महाराणा प्रताप व विक्रमादित्य) के मध्य वर्ष भर की विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अकादमिक आदि का परिणाम भी घोषित किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शिवाजी हाउस को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस हाउस का मार्गदर्शन शिक्षक संजय चौहान, परमेन्द्र चौहान, विनीता शर्मा, अंजुलता, दीपाली सिंह, रचना जैन, मरियम, दीपा राणा, पूर्णिमा गौड़ और अनुराधा अदि ने किया था। परिणाम की घोषणा के बाद शिक्षकों और विद्यार्थियों में उत्साह सांतवे आसमान पर था। आज की सभा का संचालन शिक्षिका रीता राणा द्वारा किया गया। अंत में प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि त्यौहार संस्कृति की धरोहर हैं। इनसे समाज में शांति व सौहार्द की भावना फैलती है। कार्यक्रम में बी. पॉल, मंयक कौशिक, राजीव चौहान, एसके देवरा, तबरेज खान, बेन बेली और शुभम अग्रवाल आदि का विशेष योगदान रहा।

## शरारती तत्वों ने रोडवेज बसों के शीशे तोड़े

**नांगल सोती।** शरारती तत्वों ने बस स्टैंड पर खड़ी तीन बसों के शीशे तोड़ डाले, जिससे बस मालिकों का हजारों का नुकसान हो गया। आज बस स्वामी मोहित राणा और वीरेंद्र कुमार निवासी सौफ्तपुर थाना नांगल और बुध सिंह निवासी मंडावर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अलग अलग तीन बसें अनुबंध करके बिजनौर डिपो में संचालित कर रखी है, तीनों बसों का संचालन अधिकतर बिजनौर भागुवाला मार्ग पर किया जाता है। बीती की रात कार्य समाप्त करने के बाद तीनों बस के ड्राइवरों ने तीनों बसे नांगल बस स्टैंड पर खड़ी की थी। बुधवार की सुबह जब ड्रॉवर बसों के पास पहुंचे तो देखा कि तीनों बसों के शीशे टूटे पड़े है। बस मालिकों ने पुलिस से घटना के खुलासे की मांग की है।




# नुमाइश ग्राउंड में लगी कृषि प्रदर्शनी

## डीएम ने की जैविक खेती अपनाने की अपील, विभिन्न विभागों ने 40 स्टॉल लगाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नुमाइश ग्राउंड में किसान सम्मान दिवस के अवसर पर एक कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह गोष्ठी जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन 'आत्मा' योजना के तहत हुई। इसका आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के मौके पर किया गया।



इस अवसर पर कृषि से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा लगभग 40 स्टॉल लगाए गए। इनमें कृषि, भूमि संरक्षण, जिला सहकारी बैंक, उद्यान, मत्स्य, गन्ना, पशुपालन, डेयरी और सहकारिता विभाग शामिल थे। निजी थोक विक्रेताओं और कंपनियों ने भी उर्वरक, बीज तथा कृषि रक्षा रसायन के स्टॉल लगाए, जिनका जिलाधिकारी ने विस्तृत निरीक्षण किया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर ने किसानों से जैविक खेती अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि जैविक खेती से किसानों की आय में लगातार वृद्धि हो रही है और यह स्वास्थ्य के साथ-साथ भूमि की उर्वरता क्षमता के लिए भी लाभकारी है।

जिलाधिकारी ने किसानों को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार फसल पद्धति अपनाने की सलाह दी और चौधरी चरण सिंह के आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ कृषकों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन और कृषि विभाग प्रतिबद्ध हैं।

उप कृषि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा ने अपने संबोधन में चौधरी चरण सिंह के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी के आजादी के आह्वान से प्रेरित होकर चौधरी साहब स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हुए। उन्होंने गांवों में बैठकें कर गरीब किसानों और शोषित वर्ग का एक समूह गठित किया और आजादी के बाद प्रदेश सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए सराहनीय कार्य किए।

प्रदेश के कृषि मंत्री एवं मुख्यमंत्री तथा भारत सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में उनकी ख्याति आज भी विद्यमान है। साथ ही जनपद में कृषि विभाग में चल रही योजनाओं एवं देय अनुदान के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

जिला कृषि अधिकारी द्वारा गोष्ठी में आये किसान से रबी फसलों की सही प्रजाति का चयन, समय से बुवाई, बीज शोधन, संतुलित उर्वरक व समय से सिंचाई कर अधिक उत्पादन प्राप्त करने के विषय में तकनीकी जानकारी दी गयी।

कृषि विज्ञान केन्द्र की वैज्ञानिक द्वारा स्ट्रॉबेरी, अमरूद, ड्रैगन फ्रूट की खेती की तकनीकी जानकारी के बारे में तथा डा पिन्टू कुमार द्वारा कृषकों को तिलहन, दलहन फसलों यथा राई/सरसों, तोरिया, मसूर, चना, अरहर आदि के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी।

किसान सम्मान दिवस के अवसर पर कृषि व अन्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कृषि के गन्ना विभाग , उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग,मत्स्य विभाग के 90 कृषकों को जिलाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन, नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह, डॉ घनश्याम वर्मा उप कृषि निदेशक, जसवीर सिंह तेवतिया जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, लीड बैंक अधिकारी बिजनौर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पीएन सिंह जिला गन्ना अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी सहित जनपद के समस्त विकास खण्डों से भारी संख्या में किसान शामिल हुए।

## एक नजर

### मॉक ड्रिल का आयोजन



**नजीबाबाद।** स्थित किसान सहकारी चीनी मिल में अग्निशमन टीम द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान आग बुझाने के तरीकों का प्रदर्शन किया गया और कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। यह मॉक ड्रिल अग्निशमन प्रभारी के.एस. जादौन के नेतृत्व में संपन्न हुई। यह बिजनौर जनपद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर आयोजित की गई थी। अग्निशमन टीम ने चीनी मिल पहुंचकर आग बुझाने के विभिन्न साधनों और तरीकों के बारे में जानक. ारी दी। वास्तविक आग लगाकर एक मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया गया। जिससे कर्मचारियों को आपात स्थिति से निपटने का व्यावहारिक अनुभव मिल सके। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य मिल के समस्त स्टाफ को अग्नि बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करना था। मॉक ड्रिल के दौरान सहक. ारी चीनी मिल का पूरा स्टाफ मौजूद रहा और उन्होंने इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया। क्रॉप केयर ऑर्गेनाइजेशन अकबरपुर आंवला जोगीरम्पुरी रोड में भी मॉक ड्रिल कराई गई। जिसमें आग से सब बचाओ पर उपकरण चलाने के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

### चौ. चरण सिंह को अर्पित की पुष्पांजलि



**नजीबाबाद।** राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज साहनपुर में किसान दिवस के अवसर पर किसानों के मसीहा, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके उनके जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला गया। शिक्षक अरुण दीक्षित स्वच्छंद ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपनी वकालत के व्यवसाय को छोड़कर अपना जीवन गांधी के साथ जुड़कर देश की आजादी के आंदोलनों को समर्पित कर दिया था। उन्होंने आजादी के बाद देश में जमींदारी प्रथा के उन्मूलन में अहम भूमिका निभाई। वे हमेशा जनता के प्रति समर्पित रहे। वे सादा जीवन उच्च विचार में विश्वास रखते थे। शिक्षक नरेंद्र कुमार ने उनको किसानों का मसीहा बताया। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राजेश कुमार, रजनीश सागर, चेतन स्वरूप, हरिदेव सरोज, शिल्पी वर्मा, योगाचार्य अरुण राजपूत, दीपांशी, अभिषेक, नसीम अहमद, नीरज कुमार, अर्जुन सिंह, शाजिया खान, अक्सा राजपूत, लक्ष्मी चौहान, अनीता त्यागी, रुखसाना, दिव्यांजलि, लक्ष्मी कुमारी आदि मौजूद रहे।

### क्रिसमस पर्व पर शोभायात्रा निकाली



**अफजलगढ़।** क्रिसमस पर्व के उपलक्ष्य में ईसाई समुदाय द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह के जन्म का पवित्र संदेश दिया गया। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। मंगलवार को शोभायात्रा का शुभारंभ थाना क्षेत्र स्थित सेंट मैरी स्कूल से हुई। यह नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कालागढ़ रोड के रास्ते भिकाकावाला में संपन्न हुई। शोभायात्रा में ईसाई समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। शोभा यात्रा में क्रिसमस से संबंधित सुंदर झांकियों के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह के जन्म, प्रेम और शांति के संदेश को दर्शाया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने सांता क्लॉज की वेशभूषा धारण कर क्रिसमस कैरल्स गाए और पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर क्रिसमस की खुशियां साझा कीं। इस दौरान वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा।शोभायात्रा के दौरान रोजरी माला की विनती भी पढ़ी गई। जिसमें देश की शांति, समृद्धि और जनकल्याण के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं। शोभायात्रा के चर्च परिसर पहुंचने के बाद प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। फादर फिलिप, मैडम रोज, एंथोनी, जॉन हैप्पी विशाल, सोनू नितिन, निशांत, क्रिश, विकास सहित अन्य धर्मगुरु व श्रद्धालुओं उपस्थित थे। इस अवसर पर क्षेत्र वासियों ने क्रिसमस पर्व की खुशियां साझा करते हुए आपसी भाईचारे, प्रेम और शांति का संदेश दिया।

### मीरी पीरी एकेडमी में प्रतियोगिता



**अफजलगढ़।** मीरी पीरी खालसा एकेडमी में 'कौन बनेगा गुरसिख प्यारा' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता सिखों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी की महान शहादत के 350 वर्ष पूर्ण होने की स्मृति में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में खालसा एकेडमी के विद्यार्थियों को छोड़कर अन्य विद्यालयों से सिख समाज के 12 वर्ष से 20 वर्ष तक के केशधारी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गुरु के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें आध्यात्मिक एवं सांसारिक जीवन में संतुलन बनाकर आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता का नेतृत्व बाबा अनूप सिंह वीर जी की पावन अगुवाई में किया गया। प्रतियोगिता में आर्मी स्कूल, कैंब्रिज, जनता इंटर कॉलेज नहटौर, जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल जसपुर, सेंट मेरी अफजलगढ़, खालसा मॉडर्न स्कूल, ओम इंटर कॉलेज मुरलीवाला, सनशाइन एकेडमी विजयनगर, अकाल एकेडमी काशीपुर, बलदेव सिंह इंटर कॉलेज जसपुर, मारिया स्कूल जसपुर, सैनिक पब्लिक स्कूल वीरभान सहित अनेक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतिभागियों में प्रभजोत सिंह आत्मज गुरमेल सिंह अकाल एकेडमी काशीपुर ने प्रथम पुरस्कार 20,000 रूपये, हरमनजोत सिंह पुत्र बलदेव सिंह अकाल एकेडमी काशीपुर ने द्वितीय पुरस्कार 15,000 रूपये, अवनीत कौर पुत्री मनजिंदर सिंह सैनिक पब्लिक स्कूल बीरभान ने तृतीय पुरस्कार 10,000 रूपये, हरलीन कौर पुत्री बलवीर सिंह ओम इंटर कॉलेज मुरलीवाला ने चतुर्थ पुरस्कार 5,000 रूपये व त्रिवेंद्र सिंह पुत्र सतविंदर सिंह जनता इंटर कॉलेज नहटौर ने पंचम पुरस्कार 3,000 रूपये की नकद धनराशि प्राप्त की। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनप्रीत सिंह संधू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का जीवन त्याग, सत्य और धर्म की रक्षा का प्रतीक है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में सहायक होती हैं तथा उन्हें सच्चा गुरसिख बनने की प्रेरणा देती हैं।

## स्टीमेट बनाने के नाम पर जेई पर कमीशन मांगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाल के प्रधान पति ने मनरेगा के जेई पर स्टीमेट बनाने के नाम पर पांच प्रतिशत कमीशन मांगने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है।

पत्र के अनुसार ग्राम पंचायत पाल की प्रधान अंजू ने एक पक्की सड़क के निर्माण के लिए जेई से स्टीमेट बनाने को कहा तो जेई ने स्टीमेट बनाने के एवज में पांच प्रतिशत कमीशन की मांग की, कमीशन न देने पर स्टीमेट न बनाने का बात कही। आरोप है कि जेई द्वारा प्रधान के पति वीर सिंह को भी धमकाते हुए कहा कि वह पिछले 15 वर्ष से गजरौला ब्लॉक में नौकरी पर है। उसका ट्रांसफर या कार्रवाई कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। प्रधान पति ने डीएम से जेई के विरूद्ध जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## विकास खण्ड सम्भल में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**संभल।** जिलाधिकारी के निर्देशों पर ब्लॉक बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति की बैठक सहायक विकास अधिकारी राजीव कुमार की अध्यक्षता में विकास खण्ड सम्भल सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना अग्रवाल द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुडी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता खेमपाल सिंह ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे आदि हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकाल स्थिति में किया जा सकता है के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। सहायक विकास अधिकारी राजीव कुमार ने बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमे किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। शिक्षा विभाग से सी.पी सिंह, सदस्य बाल कल्याण समिति से गौरव शर्मा, प्रभारी प्रयत्न संस्था जस्ट राइट्स फॉर चिल्डेन से गौरी शंकर चौधरी विनीता सैनी, दिनेश, आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

**सम्भल।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर मुरादाबाद रोड स्थित नई तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह को 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो धरना-प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में किसानों ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा घरेलू मीटर बदलने के नाम पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जो गलत है। किसानों की मांग है कि स्मार्ट मीटर के स्थान पर पुराने सादे मीटर ही लगाए जाएं। वहीं खाद वितरण में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा यूरिया के साथ जबरन लगेज टैगिंग किए जाने पर रोक लगाने की मांग की गई। किसानों ने सभी ग्राम पंचायतों में बंदरों के बढ़ते आतंक का मुद्दा उठाते हुए वन विभाग से बंदरों को पकड़वाने की मांग की। साथ ही गोशालाओं में पर्याप्त चारे की व्यवस्था सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम पंचायतों की सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर ग्राम प्रधान को आवंटित किया जाए, ताकि गौशालाओं में मौजूद पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था की जा सके। मनरेगा में हो रहे कथित फर्जीवाड़े पर भी किसानों ने गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि एनएमएमएस ऐप के माध्यम से महिलाओं के स्थान पर पुरुषों और अन्य श्रमिकों की फर्जी फोटो अपलोड कर भुगतान किया जा रहा है, जिसे तुरंत रोका जाए। इसके साथ ही महिला मेट की 20 श्रमिकों की वाउंडेशन सीमा समाप्त करने, उनसे मुफ्त में काम न कराए जाने और ब्लॉक व सचिव स्तर पर महिला मेटों से कराए जा रहे अतिरिक्त कार्य व शोषण को बंद कराने की मांग की गई। अंत में किसानों ने निजी नलकूपों से रात्रि में हो रही स्टार्टर और अन्य उपकरणों की चोरी पर रोक लगाने के लिए पुलिस से ठोस कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपते समय यूनियन नेताओं ने प्रशासन से जल्द समाधान की अपेक्षा जताई।

## आलू को झुलसा रोग से बचाएं

**बबराला।** तापमान में तेज गिरावट के साथ आद्रता बढ़ने से आलू की पिछेती फसल में झुलसा रोग फैलने की आशंका है। यह मौसम दलहनी और तिलहनी फसलों के लिए भी अनुकूल नहीं माना जा रहा। नमी और गिरते तापमान से फफूंद जनित रोग का खतरा बढ़ गया है।

कृषि विभाग ने किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी। कृषि विभाग के सहायक विकास अधिक. ारी राजकुमार शर्मा ने बताया कि आलू की फसल में जब तापमान 10 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच और वायुमंडलीय आद्रता 80 प्रतिशत से अधिक हो जाती है तो पिछेती झुलसा रोग की प्रबल संभावना रहती है। यह एक फफूंद जनित और अत्यंत घातक रोग है, जो फसल के लिए भारी नुकसान का कारण बन सकता है।उन्होंने बताया कि पिछेती झुलसा रोग की शुरुआत पत्तियों के किनारों से होती है और धीरे-धीरे अंदर की ओर फैलती है। इस रोग में पत्तियों पर पानी जैसे धब्बे बनते हैं, जो ठंडे और नम मौसम में तेजी से फैलते हैं। इसका असर पत्तियों, तनों के साथ-साथ कंदों पर भी दिखाई देता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि रोग के जैविक प्रबंधन के लिए स्यूडोमोनास फ्लोरेसेंस की 5 मिली मात्रा प्रति लीटर पानी में या बैसिलस सबटिलिस आधारित बायो- फंजीसाइड्स की 3 से 4 मिली मात्रा प्रति लीटर पानी में घोल. कर छिड़काव करें। रासायनिक रोकथाम के लिए मैंन्कोजेब 75 प्रतिशत डब्लूपी की 2.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। यदि फसल में पिछेती झुलसा के लक्षण दिखाई देने लगें तो मेटालेक्सिल 4 प्रतिशत मैंन्कोजेब 64 प्रतिशत डब्लूपी की 2.2 ग्राम मात्रा या सायमोक्सानिल 8 प्रतिशत मैंन्कोजेब 64 प्रतिशत डब्लूपी की 2.5.2.5 ग्राम मात्रा अथवा फ्लूओपिकोलाइड प्रोपामोकार्ब की 2.2 मिली मात्रा प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। साथ ही उन्होंने आलू की फसल की सुबह-शाम नियमित निगरानी करने और रोग के शुरुआती लक्षण दिखते ही तुरंत उपचार करने साथ ही ऐसे मौसम में फसल में नमी बनाए रखने के लिए हल्की सिंचाई करने की सलाह भी दी।

## शव मिलने पर मची सनसनी

**सम्भल।** बहजोई क्षेत्र के चांदनी चौक मार्केट के पास एक सुनसान इलाके में करीब 25 वर्षीय युवक का शव पड़ा शव मिलने से सनसनी मच गई। बहजोई क्षेत्र के चांदनी चौक मार्केट के पास एक सुनसान इलाके में करीब 25 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। राहग. ीरों ने शव को देखकर तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर दी। पुलिस को मौके से एक बैग भी मिला है, जिसे कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में युवक के सिर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। शव की स्थिति को देखते हुए प्रतीत होता है कि युवक की मौत कुछ समय पहले हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वाड के साथ-साथ फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं, जबकि डॉग स्क्वाड ने आसपास के इलाके में जांच की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालने की तैयारी कर रही है, ताकि घटना से जुड़े सुराग मिल सकें। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्टों को भी खंगाला जा रहा है।

## गन्ना, सरसों बागवानी की प्राकृतिक खेती में किसान को सम्मानित किया गया




**बबराला।** विकास खंड गुन्नौर क्षेत्र के गांव ईसमपुर डांडा निवासी महाराज सिंह को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के 123 में जन्मदिवस के उपलक्ष में सरदार वल्लमभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ (उव प्रव) मैं आयोजित कार्यक्रम में जनपद संभल के जय किसान आर्गेनिक फार्म से किसान महाराज सिंह को डॉ. केके सिंह कुलपति द्वारा किसान सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान पत्र को पाकर किसान एवं उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

## नहीं चलेगा बहाना! बकाया नही दिया, तो कार्रवाई तय

### नगर पालिका ने बकायेदारों पर कसा शिंकजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर पालिका ने इस बार कर न चुकाने वालों के खिलाफ ऐसा कदम उठाया है कि बकायेदारों की नींद उड़ गई है। गृहकर और जलकर के 142 बड़े बकायेदारों के नाम नगर पालिका के गेट पर सार्वजनिक कर दिए गए हैं। सूची लगते ही शहर में खुसर-पुसर शुरू हो गई है और हर तरफ एक ही चर्चा है अब अगला कदम क्या होगा?

नगरवासियों द्वारा पानी, सफाई और अन्य सुविधाएं पूरे मन से ली जाती हैं, लेकिन जब बात कर चुकाने की आती है तो कुछ लोग महीनों ही नहीं, सालों तक आंखें मूंदे बैठे रहते हैं। प्रदेश सरकार नगर निकायों को आत्मनिर्भर बनाने की बात कर रही है, मगर कुछ नगरवासी अब भी बाद में देखेंगे की नीति पर चलते नजर आ रहे हैं। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने साफ शब्दों में कह दिया है कि यह कार्रवाई अचानक नहीं हुई। नोटिस भी दिए गए, समझाया भी गया, कर्मचारियों ने कई-कई बार दस्तक दी, लेकिन इसके बाद भी बकाया नहीं चुकाया गया। नतीजा अब 35 लाख 37 हजार 264 रुपये के बकायेदारों की सूची सबके सामने है। सूची सार्वजनिक होते ही शहर में चर्चा का बाजार गर्म है। लोग एक-दूसरे से पूछ रहे है उन साहब का नाम है क्या? सूची मे वो साहब भी शामिल हैं। वहीं बकायेदारों में कार्यवाही का भय साफ नजर आने लगा है। नगर पालिका ने भी साफ कर दिया है कि यह सिर्फ शुरुआत है। बहुत जल्द यह सूची अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी चस्पा की जाएगी। अधिशासी अधिकारी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि इसके बाद भी बकाया जमा नहीं हुआ तो आरसी जारी कर सख्त वसूली की जाएगी। यानी अब सिर्फ नाम नहीं, संपत्ति तक पर कार्रवाई की नौबत आ सकती है। कुल मिलाकर नगर पालिका ने साफ संदेश दे दिया है सुविधाएं चाहिए तो कर भी देना होगा, वरना अगली सूची के साथ कार्रवाई भी तय है।

## एंजिल्स पब्लिक स्कूल में जिला जज एवं सीओ सम्भल ने बच्चों को बांटे स्मार्ट गेम्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सम्भल।** एंजेल्स पब्लिक स्कूल, संभल ने हमेशा से ही उत्कृष्ट शैक्षिक परिणामों से सबका ध्यान आकर्षित किया है। इसी शानदार प्रदर्शन को देखते हुए प्रतिष्ठित टॉय कंपनी स्मार्टिविटी लैब्स प्राइवेट लिमिटेड के गर्वित शर्मा ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता और मानसिक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए एक विशेष शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को किताबी ज्ञान से आगे ले जाकर प्रैक्टिकल और इंटरैक्टिव लर्निंग प्रदान करना था। इस खास मौके पर स्मार्टिविटी लैब्स ने स्कूल के बच्चों को एसटीएएम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमेटिक्स) आधारित शैक्षिक खेल किट्स वितरित किए। ये किट्स सिर्फ खिलौने नहीं, बल्कि बच्चों के लिए एक पूरा लर्निंग एडवेंचर हैं। बच्चे



खुद इन वुडन किट्स को असेंबल करते हैं, जैसे ग्लोब एक्सप्लोरर, पिनबॉल मशीन, ह्यूमन बॉडी मॉडल,माइक्रोस्कोप आदि से खेल-खेल में विज्ञान के जटिल कॉन्सेप्ट्स को समझते हैं। ये खेल सो. चने-समझने की क्षमता, समस्या समाधान, क्रिएटिविटी और मोटर स्किल्स को जबरदस्त बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला जज एटा अहम उल्ला खान और सीओ संभल आलोक भाटी ने हिस्सा लिया। दोनों सम्मानित अतिथियों ने अपने हाथों से बच्चों को ये अनोखी खेल किट्स सौंपीं और उन्हें भविष्य में विज्ञान व टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। ट्रेनी आईपीएस एवं सीओ सम्भल आलोक भाटी ने बच्चों को इंडोर गेम्स के साथ आउटडोर एक्टिविटी पर भी ध्यान देने की बात कही जिससे मानसिक विकास के साथ शारीरिक विकास भी हो, गेम्स पाकर बच्चों के चेहरों पर उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई। कोई किट खोलकर देख रहा था, तो कोई तुरंत असेंबल करने में जुट गया। पूरा स्कूल परिसर खुशी और उत्साह से गूंज उठा। स्कूल की प्रबंध निदेशक शरमीन खान ने स्मार्टिविटी लैब्स प्राइवेट लिमिटेड और गर्वित शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे नवाचारी कार्यक्रम बच्चों को पारंपरिक शिक्षा से आगे ले जाकर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। कंपनी का यह सहयोग हमारे स्कूल के लिए गर्व की बात है। अंत में गौरीशंकर चौधरी ने आतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा की वक्त के साथ गेम्स भी स्मार्ट हो गए है आजके बच्चे खेल खेल में बुनियादी चीजें सीख रहे हैं। इस अवसर पर चेयरमैन अरीफ आलम, अरहम खान, टॉय कंपनी आईटी हैड गर्वित शर्मा एवं साइबरलेंस सोल्यूशन्स कंपनी के डायरेक्टर हर्षित शर्मा और स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों के लिए एक यादगार तोहफा साबित हुआ, बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों में भी नई उम्मीद जगाई कि आने वाली पीढ़ी ज्यादा रचनात्मक, स्मार्ट और इनोवेटिव बनेगी।

## तहसील बार चुनाव का कार्यक्रम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** तहसील बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चुनाव का कार्यक्रम एल्डर कमेटी द्वारा घोषित कर दिया गया है। बुधवार को एल्डर कमेटी ने बताया कि तहसीलदार बार एसोसिएशन की नामांकन तिथि 26 दिसंबर से 29 दिसंबर दोपहर 11:00 बजे से 3:00 बजे तक होगी। नामांकन पत्रों की आपत्ति 30 दिसंबर को होगी। नाम वापसी 31 दिसंबर को होगी। मतदान आवश्यक हुआ तो 5 जनवरी को दोपहर 11:00 से 3:00 तक होगा। उसी दिन मतदान के बाद परिणाम भी घोषित किये जाएंगे। प्रत्येक उम्मीदवार प्रस्तावक अनुमोदक का नाम बार एसोसिएशन तहसील हसनपुर की वर्ष 2025 की अंतिम मतदाता सूची में होना आवश्यक है। संभावित प्रत्याशियों ने गुपचुप तरीके से चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी है।

## बीमारी के चलते विवाहिता की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** घटना जोया ब्लाक के गाव मुंडाइम्मा की है यहां पर एक व्यक्ति खालिद शाह का परिवार रहता हैं खालिद ने अपनी पुत्री सीमा की शादी कुंदरकी क्षेत्र के कस्बे के रहने बाले शुएब के साथ 3 वर्ष पहले की थी जिसमे सीमा ने एक बेटी को जन्म दिया जिसके पश्चात सीमा एक गम्भीर बीमारी का शिकार हो गयी जिसमे मायके पक्ष से सीमा के पिता खालिद शाह ने गम्भीर आरोप लगाते हुए बताया कि सीमा को ससुराल पक्ष से ज्यादा पीड़ित थी कई बार पंचायत होने के बाबजूद सीमा को ससुराल पक्ष के लोग ले जाते थे परंतु आये दिन उसके साथ मारपीट करते रहते थे जिसके बाद ससुरालियों ने सीमा को घर से निकाल दिया जिसके पश्चात महिला थाना अमरोहा में दोनों पक्षों का फैसला होने के बाद भी ससुरालियों ने विवाहिता को तंग करना नही छोड़ा अब बीती 22 दिसम्बर को सीमा को उसके मायके बाले ले आये और निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर सीमा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया सीमा की मौत से गाव में कोहराम मच गया मायके बालो को ससुरालियों का इंतजार वही परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। वही डिडौली प्रभारी निरीक्षक हरिशबर्धन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की कोई तहरीर नही मिली हैं तहरीर मिलने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में खुशी व आकाश प्रथम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बजाज कैपिटल के तत्वावधान में नगर के कारमेल पब्लिक स्कूल में बुधवार को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रा खुशी सिंह ने प्रथम, बाबर ने द्वितीय व अरनव सिंह

**■ क्रिसमस के कार्यक्रम में भी बच्चों ने खूब मचाया धमाल**

ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे विंग में आकाश चौधरी प्रथम, अर्षिता शर्मा द्वितीय व कार्तिक चौहान तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर स्कूल



प्रबंधक बिक्रम सिंह चौहान ने छात्र-छात्राओं के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं बच्चों के मानसिक विकास में सहायक हैं। आजकल न केवल स्कूली शिक्षा अपितु प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सामान्य ज्ञान का अत्यधिक महत्व है। इसीलिए बच्चे सामान्य ज्ञान पर भी अपनी अच्छी पकड़ बनायें। वहीं विद्यालय में क्रिसमस-डे का कार्यक्रम भी धूमधाम से मनाया गया। बच्चों व स्टॉफ ने सेंटाक्लाज की ड्रेस पहनकर कार्यक्रम प्रस्तुत किए और सेंटा क्लाज ने बच्चों को उपहार भी बांटे। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा, उपप्रधानाचार्य आरपी सिंह, अनीता भटनागर, प्रीति चौहान, संध्या शर्मा, पूजा सैनी, सत्यपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, संजय सिंह, धनवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

## आगरा को हरा दिल्ली पहुंचा सेमीफाइनल में

### प्रताप व सिद्धार्थ की बल्लेबाजी ने दिलायी जीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मिनी स्टेडियम में तीसरे सबसे रोमांचकारी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फ्रैंड्स क्रिकेट क्लब ने ट्रांसफार्मर क्रिकेट क्लब आगरा को दो विकेट से हरा दिया।

मिनी स्टेडियम में मास्टर भूरे खां एंड शीरू परवेज मैमोरियल सद्भावना कप आल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला दिया। फ्रैंड्स क्लब दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बालिंग करने का फैसला किया। ट्रांसफार्मर क्लब ने 29.1 ओवर में 211 रनों पर आल आउट हो गयी। फ्रैंड्स क्लब की ओर से सिकन्दर व सकलैन



ने तीन-तीन विकेट हासिल किये। जबकि आरजी ने 82 तथा मनीष ने 53 रनों की शानदार पारी खेली। फ्रैंड्स क्रिकेट क्लब की टीम बल्लेबाजी को उतरी तथा उसके सात विकेट 114 रन के स्कोर पर गिर गये। एक समय ऐसा था कि जब दिल्ली को प्रति ओवर नौ रन के हिसाब से रन बनाने थे। परन्तु प्रताप व सिद्धार्थ की हरफनमौला बल्लेबाजती ने आगरा की टीम को दबाव में ला दिया। आठवें विकेट के लिए प्रताप व सिद्धार्थ ने आठवें विकेट के लिए 90 रन की शानदार पारी खेली तथा टीम दो विकेट से क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीत गयी। आगरा की ओर दीपक ने तीन, उसैद ने दो विकेट लिये। इसरार अहमद ने प्रताप को मैन आफ दि मैच देकर सम्मानित किया।

## भटकी नाबालिग को परिवार से मिलाया

### मिशन शक्ति टीम बनी सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** आपरेशन मुस्कान के तहत डिडौली क्षेत्र में मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी कंचन टोलिया एवं टीम में हेड कांस्टेबल अरूणिमा वर्मा, हेड कांस्टेबल सचिन शर्मा को भ्रमण के दौरान एक नाबालिग बालिका निवासी जनपद रामपुर को अत्यधिक परेशान एवं रोती हुई अवस्था में मिली थी। पूछताछ में बालिका ने बताया कि घरेलू कहासुनी के कारण वह घर से 200 रुपये लेकर स्वार से रामपुर रोडवेज होते हुए दिल्ली जाने वाली बस में बैठ गई थी। मिशन शक्ति टीम बालिका को मिशन शक्ति केंद्र थाना डिडौली लाई और उसके द्वारा बताए गए मोबाइल नंबर के माध्यम से स्वजन से संपर्क किया। सूचना मिलने पर बालिका के पिता, फूफा एवं चाचा डिडौली पहुंचे। आवश्यक पूछताछ एवं काउंसलिंग के उपरांत नाबालिग बालिका को सकुशल उसे स्वजन के सुपुर्द कर दिया गया।

## अस्पताल में खाद्य सामग्री वितरित कर मनाया उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने 53वां स्थापना दिवस

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 53 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी के नेतृत्व में जिला अस्पताल में महिला एवं पुरुष वार्डो में जाकर खाद्य सामग्री किट जिसमें दुग्ध, ब्रेड, बिस्कुट एवं फल आदि मरीजों को वितरण किये। इस अवसर पर संगठन ने अपने स्वर्णिम 52 वर्ष पूर्ण किए। प्रदेश में व्यापारियों के सम्मान और सुरक्षा हेतु जब कोई भी आगे नहीं आने को तैयार होता था,तब दो महान विभूतियों ने वाराणसी के मां गंगा के तट पर एक संगठन जो उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नाम से जिसकी नींव रखी गई। जो आज निरंतर संघर्षों के आधार पर व्यापारियों की सुरक्षा और सम्मान करते हुए अपने 52 वर्ष पूर्ण किए।

## लम्बित प्रकरण का समयसीमा में करें निस्तारण

### एडीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में ली उद्योग बंधु की बैठक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** एडीएम धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण करने के निर्देश दिये।

कलेक्ट्रेट सभागार में धीरेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा करते हुए सभी बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत किए जाएं। उन्होंने बैंकों एवं जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि इस महत्वाकांक्षी योजना पर विशेष फोकस करते हुए कार्य में तेजी लाएं। साथ ही कहा कि बैंकों में प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष यथाशीघ्र ऋण वितरण की कार्रवाई पूरी की जाए, जिससे युवा उद्यमियों को समय पर लाभ मिल सके। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि उद्योग बंधुओं से संबंधित कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। इस अवसर पर डीसी डीआईसी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, उद्यमीगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्थगित हुई बैठक आज फिर से

**गजरौला।** सरस्वती शिशु मंदिर गजरौला की साधारण सभा की 11 दिसंबर 2025 को विद्यालय में बुलाई बैठक कोरम के अभाव में स्थगित होने के बाद आज 25 दिसंबर को फिर से बुलाई गई है।

### सार्वजनिक सूचना

मेरा पुत्र **अमित** मेरे कहने-सुनने में नहीं है। **अमित** को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में **अमित** के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।

**जयपाल सिंह** पुत्र **रामबीन सिंह**
निवासी- मोहल्ला बेगमसराय,
कस्बा व परगना अफजलगढ़,
तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

# बहजोई के चांदनी चौक में खून से लथपथ मिला युवक का शव

## ■ हत्या की आशंका से इलाके में दहशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** जनपद के बहजोई थाना क्षेत्र स्थित चांदनी चौक मार्केट में बुधवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब स्थानीय लोगों ने एक युवक का शव जमीन पर पड़ा देखा। मृतक के सिर पर चोट के गहरे निशान और बिखरे हुए कपड़ों को देखकर प्रथम दृष्टया मामला बेरहमी से की गई हत्या का प्रतीत हो रहा है घ्बुधवार सुबह जब बाजार खुला, तो चांदनी चौक में एक युवक की लाश देख लोगों के होश उड़ गए। मृतक की पहचान सुशील पुत्र रामकुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुशील का परिवार पहले बहजोई के गोलागंज में रहता था, लेकिन वर्तमान में परिवार के सभी सदस्य शहर से बाहर रहते हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सुशील गलत संगत में था और नशे का आदी हो चुका था। खून से सना मिला शव, बिखरा था सामान घटनास्थल का मंजर बेहद खौफनाक था। युवक के सिर पर किसी भारी वस्तु से प्रहार के निशान मिले हैं। उसके पास मौजूद बैग के कपड़े सड़क पर बिखरे पड़े थे, जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि हत्या से पहले हमलावरों और युवक के बीच संघर्ष हुआ होगा। पुलिस महकमे में हलचल, जांच में जुटी टीमें घ्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा और क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार वर्मा भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक एएसपी अनुकृति शर्मा ने मामले के जल्द खुलासे के लिए तीन अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया है। और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इलाके में चर्चाओं का बाजार गर्म युवक की मौत को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। क्या यह हत्या है या किसी रंजिश का नतीजा है या इसके पीछे कोई और बड़ी वजह है? पुलिस हर पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लग रहा है। युवक के सिर पर चोट है। मामले के अनावरण के लिए तीन टीमें गठित कर दी गई हैं, जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# नगर पंचायत पाकबड़ा में आवारा गोवंश को पकड़ने का अभियान चलाया गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अधिशासी अधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में नगर पंचायत पाकबडा में आवारा छुट्टे गोवंश को पकड़े जाने हेतु अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नगर पंचायत पाकघ्बडा के विभिन्न वार्डों से आवारा गोवंश को पकड़कर नजदीकी कान्हा गौशाला में भेजे जाने की कार्यवाही की गई। उक्त अभियान में नगर पंचायत पाकबडा से हिमांशु चौहान, जितेंद्र कुमार, केशव गोस्वामी, सफाई नायक संजीव व सचिन अन्य सफाई कर्मचारी एवं पशु विभाग से डॉक्टर शोएब अंसारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पाकबड़ा द्वारा बताया गया कि उक्त अभियान नगर पंचायत पाकबडा द्वारा समय-समय पर चलाया जाता है एवं आवारा



गोवंश को पकड़कर नजदीकी गौशाला में भेजा जाता है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि उक्त अभियान पूर्व की भांति संचा. लित रहेगा और नगर पंचायत पाकबडा की टीम आवारा गोवंश को पकड़ने के लिए निरंतर काम करेगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अपने आसपास के क्षेत्रों को आवारा गोवंश से मुक्त रखने में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नगर पंचायत पाकबडा के कार्यालय से संपर्क करें।

# तुलसी पूजन तथा क्रिसमस-डे त्योहार पर बच्चों ने किया धमाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** एसएमएस वैध जी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तुलसी पूजन व क्रिसमस डे बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस बीच कॉलेज में तुलसी पूजन हुआ।जिसमें तुलसी के पौधे की आराधना की गई और तुलसी का विशेष महत्व बताया।

वही क्रिसमस डे कार्यक्रम के मौके पर छोटे बच्चे सांता क्लास बने और जमकर मौज मस्ती की, अने. कों सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। बुधवार को स्कूल में छोटे छोटे नौनिहालों को सैंटा क्लॉज बनाया गया। बच्चों ने खूब मस्ती की और गिफ्ट भी पाए।

प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्रबंधक गोपाल कृष्ण भारद्वाज, निदेशक अभिषेक भारद्वाज, प्रधानाचार्या सुहासिनी सिंह उपप्रधानाचार्य आर सी शर्मा, मुकेश कुमार, विशाल वर्मा, विजय सिंह, तेजपाल सिंह, आयुष कुमार, सुभाष कुमार, सतेंद्र यादव, आकाश भारद्वाज,अमित सिंह,अनिल सिंह,दीक्षा ,ज्योति वत्स , साधना , शिवानी , मानुषी ,सताक्षी ,भुवनेश, साक्षी, छाया, निधिका , सोनिया ,रीना ,अल्फिशा ,बुशरा , फरहा, सामिया, गुड़िया, ऋतु , अनीता ,अनुपम , दीपिका, कशिश सक्सेना,कशिश चंद्रा , रश्मि, अर्शी का योगदान रहा।

विशेष योगदान अर्चना शर्मा का रहा। प्रधानाचार्या सुहासिनी सिंह ने सभी को तुलसी दिवस और क्रिसमस डे की शुभकामना दी और दोनों का महत्व बताया।

# छात्र-छात्राओं को इको हर्बल पार्क और संविधान साहित्य वाटिका का भ्रमण किया




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मूढापाडे ब्लॉक की ग्राम पंचायत वीरपुर बरियार खरक कें छात्र-छात्राओं को इको हर्बल पार्क और संविधान साहित्य वाटिका का भ्रमण विद्यालय की प्रधानाचार्या अल्काराज के नेतृत्व में कराया गया।

पर्यावरण जागरूकता के लिए शैक्षिक भ्रमण छात्र छात्राओं को प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को सीधे अनुभव करने का एक शानदार तरीका है, जिसमें छात्र-छात्राएं जैव विविधता पार्क, जल स्रोतों आदि का दौरा करते हैं, वृक्षारोपण जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली के बारे में सीखते हैं और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए अपना सकारात्मक सहयोग देते हैं जिससे स्वच्छ और हरित चेतना विकसित होती है। इको क्लब प्रभारी दीपिका ने बताया की यह भ्रमण सभी विद्यार्थियों को पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति संवेदनशील और सक्रिय बनाता है, जिससे वह अपने आसपास के वातावरण को बेहतर बनाने में योगदान दे सकें। संविधान साहित्य वाटिका में छात्र-छात्राओं ने लोकतंत्र के मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व को समझ कर अपने जीवन में ग्रहण कर सकें।

संविधान साहित्य वाटिका में छात्राओं को बहुत महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला और वह संविधान की मूल प्रति की कारीगरी से भी अवगत हुए। सभी विद्यार्थियों ने इस शैक्षिक भ्रमण का प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव किया तथा नवीन ज्ञान की प्राप्ति की जो छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य हेतु मार्गदर्शक साबित होगी। इस अवसर पर ,सहायक अध्यापिका बीना, तथा ,कनिष्ठ लिपिक ,शुभम शर्मा, आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### हावर्ड कान्वेंट में क्रिसमस-डे पर कार्यक्रम का आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )** हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में क्रिसमस डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय में होने वाली दैनिक प्रार्थना एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित जिंदल बेल गीत के साथ किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान बोर्ड डेकोरेशन एवं क्रिसमस ट्री डेकोरेशन में ब्लू हाउस प्रथम एवं बोर्ड डेकोरेशन में ग्रीन एवं रेड हाउस द्वितीय येलो हाउस तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह ने कहा कि प्रत्येक त्योहार हमें कोई ना कोई संदेश अवश्य देता है।

ऐसे ही क्रिसमस त्योहार भी हमें भाईचारा, प्रेम एवं अनुशासनशील एवं करुणावान बनने की प्रेरणा प्रदान करता है। प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई ने कहा कि क्रिसमस न कोई समय है और न कोई मौसम बल्कि यह एक मन की स्थिति है। शांति और मंगल की भावना को संजोना दया से पूर्ण होना ही क्रिसमस की वास्तविक भावना है। इसलिए यह त्यौहार हमें मानवता प्रेम, करुणा और शांति का संदेश देता है।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय शिक्षिका नीतू चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### बकायदारों के विद्युत विभाग ने काटे कनैक्शन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** विद्युत विभाग ने आज नगर में अभियान चलाकर बिजली के बकायदार 37 लोगों के कनेक्शन काटे स अवर अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगास अवर अभियंता के नेतृत्व में बुधवार को चले अभियान में जिन उपभोक्ताओं पर 5 हजार या ज्यादा बकाया था उनके कनेक्शन काट दिए गएस इन उपभोक्ता में अनेक उपभोक्ता ऐसे भी है जिनके घरों पर स्मार्ट मीटर लगे हुए हैं और पिछले कुछ समय से उनका बिल नहीं आ रहा हैस स्मार्ट मीटर का बिल न आने पर अनेक उपभोक्ताओं ने विभाग से नाराजगी व्यक्त की हैस कनेक्शन काटने वाली टीम में देव कुमार, सुमित कुमार, नबी हसन आदि शामिल थेस अवर अभियंता ने बताया कि बकायदारों के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा।

### नशे की हालत में झगड़ा कर रहे आधा दर्जन लोगों का पुलिस ने शांतिभंग में किया चालान



**कांठ ( शाह टाइम्स )** अलग-अलग जगह पर नशे की हालत में झगड़ रहे आधा दर्जन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनका चालान किया है पुलिस द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक मनीष पुत्र राधेश्याम महमूदपुर माफी अमित पुत्र बलबीर अजय पुत्र बलवीर प्रताप पुत्र बलबीर निवासीगण ग्राम मुख्तियारपुर नवादा एवं विजय पुत्र हर स्वरूप निवासी गांवड़ी सहित 6 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए एसडीएम न्यायालय में पेश किया है।

# वर्कशॉपः टीएमयू में स्टुडेंट्स को समझाई एडवांस्ड क्लीनिकल फिजियोथेरेपी प्रैक्टिसेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से एडवांस्ड क्लीनिकल फिजियोथेरेपी प्रैक्टिसेज पर हुई वर्कशॉप में एल्युमिनाई ने स्टुडेंट्स को क्लीनिकल एक्सपोजर प्रदान करने, केस-आधारित सीखने को बढ़ावा देने, उन्नत फिजियोथेरेपी मूल्यांकन तकनीकों का वास्तविक क्लीनिकल अभ्यास कराया। वर्कशॉप में बीपीटी बैच 2017 के पासआउट और मन्नत फिजियोकेयर, गुरूग्राम के फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मखदूम हसन ने आईटी बैंड सिंड्रोम का समग्र मूल्यांकन एवं उन्नत फिजियोथेरेप्यूटिक रणनीति पर बोलते हुए इलियोटिबियल बैंड सिंड्रोम- आईटीबीएस की विस्तृत व्याख्या की। साथ ही उन्होंने आईटीबीएस के कारण, बायोमैकेनिकल कारकों,





क्लीनिकल मूल्यांकन तकनीकों और उन्नत फिजियोथेरेप्यूटिक प्रबंधन तरीकों पर गहन चर्चा की। डॉ. हसन ने केस-आधारित उदाहरण और साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण से स्टुडेंटस को व्यावहा. रिक ज्ञान दिया। बीपीटी बैच 2019 की एल्युमिना और मन्नत फिजियोकेयर, गुरूग्राम की फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. ऐमन खान ने प्रसवोत्तर महिलाओं में पेल्विक फ्लोर डिसफंक्शनः क्लीनिकल मूल्यांकन एवम् फिजियोथेरेप्यूटिक हस्तक्षेप पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने मूल्यांकन उपकरणों, व्यायाम प्रिस्क्रिप्शन और मरीज-विशिष्ट हस्तक्षेप रणनीतियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उनके क्लीनिकल अनुभवों ने छात्रों को महिला स्वास्थ्य के इस महत्वपूर्ण पहलू की गहन समझ प्रदान की। दोनों सत्रों में इंटरैक्टिव चर्चाएं, क्लीनिकल डेमोंस्ट्रेशन एवम् व्यावहारिक मार्गदर्शन के जरिए स्टुडेंट्स को व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। कार्यक्रम में एल्युमिनाई रिलेशन्स सेल के सहायक निद. ेशक श्री सिद्धार्थ माथुर, फिजियोथेरेपी विभाग की एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल, एल्युमिनाई समन्वयक डॉ. नंद किशोर साह आदि के संग-संग फिजियोथैरेपी के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय बाछल भूड़, विकास खंड कुंदरकी में विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



**कुंदरकी।** बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय बाछल भूड़, विकासखंड-कुंदरकी में विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिस में बच्चों द्वारा विभिन्न विषय जैसे- पाचन तंत्र, उत्सर्जन तंत्र, जीवो में वृद्धि, पुष्प के भाग, रेशम कीट का जीवन चक्र, भोजन के पोषक तत्व, संयोजकता, प्रिज्म द्वारा वर्ण विक्षेपण, सूर्य ग्रहण,चंद्र ग्रहण, पदार्थ की अवस्थाएं, पौधे के विभिन्न भाग आदि को कार्डबोर्ड,चार्ट पेपर एवं मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित किया।

निर्णायक के रूप में अध्यापक, शकील अहमद ने बच्चो से प्रश्न कर उनके कार्यों का मूल्यांकन किया। जिसमें अनिल-कक्षा 7 ने प्रथम, अलीशा- कक्षा 7 ने द्वितीय, आतिया- कक्षा 6 ने तृतीय एवं सुनील-कक्षा 8 ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। शेष सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।अध्यापिका अंजू सारस्वत एवं शाइस्ता परवीन द्वारा बच्चों को उत्साह वर्धन किया गया। अंत में विज्ञान अध्यापिका प्रीति सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा-ऐसे कार्यक्रम बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न कर रचनात्मक अभिव्यक्ति का विकास करते हैं।

# टीएमयू में एनएमसी के निर्देश पर बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन पर वर्कशॉप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नेशनल मेडिकल काउंसिल- एनएमसी के दिशानिर्देशों पर तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर- टीएमएमसीआरसी के मेडिकल एजुकेशन यूनिट- एमईयू की ओर से बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुक. ेशन- बीसीएमई पर तीन-दिनी वर्कशॉप में आइस ब्रेकिंग और ग्रुप डायनामिक्स, सीखने की प्रक्रिया, सीखने के डोमेन और सीखने के सिद्धांत, लक्ष्य, भूमिकाएं और योग्यताएं आदि की ट्रेनिंग दी गई। सीबीएमई में टीचिंग लर्निंग मेथड्स- टीएलएम, असेसमेंट का परिचय, इंटरनल असेसमेंट और फॉर्मेटिव असेसमेंट, एईटीसीओएम कॉन्सेप्ट और कंडक्ट, कॉन्सेप्ट और कंडक्ट, प्रभावी क्लिनिकल और प्रैक्टिकल स्किल टीचिंग, उद्देश्यों और दक्षताओं के लिए टीएलएम को अलाइन करना, असेसमेंट प्लानिंग, लेसन प्लान लिखना, असेसमेंट प्लानिंग और क्वालिटी एश्योरेंस,





सही निबंध प्रश्न, छोटे उत्तर वाले प्रश्न और एमसीक्यू लिखना, दक्षता, उद्देश्यों और सीखने के साथ असेसमेंट का मिलान, क्लिनिकल और प्रैक्टिकल स्किल्स का असेसमेंट, एकेडमिक ग्रोथ और नेटवर्किंग, दक्षता और टीएलएम के साथ असेसमेंट को अलाइन करना, मेंटरिंग, और दक्षताओं के आधार पर एक चरण के लिए शेड्यूल का ड्राफ्ट तैयार करना भी बताया। वर्कशॉप के समापन पर सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट्स भी वितरित किए गए। बीसीएमई रीजनल सेंटर- एसआरएमएसआईएमएस, बरेली के तहत मेडिकल फैकल्टीज को नए एमबीबीएस करिकुलम में हुए बदलावों के बारे में जागरूक करना रहा। साथ ही ट्रेनर्स को फैसिलिटेटर के रूप में प्रशिक्षित करना था। वर्कशॉप में एनएमसी ऑब्जर्वर एसआरएमएसआईएमएस, बरेली के एमईयू-कोऑर्डिनेटर और आरसी कन्वीनर डॉ. जसविंदर सिंह की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। वर्कशॉप में टीएमयू मेडिकल एजुकेशन और करिकुलम कमेटी के सदस्यों- प्रिंसिपल डॉ. एनके सिंह, वाइस प्रिंसिपल एवम् फार्माकोलॉजी के एचओडी और एमईयू कोऑर्डिनेटर प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, रेडियोडायग्नोसिस के सीनियर प्रोफेसर प्रो. राजुल रस्तोगी, पैथोलॉजी की एचओडी डॉ. सीमा अवस्थी, डॉ. आशुतोष कुमार, कम्युनिटी मेडिसिन की प्रोफेसर डॉ. साधना सिंह, रेडियोडायग्नोसिस की डॉ. श्रुति चंदक, माइक्रोबायोलॉजी के डॉ. सुधीर सिंह, एनेस्थिसियोलॉजी की डॉ. पायल जैन, पैथोलॉजी के डॉ. अर्नव कुमार रॉय चौधरी, डॉ. प्राची सिंह, डॉ. फैजा सामिन को 2015 से रीजनल सेंटर/नोडल सेंटर द्वारा संशोधित बेसिक कोर्स वर्कशॉप और एईटीसीओएम ट्रेनिंग/बीसीएमई के लिए प्रशिक्षित किया गया है। फेज वन में विभागों से 2 प्रतिभागी; फेज सेकेंड में विभागों से 4 प्रतिभागी और फेज थर्ड में विभागों से 24 प्रतिभागियों का चयन किया गया। वर्कशॉप में नए कॉन्सेप्ट जैसे- इलेक्टिव, अर्ली क्लिनिकल एक्सपोजर और स्किल असेसमेंट पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# नवीन नगर में मासूम बच्ची के साथ बुजुर्ग ने किया दुष्कर्म, सिविल लाइंस पुलिस ने किया गिरफ्तार



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नवीन नगर इलाके में बैंड बाजे की दुकान चलाने वाले एक बुजुर्ग ने पड़ोसी दुकानदार की मासूम मासूम बेटी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।इस गंभीर और संवेदनशील मामला के सामने आते ही नाबालिग के साथ अश्लील हरकत एवं दुष्कर्म करने के आरोपी को सिविल लाइंस थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 23 दिसंबर को शिकायतकर्ता, जो थाना सिविल लाइंस क्षेत्र की निवासी है, ने थाने पर तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया गया कि आरोपी द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री के साथ अश्लील हरकतें की गईं और दुष्कर्म जैसी जघन्य वारदात को अंजाम दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया।तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाइंस पर पोक्सो अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसके बाद पुलिस ने विवेचनात्मक कार्यवाही प्रारंभ करते हुए पीड़िता के बयान दर्ज किए और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए।विवेचना के क्रम में बुधवार को सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आरोपी जाहिद पुत्र प्यारे निवासी तारा वाला कुआं, अगवानपुर, थाना सिविल लाइंस, जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने की तैयारी की जा रही है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है और विवेचना निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से की जा रही है।

पीड़िता की सुरक्षा और काउंसलिंग का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नाबालिगों के विरुद्ध अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक में 16 मामलों की सुनवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक चन्दौसी परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी, चन्दौसी में संपन्न हुई। बैठक में पति-पत्नी के मध्य उत्पन्न हुए आपसी विवादों को आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित करने के प्रयास किए गए। काउंसलरों द्वारा कुल 16 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 8 पत्रावलियों का सफलतापूर्वक सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया।

शेष मामलों में दोनों पक्षों को आपसी संवाद और समझ बढ़ाने के लिए अगली तिथि दी गई। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह, सुधारानी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मोबाइल फोन बना राहुल हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने की कड़ी, कॉल डिटेल से खुला राज

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** राहुल हत्याकांड की मिस्ट्री को सुलझाने में उसकी पत्नी रूबी के मोबाइल फोन की अहम भूमिका सामने आई है। 15 दिसंबर को राहुल का शव मिलने के बाद जब पुलिस ने रूबी को बुलाकर कपड़े और शव की पहचान कराई, तो उसने पहचानने से इनकार कर दिया था। हालांकि पुलिस को शुरू से ही मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा था। इसके बाद आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, जिनमें कुछ लोगों ने संकेत दिए कि नाले से बरामद कपड़े राहुल के ही हैं। शक गहराने पर पुलिस ने दोबारा रूबी को बुलाया और उसका मोबाइल फोन कब्जे में ले लिया। जब मोबाइल की गैलरी खंगाली गई, तो एक फोटो ऐसा मिला जिसमें राहुल ने वही कपड़े पहने हुए थे, जो नाले से बरामद हुए थे। यहीं से पुलिस का शक यकीन में बदल गया। इसके बाद कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच की गई, जिसमें खुलासा हुआ कि पिछले तीन महीनों में रूबी और उसके प्रेमी गौरव के बीच करीब 1100 बार फोन पर बातचीत हुई थी। इसके बाद पुलिस ने गौरव को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान परत-दर-परत राज खुलते गए और अंततः पूरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझ गई। पुलिस के अनुसार अवैध संबंधों के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया।

उल्लेखनीय है कि संभल जनपद के गांव गवां निवासी राहुल की शादी लगभग 12 वर्ष पूर्व चन्दौसी के चुन्नी मोहल्ला निवासी रूबी से हुई थी। शादी के एक-दो वर्ष बाद राहुल ने चुन्नी मोहल्ले में ही मकान खरीद लिया और परिवार के साथ वहीं रहने लगा। पहले वह राजमिस्त्री का कार्य करता था, बाद में जूते-चप्पल बेचने और बनाने का कारोबार करने लगा। दंपती के दो बच्चे हैं, जिन्हें राहुल बेहद प्यार करता था और उन्हें पढ़ा-लिखाकर आगे बढ़ाने का सपना देखता था। राहुल के साले सोनवा ने बताया कि बहनोई के परिवार में उनके अलावा कोई नहीं था। माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका था और कोई भाई-बहन नहीं थे। इसी कारण वे गवां से चन्दौसी आ गए और पास ही मकान दिलवाया था। उन्हें क्या पता था कि परिवार को ऐसा दर्दनाक दिन भी देखना पड़ेगा।

## एक नजर

### राजकीय सम्प्रेक्षण ग्रह में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर काव्यांजलि कार्यक्रम आयोजित



**मुरादाबाद (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** राजकीय सम्प्रेक्षण ग्रह (किशोर) मुरादाबाद में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्मृतिशेष अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती की पूर्व संध्या के अवसर पर काव्यांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय सम्प्रेक्षण ग्रह (किशोर) मुरादाबाद के अधीक्षक मुकेश चौधरी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी धवल दीक्षित और विशिष्ट अतिथि सम्भल से आये हास्य-व्यंग्य के वरिष्ठ कवि अतुल शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या और ज्ञान की अधिष्ठात्री माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना पूजा राणा के द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में बोलते हुए सम्प्रेक्षण के अधीक्षक मुकेश चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजन किशोर को देश के महान व्यक्तित्व से परिचय कराने व उनके विकास के लिए बहुत ही आवश्यक है। मुख्य अतिथि धवल दीक्षित ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी को देश की महान विभूतियों एवं शहीदों से परिचित कराना चाहिए। कार्यक्रम में अवधेश विद्यार्थी, आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ, महावीर सिंह, पूजा राणा, ईशांत शर्मा ईशू, रवि चतुर्वेदी ने स्वरचित रचनाओं और अटल जी की कविताओं से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को कविताओं के माध्यम से काव्यांजलि समर्पित की गई।

### रामपुर दोराहा चौराहे पर खड़ी स्कॉर्पियो में लगी आग, एक अन्य कार भी झुलसी

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र के रामपुर दोराहा चौकी अंतर्गत रामपुर दोराहा चौराहे पर शराब की दुकान के पीछे खड़ी एक स्कॉर्पियो में अज्ञात व्यक्तियों ने आग लगा दी। आग की चपेट में आने से होटल संचालक विकास कुमार की ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो पूरी तरह जलकर कबाड़ बन गई, जबकि पास में खड़ी एक सेंट्रो कार भी पीछे से बुरी तरह झुलस गई। घटना के संबंध में विकास कुमार ने बताया कि वह शाम करीब सात बजे होटल के पीछे बनी पार्किंग में अपनी स्कॉर्पियो खड़ी कर घर चले गए थे। रात लगभग 11:15 बजे आसपास के लोगों ने गाड़ी से अचानक आग की लपटें उठती देखीं और इसकी सूचना पुलिस के साथ-साथ उन्हें भी दी। सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचे, तब तक उनकी स्कॉर्पियो पूरी तरह जल चुकी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है जिसके आधार पर आग लगाने वाले अज्ञात व्यक्तियों की तलाश की जा रही है।



### जिला कृषि अधिकारी ने सहायक निदेशक मृदा परीक्षण मुरादाबाद मंडल को किया पत्र प्रेषित

**कांठ (शाह टाइम्स)** भारतीय किसान यूनियन की वर्षों पुरानी मांग के अब पूरा होने का वक्त आ गया है उप जिला अधिकारी द्वारा भेजे गए जिला कृषि अधिकारी के पत्र पर उन्होंने संज्ञान लेते हुए सहायक निदेशक मृदा परीक्षण मुरादाबाद मंडल को पत्र प्रेषित किया है। बतादे की उप जिला अधिकारी ने भारतीय किसान यूनियन द्वारा दिए गए ज्ञापन के क्रम में कांठ तहसील क्षेत्र में मृदा परीक्षण केंद्र स्थापित कराए जाने की मांग को लेकर एक पत्र जिला कृषि अधिकारी को लिखकर मृदा परीक्षण केंद्र स्थापित कराए जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा था।

जिसके क्रम में जिला कृषि अधिकारी ने सहायक निदेशक मृदा परीक्षण को पत्र लिखकर इस बाबत अवगत कराया है उनका कहना है कि मृदा परीक्षण केंद्र की स्थापना कृषि विभाग से नहीं होती इसलिए उस पत्र को सहायक निदेशक के पास भेज कर जरूरी कार्रवाई के लिए लिखा गया है। इससे अब जल्द ही कांठ में मृदा परीक्षण केंद्र स्थापित किए जाने की संभावनाएं बढ़ गई है।

### रानी प्रीतम में किया गया तुलसी दिवस मनाकर किया पौधे का पूजन

**बिलारी।** रानी प्रीतम कुवंर स्कूल रुस्तमनगर सहसपुर में भारतीय संस्कृति में पूजनीय माने जाने वाली तुलसी के पौधे का पूजन किया गया। इस मौके पर बच्चों स्टाफ ने तुलसी के पौधे के समक्ष दीप प्रज्वलन कर तुलसी पौधे का वंदन किया। प्रधानाचार्य रंजीत ईश्वर व वरिष्ठ अध्यापक परमानंद सक्सेना ने तुलसी के पौधे का पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की और तुलसी का विशेष महत्व भी बताया। बुधवार को कार्यक्रम में कक्षा एक की छात्रा आराध्या ने सांता क्लास का वेश भी धारण किया। इस मौके पर कलात्मक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, किंडर गार्डन समूह के विद्यार्थियों ने सांता क्लास के चित्र आदि बनाए।कक्षा 1 से 2 के छात्रों ने क्रिसमस स्टार को रंगों से सजाया। कक्षा तीन से पांच के छात्रों ने रंग-बिरंगे कागज के टुकड़ों से क्रिसमस वृक्ष को व्यर्थ पदार्थों से सजाया। कक्षा 9 से 11 के बच्चों ने थर्माकोल और कीबोर्ड का प्रयोग करके क्रिसमस वृक्ष का निर्माण किया। इस बीच कलात्मक कृतियां बनाकर कॉलेज को सजाया। इस बीच तुलसी का विशेष पूजन अर्चन किया गया। इस मौके पर गतिविधि पर भारी नायला खान के अलावा अमित सक्सेना ने कार्यक्रम में सहयोग दिया।



### भोजपुर में करोड़ों की जमीन पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों में फायरिंग

**भोजपुर।** टिहरी राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर स्थित गांव आंवला घाट में करोड़ों रुपए की जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में जमकर गाली गलौज होने के बाद लाइसैंसी राइफलों, अवैध तमंचों से जमकर फायरिंग हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को मौके से खदेड़ दिया।

बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव आंवला घाट में आराध्यम इंफ्रा बिल्डर्स के नाम की कालोनी की करोड़ों रुपए कीमत की जमीन पर दो दर्जन लोग जेसीबी मशीन से दीवारें तोड़कर ट्रेक्टर ट्राली में भरकर ले जाने लगे।घ्कालोनी के चौकीदार ने दबंगों की करतूतें अपनी मालिकिन आभा चौधरी पत्नी सचिन चौधरी निवासी पार्म ग्रीन सुपर टेक मुरादाबाद को फोन पर बताईं। इस पर आभा चौधरी के पति सचिन चौधरी अपने साथियों पंकज,अजय,संदीप और राशिद को लेकर मौके पर पहुंचे। दोनों तरफ से गाली गलौज होने के बाद लाइसैंसी एवं अवैध तमंचों से फायरिंग होने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पांच राउंड फायरिंग हुई। घटनास्थल से दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित चौकी इंचार्ज विपिन कुमार पुलिस बल को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और बवाल कर रहे लोगों को खदेड़ दिया। देर शाम को सचिन चौधरी ने पवन कुमार कुलदीप,पंकज, मजु,बच्चू सिंह, दिवाकर सैनी, सहदेव,सुधा, आकाश समेत दस पंद्रह अज्ञात लोगों के खिलाफ जमीन पर कब्जा करने, तोड़-फोड़ करने, हत्या की की नीयत से फायरिंग करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। दूसरे पक्ष ने भी विरोधियों पर फायरिंग करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा की जमीन पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ है।

## हरियाणा में बिचौटा गांव के तीन मजदूरों की सड़क दुघर्टना में हुई मौत से गांव में छाया मातम

**चन्दौसी/कुढफतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बिचौटा काजी गांव के तीन मजदूरों की मंगलवार को झज्जर जिले में गुरुग्राम रोड पर ओबरब्रिज के पास कार में बैठकर जा रहे मजदूरों की कार के ऊपर बराबर से जा रहा तूडी से भरा हुआ ट्रक पलट गया। ट्रक पलटने से नीचे दबी कार में बैठे पांच लोगों की मौत हो गई जिसमें तीन लोग अखिलेश (22) तथा जयवीर (30) पुत्रगण राजेन्द्र सिंह एवं पिन्टू पुत्र भारत सिंह (23) सम्भल जिला के थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बिचौटा काजी के निवासी थे। मंगलवार को बिचौटा गांव के तीन मजदूरों की झज्जर में हुई सड़क दुघर्टना में मौत की सूचना पर गांव में मातम छा गया और परिजन रात को ही झज्जर निकल गये। बुधवार को देर रात परिजन गांव में शव लेकर पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में एक साथ उठीं तीन अर्थियों को देख गांव में हर किसी ग्रामीण की आंखें नम हो गई। मौहल्ले में नहीं जले चूल्हे मंगलवार को झज्जर में हुई सड़क दुघर्टना ने ग्रामीणों को अंदर से झकझोर दिया। जयवीर, अखिलेश व पिंटू की मौत से पूरे गांव में मातम छाया रहा। इनके घरों पर आने जाने वाले ग्रामीणों व रिश्तेदारों की भीड़ लगी रही।

मौहल्ले के घरों में चूल्हे भी नहीं जले। एक साथ तीन अर्थियां उठी तो ग्रामीणों की आंखें हुई नम बुधवार को गांव में तीनों मजदूरी करने गये युवकों के शव गांव पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। जब गांव में एक साथ तीन अर्थियां उठी तो हर किसी ग्रामीण की आंखें नम हो गई। सटरिंग का कार्य करते थे तीनों युवक जयवीर और अखिलेश दोनों सगे भाई थे। मजदूरी करने झज्जर गये थे वहां सटरिंग का कार्य करते थे। दोनों भाइयों की हुई मौत से मां बिरमा देवी तथा जयवीर की पत्नी पार्वती का रो रो कर बुरा हाल है। भाई आराम सिंह व अरविंद भाइयों की मौत से बहुत दुखी व गमजदा है। मृतक जयवीर के तीन छोटे छोटे बच्चें प्राक्षी (7), सुरभि (5) तथा प्रशान्त (3) वर्ष के सिर से पिता का साया उठ गया। अखिलेश अविवाहित था। दोनों बेटों की मौत से मां बिरमा देवी एवं पति व देवर की मौत से पार्वती बार-बार बेसुध हो रहीं थीं। वहीं पिंटू की मौत से पत्नी निशा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पिंटू की पुत्री वर्षा (10 माह) के सिर से भी पिता का साया उठ गया। अनिल, राहुल व अनिकेत अपने भाई पिंटू की मौत से गमगीन हो गए।

## राहुल हत्याकांड की मास्टरमाइंड रूबी का खौफनाक चेहरा आया सामने

**चन्दौसी।** राहुल हत्याकांड की मास्टरमाइंड बताई जा रही रूबी का खौफनाक चेहरा लंबे समय तक किसी के सामने नहीं आ पाया। आरोप है कि रूबी ने महिला होने का पूरा लाभ उठाया और कई बार पुलिस में शिकायतें होने के बावजूद उल्टे-सीधे आरोप लगाकर मामलों को प्रभावित करती रही। स्थानीय लोगों के अनुसार, वह विवादों के बावजूद खुद को पीडिघ्ता बताकर फैसले अपने पक्ष में कराने का प्रयास करती थी। सूत्रों के मुताबिक, रूबी सोशल मीडिया के माध्यम से धनाढ्य युवकों से जान-पहचान बढ़ाती थी। पहले अश्लील बातचीत, फिर ब्लैकमेलिंग, यह उसका कथित तरीका बताया जा रहा है। चुन्नी मोहल्ले के लोगों का कहना है कि उसकी गतिविधियों से क्षेत्रवासी परेशान थे। वह अक्सर शाही होटलों में जाती और महंगे शौक पूरे करती थी। इन्हीं संबंधों में गौरव का नाम भी सामने आया, जिससे नजदीकियां बढ़ीं और कथित रूप से उसी के जरिए अपने मंसूबों को अंजाम दिलाया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रूबी के कई भूतपूर्व मित्र भी रहे हैं, जिन्हें ब्लैकमेल कर अपने हित में काम कराया जाता था। आरोप है कि इसी क्रम में उसने अपने पति राहुल, जिसके साथ सात फेरे लिए थे, को रास्ते से हटाने का मन बना लिया। हत्या से पहले पूरी योजना इस तरह बनाई गई कि कोई सबूत न बचे, ठीक फिल्मी अंदाज में। लेकिन वह एक अहम गलती कर बैठी, राहुल के हाथ पर गुदा नाम सबूत बनकर रह गया। बताया जा रहा है कि राहुल की निर्मम हत्या के बाद जेल जाने पर भी रूबी को कोई पछतावा नहीं है। वह अब भी अपने बचाव के रास्ते तलाशने में जुटी है। फिलहाल पुलिस मामले की हर कड़ी को साक्ष्यों के आधार पर जोड़ते हुए आगे की कार्रवाई में लगी हुई है।

## अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी पर कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल एवं महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के नेतृत्व में भारत रत्न श्रद्धेय भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर अटल स्मृति वर्ष के अंतर्गत जिला महानगर कार्यालय एवं महानगर के सभी दस मंडलों में अटल घाट कटघर एवं अटल पथ सिविल लाइन पर महानगर के जनप्रतिनिधिगण, महानगर के पदाधिकारीगण मंडल,मोर्चा, प्रकोष्ठों कार्यकर्तागण ने प्रात: 11 बजे अटल जी की प्रतिमा की साफ सफाई कर एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया। तदोपरान्त शाम 6 बजे महानगर कार्यालय एवं अटल पथ पर मुख्य अतिथि महापौर विनोद अग्रवाल ने अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं उनके समक्ष दीप प्रज्वलित कर नमन किया।



कार्यक्रम में महापौर विनोद अग्रवाल ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनके बताए रास्ते पर चलने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि अटल जी की राजनीतिक यात्रा एवं उनके शासन में सुशासन का महत्वपूर्ण योगदान रहा जिसमें उनके द्वारा किए गए कार्य बुनियादी ढांचे विदेश नीति और जनकल्याण के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण सुधार शामिल हैं। जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कहा कि हमें अटल जी के राष्ट्र प्रथम मूल्यों के सिद्धांतों पर चलना चाहिए।

महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि हमें भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की विरासत को विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रव्यापी सहभागिता पूर्ण गतिविधियों का संचालन करके नागरिकों एवं युवाओं को प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर विनोद अग्रवाल, जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, महानगर महामंत्री नत्थूराम कश्यप, दिनेश शीर्षवाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक विशाल त्यागी, सह संयोजिका सुनीता शर्मा, प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जायसवाल, प्रांतीय परिषद सदस्य संजय ढाका, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, चकित चौधरी, महानगर उपाध्यक्ष नवदीप टंडन, राहुल शर्मा, दिनेश सिसोदिया, हेमराज सैनी, चंद्र प्रजापति, शम्मी भटनागर, सर्वेश पटेल, अभिषेक चौबे, कशिश चौहान, विजय लक्ष्मी पंडित, पंकज शर्मा, सुनीता सैनी, हेमा खत्री, पूर्णिमा खन्ना, रुचि चौधरी, विपिन प्रजापति, विशाल रस्तौगी, मिथुन शर्मा, सोमपाल प्रजापति, राजीव शर्मा, वीरपाल सिंह, कपिल गुप्ता, सूर्य मोहन शमशेरी, गजेंद्र लोदी, संजय कुमार, अनमोल सक्सैना, अनूप महरोत्रा, विजय वर्मा, पिंकू गुप्ता, अर्चित गुप्ता, सुरदीप सिंह, सुमित अग्रवाल, हरेंद्र शर्मा, विक्की कुमार, नीरज कुमार, विनय राजोरिया, महिपाल आदि महानगर मंडल मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं पार्षदगण शामिल रहे।

## कमाल अख्तर ने विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरते हुए उठाए जनहित के मुद्दे



**कांठ (शाह टाइम्स)** विधान सभा की कार्यवाही के दौरान काँठ विधानसभा से विधायक कमाल अख्तर ने प्रदेश में निजी विश्वविद्यालयों की मनमानी, बढ़ती फीस, शिक्षा के गिरते स्तर तथा प्रदूषण और जल संकट जैसे गंभीर जनहित के मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरने का काम किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है, लेकिन निजी विश्वविद्यालयों ने इसे मुनाफे का साधन बना लिया है, एडमिशन, ट्यूशन, परीक्षा, डेवलपमेंट चार्ज, लाइब्रेरी और लैब के नाम पर मनमानी फीस वसूली जा रही है, भारी फीस लेने के बावजूद शिक्षा की गुणवत्ता लगातार गिर रही है, योग्य शिक्षकों की कमी है और छात्रों का भविष्य खतरे में डाला जा रहा है। उन्होंने निजी विश्वविद्यालयों में दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण को सख्ती से लागू किए जा द की मांग उठाई और कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

दूषित पानी के कारण लोगों के लीवर सहित गंभीर बीमारियाँ बढ़ रही हैं, सरकार की जल जीवन मिशन योजना जमीनी स्तर पर विफल होती नजर आ रही है और बड़ी संख्या में लोग बीमारियों से ग्रस्त हैं। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा सरकार ने विधायकों को मिलने वाले नल कनेक्शन की सुविधा छीन ली है, जिससे पहले विधायक अपने क्षेत्रों में पानी की समस्या वाले इलाकों में नल लगवाकर जनता को राहत दिलाते थे, लेकिन अब यह व्यवस्था भी खत्म कर दी गई है।

अंत में उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते निजी विश्वविद्यालयों की मनमानी, प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छ पेयजल जैसे बुनियादी मुद्दों पर ठोस कदम नहीं उठाया, तो इसका सीधा नुकसान प्रदेश की जनता, युवाओं और आने वाली पीढ़ी को भुगतना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी भाजपा सरकार की होगी।

## विवाहिता ने जेठ-जेठानी पर मारपीट कर घर से निकालने का लगाया आरोप

**चन्दौसी।** ब्लॉक पवांसा के अतरासी गांव में एक विवाहिता के साथ मारपीट कर उसे घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीडिघ्ता ग्राम कैथल निवासी युवती भागो की शादी करीब 16 माह पूर्व अतरासी गांव निवासी ओमवीर के साथ हुई थी। पीडिघ्ता के अनुसार शादी के बाद उसका पति ओमवीर मजदूरी करने नोएडा चला गया था, जहां वह परांठे का ठेला लगाकर परिवार का खर्च चलाता था और नियमित रूप से अपनी पत्नी को खर्च भेजता था। इसी दौरान उसका जेठ उस पर बुरी नजर रखने लगा। जब इस संबंध में उसने अपने पति को जानकारी दी तो मामला और बिगड़ गया। आरोप है कि शिकायत करने से नाराज होकर जेठ व जेठानी ने उसके साथ जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद पीडिघ्ता किसी तरह अपने पति के साथ मायके पहुंची और महिला थाना में पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई।

## सचिन चौधरी समेत दो के खिलाफ जानलेवा हमला करने का केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**भोजपुर।** बुधवार को गांव आंवला घाट में करोड़ों की जमीन कब्जाने को लेकर दो पक्षों में हुई कहासुनी और फायरिंग के प्रकरण में पुलिस ने एक पक्ष के कुलदीप सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी गांव जैतपुर की तहरीर पर सचिन चौधरी निवासी सुपर टेक कालोनी पाकबड़ा मुरादाबाद और अत्यंत सिंह पुत्र सुरजन सिंह निवासी मंगोली शाहबाद रामपुर के खिलाफ चौकीदार के लाइसेंस से जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।


### बेदखली सूचना

मेरा पुत्र तारिक अशरफ व उसकी पत्नी सना परवीन गलत संगत में पड़ गए हैं। जिसके कारण मैने अपने पुत्र तारिक अशरफ व पुत्रवधू सना परवीन से संबध विच्छेद कर लिये है। उनके किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगें। कामिल हुसैन पुत्र कलुआ निवासी मोहल्ला फतेहउल्लागंज वार्ड नं0 25 ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।



### बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र आरिफ मलिक व पुत्रवधू श्रीमती शाहजहां को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**मौहम्मद उमर पुत्र छुट्टन बक्श निवासी काजीपुरा वार्ड नम्बर-15 थाना सिविल लाइंस तहसील व जिला मुरादाबाद।**



### शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


## खादी महोत्सव का समापन समारोह हुआ आयोजित





शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा युवा केन्द्र, साईं मन्दिर रोड़, दीनदयालनगर, मुरादाबाद में 'मुरादाबाद खादी महोत्सव-2025' का आयोजन दिनांक 15.12.2025 से दिनांक 24.12.2025 तक किया गया था। आज दिनांक 24.12.2025 को प्रदर्शनी समापन समारोह में मुख्य अतिथि दीपक गोयल, सदस्य गौसेवा आयोग, मुरादाबाद ने शिरकत की। कार्यक्रम में वशिष्ठ अतिथि अमरीश कुमार, मनोवैज्ञानिक, मुरादाबाद एवं श्रीमती मधु सक्सेना (पत्नी गोपाल अंजान एम.एल.सी. मुरादाबाद) भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गजेन्द्र सिंह, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमरोहा, भूपेन्द्र सिंह, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, रामपुर एवं कुवंर सैन, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, सम्भल के साथ-साथ मण्डल के समस्त जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एवं खादी ग्रामोद्योग परिवार के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम समापन में गंगा आरोग्य धाम, मुरादाबाद के छात्रो द्वारा राधा कृष्ण की झांकी के साथ शुभारम्भ किया गया। प्रदर्शनी में आज दिन में भारी भीड़ रही तथा प्रदर्शनी प्रारम्भ से आज दिनांक 24.12.2025 की सायं 7:00 बजे तक रू0 16345790.00 धनराशि की कुल बिकी हुई है। स्टालो के स्वामी काफी प्रसन्न थे। मंच का संचालन डॉ0 महजबी परवीन जी द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में ग्रामोद्योगी / खादी के स्टॉलो को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार स्वरुप प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी प्रदान की गयी। प्रदर्शनी के भव्य आयोजन एवं सफलता में कार्यरत खादी ग्रामोद्योग परिवार के कार्मिको को प्रदर्शनी में उनके उत्कृष्ठ योगदान के लिये ट्रांफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सत्यवीर सिंह चौहान, जिला/परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी, मुरादाबाद मण्डल द्वारा प्रदर्शनी आयोजन एवं विभागीय योजनाओ की जानकारी दी गयी तथा प्रदर्शनी की सफलता हेतु नगर निगम, पुलिस अग्निशमन विभाग, युवा कल्याण एवं अन्य विभागो का आभार व्यक्त किया गया तथा प्रदर्शनी की अपूर्व पूर्ण सफलता के लिए स्वदेशी उत्पादों के प्रति आकर्षित होने के लिए आभार व्यक्त किया।

# 36 गेंदों में शतक जड़ वैभव ने बनाया विश्व रिकॉर्ड



● बिहार की ओर से खेल रहे वैभव सूर्यवंशी ने 36 गेंदों में बनाया शतक

**रांची, वार्ता।** युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दिन मात्र 36 गेंदों में शतक बनाकर 14 साल और 272 दिन की उम्र में पुरुषों की लिस्ट ए क्रिकेट में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। रांची में प्लेट लीग के मैच में बिहार की ओर से खेल रहे सूर्यवंशी ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ मात्र 36 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो कि टी-20 के इतर सीनियर क्रिकेट में उनका पहला शतक है। यह लिस्ट-ए मैचों में भारत की ओर से दूसरा सबसे तेज शतक भी है। रिकॉर्ड पंजाब के अनमोलप्रीत सिंह के नाम है, जिन्होंने पिछले साल अरुणाचल प्रदेश के खलाफ ही केवल 35 गेंदों में शतक बनाया था। सूर्यवंशी ने इससे एक कदम आगे बढ़ते हुए मात्र 59 गेंदों में 150 रन पूरे किए, जो कि विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने इस मामले में एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड तोड़ा। डिविलियर्स ने 2015 में वेस्टइंडीज के खिलाफ मात्र 64 गेंदों में 150 रन बनाए थे। सूर्यवंशी अंत में 84 गेंदों में 190 रन बनाकर आउट हुए और अपने दोहरे शतक से चूक गए। उनकी उस पारी में 16 चौके और 15 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। सूर्यवंशी ने इसी महीने यूएई में हुए अंडर-19 एशिया कप में मेजबान के खिलाफ 95 गेंदों में 171 रन की शानदार पारी खेली थी। उस पारी के दौरान वह 2002 में टॉन्टन में इंग्लैंड के खिालाफ अंबाती रायडू द्वारा बनाए गए भारत के लंबे समय से चले आ रहे यूथ वनडे रिकॉर्ड 177 रन से मात्र छह रन दूर रह गए थे। 15 यूथ एकदिवसीय मैचों में सूर्यवंशी का औसत 51.13 और स्ट्राइक रेट 158.79 का रहा है, जिसमें दो शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। पिछले महीने दोहा में सूर्यवंशी ने पुरुषों की टी-20 क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज शतक जड़ा था, जब उन्होंने राइजिग स्टार्स एशिया कप में यूएई के खिलाफ 42 गेंदों में 144 रन बनाए थे। उस दिन उन्होंने 32 गेंदों में शतक पूरा किया, जो पुरुषों की टी-20 क्रिकेट में संयुक्त रूप से छठा सबसे तेज शतक भी था। इस टूर्नामेंट के तुरंत बाद वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने, जब उन्होंने इस महीने कोलकाता में महाराष्ट्र के खिलाफ नाबाद 61 गेंदों में 108 रन बनाए थे। साल 2025 वैभव के लिए ब्रेकथ्रू साल साबित हुआ है। 13 साल की उम्र में आईपीएल नीलामी में चुने जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने के बाद उन्होंने आईपीएल में सबसे कम उम्र में शतक जड़ा। उन्होंने कुल सात आईपीएल मैच खेले, जिनमें उन्होंने 206-55 के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। आईपीएल के बाद सूर्यवंशी ने इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया दौरों पर भी यूथ शतक जड़े। इंग्लैंड दौरा उनके लिए विशेषकर सफल रहा, जहां उन्होंने 174-01 के स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाए। संभावना है कि वैभव चल रही विजय हजारे ट्रॉफी के केवल शुरुआती कुछ मैचों के लिए ही उपलब्ध रहेंगे। इसके बाद वह 15 जनवरी से शुरू होने वाले अंडर-19 विश्वकप से पहले बेंगलुरु में होने वाले कंडीशनिंग कैंप के लिए भारत अंडर-19 टीम से जुड़ जाएंगे।

## विजय हजारे ट्रॉफी

## वैभव, आयुष व सकीबुल के शतक, बिहार ने अरुणाचल प्रदेश को रिकॉर्ड 397 रनों हराया

**रांची, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी (190), आयुष लोहारुका (116) और कप्तान सकीबुल गनी (नाबाद 128) की विस्फोटक शतकीय पारियों के बाद आकाश राज और संजय कश्यप (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बिहार ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप मुकाबले में आंध्र प्रदेश को रिकार्ड 397 रनों से रौंद दिया। यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहार ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी का रिकार्ड छह विकेट पर 574 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बिहार ने तमिलनाडु का दो विकेट पर 506 रन का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा। मंगल महरौर और वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 158 रन जोड़े। 15वें ओवर में तेची नेरी ने मंगल महरौर (33) को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। 27वें ओवर में बिहार का दूसरा विकेट वैभव सूर्यवंशी के रूप में गिरा। उन्हें भी नेरी ने आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 84 गेंदों में 16 चौके और 15 छक्के उड़ाते हुए 190 रनों की पारी खेली। प्लेयर ऑफ द मैच सूर्यवंशी ने रिकार्ड पारी खेलते हुए मात्र 35 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। पीयूष सिंह 66 गेंदों में (77), आकाश राज (आठ) और बिपिन सौरभ एक रन बनाकर आउट हुए। आयुष लोहारुका ने 56 गेंदों में 11 चौके और आठ छक्के लगाते हुए 116 रन बनाये। कप्तान सकीबुल गनी ने 40 गेंदों में 10 चौके और 12 छक्के उड़ाते हुए नाबाद 128 रन बनाये। आंध्र प्रदेश के लिए तेची नेरी और तड़कमल्ला मोहित को दो-दो विकेट मिले। धीरज एंटिन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद पहाड़ जैसे लक्ष्य का पीछा करने उतरी आंध्र प्रदेश की टीम बिहार के गेंदबाजी आक्रमण का सामना नहीं कर सकी और 42-1 ओवर में 177 के स्कोर पर ढेर हो गई।

### खेल विशेष

## भारतीय डेविस कप टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन की प्रोफेशनल सिलेक्शन कमेटी की एक मीटिंग 7 और 8 फरवरी 2026 को बेंगलुरु में होने वाले वर्ल्ड ग्रुप क्वालिफायर में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली डेविस कप टीम को चुनने के लिए 23 दिसंबर 2025 को वर्चुअली आयोजित की गई। कमेटी में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं: नंदन बल - चेयरमैन, बलराम सिंह, मुस्तफा घोस सिलेक्शन मीटिंग में भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान रोहित राजपाल, कोच आशुतोष सिंह, और एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर भी मौजूद थे। रैंकिंग, उपलब्धता और प्रदर्शन के आधार पर, निम्नलिखित खिलाड़ियों का चयन किया गया: सुमित नागल, करण सिंह, दक्षिणेश्वर सुरेश, यूकी भांबरी, ऋत्विक बोलिपल्ली, आर्यन शाह (रिजर्व), अनिरुद्ध चंद्रशेखर (रिजर्व), दिग्विजय प्रताप सिंह (रिजर्व) इस टाई के लिए टीम के कप्तान रोहित राजपाल होंगे और आशुतोष सिंह टीम के कोच होंगे।

## चोटिल जोफ्रा आर्चर हुए ऐशेज से बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर साइड स्ट्रेन के कारण ऐशेज के शेष आखिरी दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं, उनकी जगह गस एटकिंसन को टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा खराब फार्म में चल रहे ऑली पोप को भी टीम से बाहर कर दिया गया है और उनकी जगह जैकब बेथेल को टीम में जगह दी गई है। आर्चर ने जुलाई में चार साल से जयादा समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी की थी। इससे पहले वह कोहनी और पीठ की समस्याओं से जूझ रहे थे। ऑस्ट्रेलिया में इस सीरीज में वह यकीनन इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं, जहां उन्होंने नौ विकेट लिए और निचले क्रम में उपयोगी रन भी बनाए।

## टाटा ओपन में होगी 2 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि

**जमशेदपुर, वार्ता।** टाटा स्टील ग्रुप और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने टाटा ओपन गोल्फ टूर्नामेंट की घोषणा की है जो 25 से 28 दिसंबर, 2025 तक जमशेदपुर में आयोजित किया जाएगा। यह चार दिवसीय टूर्नामेंट जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में आयोजित किया जाएगा। इस इवेंट में 2 करोड़ रुपये का प्राइज पर्स है और यह 2025 पीजीटीआई सीजन का आखिरी चरण है।

इस टूर्नामेंट में 126 प्रोफेशनल खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह इवेंट स्ट्रोक-प्ले फॉर्मेट में खेला जाएगा जिसमें 18 होल के चार राउंड होंगे। टॉप 50 खिलाड़ी और टाई वाले खिलाड़ी दो राउंड के बाद कट में जगह बनाएंगे। टाटा ओपन दुनिया के उन दुर्लभ इवेंट्स में से एक है जो दो जगहों पर खेला जाता है।

# शेफाली ने टी-20 में तीसरे सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीते



● शेफाली वर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी-20 में शानदार प्रदर्शन किया, 34 गेदों में 69 रन बनाकर भारत को सात विकेट से बड़ी जीत दिलाई

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की ओपनिंग बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 में शानदार प्रदर्शन किया, सिर्फ 34 गेंदों पर नाबाद 69 रन बनाकर भारत को सात विकेट से बड़ी जीत दिलाई। शेफाली की विस्फोटक पारी, जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल था, ने न सिर्फ जीत पक्की की बल्कि उन्हें टी20 में अर्द्धशतक बनाने वाली सबसे कम उम्र की महिला क्रिकेटर के तौर पर रिकॉर्ड बुक में भी जगह दिलाई। इस पारी के साथ, शेफाली ने 12 टी20 अर्द्धशतक भी पूरे किए, जो 21 साल की उम्र में किसी भी महिला क्रिकेटर द्वारा सबसे जयादा हैं।

वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर और आयरलैंड की गैबी लुईस संयुक्त रूप से 10-10 अर्द्धशतकों के साथ इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं, जबकि भारत की जेमिमा रोड्रिग्स सातवें स्थान पर हैं। शेफाली अब तक 92 टी20 मैच खेल चुकी हैं, जिसमें उन्होंने 26-73 की औसत से 2,299 रन बनाए हैं, जिससे सबसे छोटे फॉर्मेट में भारत की सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा और मजबूत हुई है। इस मैच जिताऊ प्रदर्शन के लिए इस दाएं हाथ की बल्लेबाज को सही मायनों में 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जिससे उन्हें टी20 इंटरनेशनल में यह आठवां अवॉर्ड मिला। इसके साथ, वह मिताली राज और हरमनप्रीत कौर के बाद इस फॉर्मेट में सबसे जयादा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बन गईं।

# विराट कोहली लिस्ट 'ए' में 16000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने



● विराट कोहली ने आंध्र प्रदेश के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली लिस्ट ए क्रिकेट में 16 हजार रन पूरे करने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए है। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट में बुधवार को आंध्र प्रदेश के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। वह सचिन तेंदुलकर के बाद यह कारनामा करने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। कोहली ने इस मैच से पहले तक 342 लिस्ट ए मैचों में 57-34 की शानदार औसत से 15,999 रन बनाए हैं, जिसमें 57 शतक और 84 अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने अपनी पारी का पहला रन बनाने के साथ ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। कोहली ने आज यहां आंध्र प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच में 16 हजार रन बनाने की उपलब्धि हासिल करने के साथ क्रिकेट इतिहास में यह कारनामा करने वाले नौवें बल्लेबाज बन गए है। कोहली लगभग 15 साल बाद 2025-26 सीजन में भारत के प्रमुख घरेलू 50 ओवर के टूर्नामेंट में वापसी कर रहे हैं। वह ऋषभ पंत की कप्तानी में खेल रहे है।

## कोहली का शतक, दिल्ली ने आंध्र को चार विकेट से हराया

**बेंगलुरु, वार्ता।** सिमरजीत सिंह (पांच विकेट) और प्रिंस यादव (तीन विकेट) के बाद विराट कोहली (131) की शतकीय, प्रियांश आर्य (74) और नीतीश राणा (77) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत दिल्ली ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी 2025 के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में आंध्र प्रदेश को 74 गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। 299 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली ने 37.4 ओवर में छह विकेट पर 300 रन बनाकर मुक. ाबला चार विकेट से जीत लिया। दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में नीतीश कुमार रेड्डी ने अर्पित राणा को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया।

# विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड ने भारत के लिए टी-20, वनडे टीम की घोषणा की

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने भारत के आगामी सफेद गेंद दौरे के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। इन सीरीजों के लिए न्यूजीलैंड ने चोट से वापसी कर रहे मिचेल सेंटनर टी-20 टीम का कप्तान, जबकि माइकल ब्रेसवेल को एकदिवसीय सीरीज में अगुवाई की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार तीन एकदिवसीय मैचों के बाद होने वाली पांच मैचों की अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों की सीरीज को सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 से पहले एक जरूरी तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। टीम में क्लार्क एक और अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। जैकब डफी, रचिन रवींद्र, केन विलियमसन, विल ओ' रूर्के और ब्लेयर टिकनर जैसे कई फ्रंटलाइन खिलाड़ियों को चोट और वर्कलोड प्रबंधन के कारण आराम दिया गया हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने इस दौरे के महत्व पर बल देते हुए कहा है कि कैसे भारतीय हालात का अनुभव न्यूजीलैंड के विश्वकप के लक्ष्यों के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि उपमहाद्वीप में खेलना जाहिर तौर पर न्यूजीलैंड में खेलने के आदी होने से बहुत अलग है, इसलिए हमें अपने खिलाड़ियों को उन हालातों में खेलने का कोई भी मौका मिल सकता है, खासकर उपमहाद्वीप में टी-20 विश्वकप से पहले।

**भारत के खिलाफ टी-२० टीम:-** मिचेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, ज़ैक फाउल्केस, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, बेवोन जैकब्स, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, फिलिप्स, रचिन, रॉबिन्सन व ईश सोढ़ी।

जैमीसन ठीक होने के बाद दोनों प्रारूपों में खेलेंगे। बेवॉन जैकब्स और टिम रॉबिन्सन जैसे उभरते हुए खिलाड़ियों को घरेलू और हाल के अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है।

# रोहित शर्मा ने लगाया आतिशी शतक



● रोहित शर्मा की 155 रनों की पारी बदौलत मुंबई ने सिक्किम को 8 विकेट से हराया

**जयपुर, वार्ता।** रोहित शर्मा (155) की आतिशी शतकीय पारी की बदौलत मुंबई ने बुधवार को विजय हजारे टूर्नामेंट एलीट ग्रुप सी मुकाबले में सिक्किम को 117 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। रोहित शर्मा को उनकी शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतर मुंबई के लिए अंगकृष रघुवंशी और रोहित शर्मा की जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 141 रन जोड़े। मुम्बई का पहला विकेट अंगकृष रघुवंशी (38) के रूप में गिरा। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके लगाये। रोहित शर्मा ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए शतकीय पारी खेली। उन्होंने 94 गेंदों में 18 चौके और नौ छक्के उड़ाते हुए 155 रनों की मैच विजयी पारी खेली। वह 30वें ओवर में दूसरे विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें क्रांति कुमार ने आउट किया। मुंबई ने 30-3 ओवर में दो विकेट पर 237 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। मुशीर खान (27) और सरफराज खान (आठ) रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर सिक्किम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 236 का स्कोर खड़ा किया। आशीष थापा ने सिक्किम के लिए सर्वाधिक 79 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके भी लगाये। के साई सत्विक ने (34), क्रांति कुमार (34), रॉबिन लिम्बो (नाबाद 31), गुलरदर सिंह और पलजोर तमांग ने 10 रनों का योगदान दिया। मुंबई के लिए शार्दुल ठाकुर ने छह ओवर में 19 रन देकर दो विकेट झटके। तुषार देशपांडे, तनुष, शम्स मुलानी और मुशीर खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# इशान किशन लिस्ट 'ए' में शतक लगाने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज बने

**अहमदाबाद, वार्ता।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉघे के फाइनल में पिछले हफ्ते झारखंड की तरफ से बेहतरीन शतकीय पारी खेलने वाले इशान किशन ने विजय हजारे ट्रॉफी के पहले मैच में अहमदाबाद में कर्नाटक के खिलाफ सिर्फ 33 गेंदों में ही शतक लगा दिया। किशन अब लिस्ट-ए में शतक लगाने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय और विश्व में जेक फ्रेजर-मक्गर्क, एबी डिविलियर्स और सकीबुल गनी के बाद चौथे सबसे तेज बल्लेबाज़ बन गए हैं। किशन के शतक से ठीक पहले बिहार के सकीबुल गनी ने सिर्फ 32 गेंदों में शतक लगाया था और लिस्ट-ए में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने थे। इसकी बदौलत बिहार ने रांची में प्लेट ग्रुप के मुकाबले में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 574 रनों का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बना दिया। उससे पहले बिहार के लिए उसी मैच में वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 36 गेंदों में अपना शतक पूरा किया था और 84 गेंदों में 190 रनों की पारी खेली थी। इस दौरान वैभव लिस्ट-ए में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बनने के अलावा सबसे तेज 150 (59 गेंद) बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। एक ही दिन में भारतीय बल्लेबाजों की तरफ से दो अलग जगहों पर तीन सबसे तेज लिस्ट-ए शतक का रिकॉर्ड देखने को मिला।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज और टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम में वापसी करने वाले किशन ने अपनी पारी में सात चौके और 14 छक्के लगाए। उनके 39 गेंदों में बनाए गए 125 रनों की मदद से झारखंड ने कर्नाटक के खिलाफ 412 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया।

# पूरन की तूफानी पारी से एमआई एमिरेट्स ने प्लेऑफ में जगह पक्की की

● निकोलस पूरन ने 69 और मुहम्मद वसीम 59 रनों की तीसरे विकेट के लिए साझेदारी जीत में अहम रही

**अबू धाबी, वार्ता।** एमआई एमिरेट्स ने अबू धाबी में गल्फ जायंट्स को आसानी से हराकर आईएलटी-20 के प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया। सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद निकोलस पूरन (69') और मुहम्मद वसीम (59') की तीसरे विकेट के लिए नाबाद 140 रन की साझेदारी एमआई एमिरेट्स की जीत में अहम रही।

इस बीच, जायंट्स का खराब प्रदर्शन जारी है, उन्होंने अपने पिछले सात में से छह मैच गंवा दिए हैं और प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए उन्हें अबू धाबी नाइट राइडर्स को हराना होगा। जब जायंट्स पहले बल्लेबाजी करने उतरे, तो गुरबाज ने एक बड़े छक्के और चौके के साथ शुरुआत की, लेकिन वह क्रीज पर जयादा देर नहीं टिक पाए और तीसरे ओवर में फजलहक फारूकी ने उन्हें आउट कर दिया। इसी बीच, जायंट्स ने कप्तान जेम्स लवस को भी रोमारियो शेफर्ड के हाथों गंवा दिया और वे 16 रन पर 2 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गए। दो से तीन विकेट हो गए, जब आसिफ खान, जिन्होंने एक छक्के और एक चौके के साथ जवाबी हमला करने की झलक दिखाई थी, शेफर्ड का शिकार हो गए और जायंट्स ने पावरप्ले में 36 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। यही हाल लोर्कन टकर का भी रहा, जिन्होंने दो चौके लगाने के बाद अरब गुल मोमंद के हाथों अपना विकेट गंवा दिया। नियमित विकेट गिरने का मतलब यह भी था कि जायंट्स बीच के ओवरों में खुलकर नहीं खेल पाए और 7वें से 15वें ओवर के बीच सिर्फ 55 रन बना पाए। इसके बाद मोईन अली और काइल मेयर्स ने आखिरी पांच ओवरों में एमआई एमिरेट्स के गेंदबाजों पर हमला बोला। दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों ने एएम गजनफर के ओवर में 15 रन बनाए और फिर शेफर्ड को दो चौके और एक छक्का जड़ा। मोईन ने 45 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया - एक धीमी पारी, लेकिन जिसने जायंट्स को 141 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। गेंदबाजी में, जायंट्स ने शुरुआत से ही अच्छी गेंदबाजी की। आयरिश खिलाड़ी मार्क अडायर ने जॉनी बेयरस्टो को बिना खाता खोले पगबाधा आउट कर दिया और बल्लेबाज पवेलियन लौट गए, लेकिन बॉल-ट्रैकिंग से पता चला कि गेंद स्टंप्स के ऊपर से जा रही थी। अगले ओवर में उमरज़ई ने दूसरे इंग्लिश खिलाड़ी टॉम बैंटन को आउट कर दिया।

# टेनिस स्टार वीनस लिलियम्स ने एंड्रिया से शादी की

**वीनस विलियम्स और एक्टर एंड्रिया प्रेटी पहली बार 2024 में मिलान फैशन वीक में मिल थे**



**फ्लोरिडा, वार्ता।** टेनिस लेजेंड वीनस विलियम्स और एक्टर एंड्रिया प्रेटी पहली बार 2024 में मिलान फैशन वीक में मिले थे, एक ऐसा इवेंट जिसमें दोनों में से किसी ने भी जाने का प्लान नहीं बनाया था। वीनस याद करते हुए कहती हैं, हम गुच्ची शो में मिले थे। वोग के अनुसार, एंड्रिया ने एक एपेरिटिवो के दौरान उनसे बात की, जिससे बातचीत शुरू हुई और फिर व्हाट्सएप पर बातचीत हुई और उनके परिवार के साथ लंदन में मुलाकात हुई। मैं अपनी बहनों के साथ लेक कोमो में ट्रिप पर थी जब मुझे आखिरी मिनट में इनवाइट मिला और मैंने अचानक जाने का फैसला किया, और एंड्रिया थके हुए थे। हम दोनों में से कोई भी वहां जाने का प्लान नहीं बना रहा था। वोग के हवाले से, वीनस कहती हैं कि लंदन में हमारी डेट्स के बाद, मुझे बस पता था कि मैं उससे शादी करने वाली हूं। मिलने के दस दिन बाद, वीनस को एडेनोमायोमा का पता चला। एंड्रिया ने इटली में कंसल्टेशन और सर्जरी के दौरान उनका साथ दिया। छह महीने बाद, 31 जनवरी, 2025 को टस्कनी में उनकी सगाई हुई, जिसमें एंड्रिया ने थर्मल पूल में एक रोमांटिक दिन के बाद प्रपोज किया। वीनस याद करते हुए कहती हैं, मैं खुशी से उछलना और हंसना बंद नहीं कर पा रही थी।

उनकी पहली शादी 18 सितंबर को इस्चिया, इटली में हुई, जिसके बाद वीनस की फ्लोरिडा की जड़ों का सम्मान करने के लिए पाम बीच में दूसरा समारोह हुआ। हफ्ते भर चले सेलिब्रेशन में यॉट पार्टी, पूल पार्टी, स्पोर्ट्स इवेंट और परिवार और दोस्तों के साथ डिनर शामिल थे। वीनस कहती हैं कि हमें हर दिन अपने घर में लोगों का स्वागत करना पसंद है। वोग के अनुसार, कपल ने शुक्रवार सुबह एक प्राइवेट कोर्टहाउस सेरेमनी की, जिसे उन्होंने सुंदर, शांत, पवित्र, रोमांचक और शानदार बताया। वीनस ने मोरिली न्यूयॉर्क की ड्रेस पहनी थी, जबकि एंड्रिया अपनी मां के साथ जैक्सन 5 के आई विल बी देयर गाने पर बाहर आए। रिसेप्शन में दिल को छू लेने वाली कसमें, फ्लेमिंगोस के आई ओनली हैव आइज फॉर यू पर पहला डांस और देर रात आफ्टर-पार्टी शामिल थी। वीनस आखिर में कहती हैं, यह सबसे खुशी का, सबसे सुंदर, सबसे प्यारा दिन था।

# बैंक लोन दिलाने के नाम पर लोगों से लाखों की ठगी करने वाले शातिर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बैंक लोन दिलाने के नाम पर सीधे-साधे लोगों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर ठग को सिविल लाइंस थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कभी खुद को दरा. ेगा तो कभी अधिकारी बताकर लोगों को हड़काता था और भरोसे में लेकर उनसे मोटी रकम ऐंठ लेता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी अब तक आधा दर्जन से अधिक लोगों को ठगी का शिकार बना चुका है।मामला सिविल लाइंस थाना क्षेत्र का है, जहां कई पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनसे बैंक लोन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ठग लिए गए। पीड़ितों की शिकायत सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की, तो चौंकाने वाले खुलासे सामने



आए।पुलिस जांच में सामने आया कि जिगर कॉलोनी निवासी इशरत अली लोगों को आसानी से बैंक लोन दिलाने का झांसा देता था। वह फर्जी दस्तावेज तैयार कर खुद को प्रभावशाली व्यक्ति बताता और लोगों से प्रोसेसिंग फीस, कमीशन व अन्य खर्चों के नाम पर पैसे वसूल लेता था। जब लोन नहीं मिलता तो आरोपी टालमटोल करता और बाद में संपर्क तोड़ लेता था।पुलिस ने इस शातिर नटवरलाल इशरत अली को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी के पास कई फर्जी पहचान पत्र और दस्तावेज हैं, जिनका इस्तेमाल वह ठगी के लिए करता था। आरोपी मूल रूप से थाना बिलारी क्षेत्र के अदल. पुर गांव का रहने वाला है।इस मामले में जानकारी देते हुए एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि इशरत अली ने कई लोगों के साथ बैंक लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की है। सात लोगों की शिकायत मिलने पर जांच की गई, जिसमें प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी की पुष्टि हुई। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया गया है।एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी के आपराधिक नेटवर्क और अन्य संभावित पीड़ितों की जानक. ारी जुटाई जा रही है। मामले में और भी सबूत एकत्र किए जा रहे हैं और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी तरह के लोन या सरकारी काम के लिए अनजान लोगों के झांसे में न आएं और संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

# अपराध समीक्षा गोष्ठी में डीआईजी ने दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने डीआईजी मुनिराज जी की अध्यक्षता में परिक्षेत्रीय कार्यालय पर आयोजित अपराध समीक्षा गोष्ठी में प्रतिभाग किया। गोष्ठी में परिक्षेत्र के समस्त जनपदों की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं जनशिकायतों के निस्तारण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक के दौरान आईजीआरएस एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। डीआईजी मुनिराज जी ने निर्देश दिए कि जनशिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा फीडबैक को गंभीरता से लिया जाए। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था, शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए। गोष्ठी में ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत लंबित मामलों में प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाने, पोक्सो एवं महिला अपराधों में त्वरित कार्रवाई, पीड़िताओं को न्याय दिलाने और साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु तकनीकी दक्षता बढ़ाने पर चर्चा हुई। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा, जागरूकता




कार्यक्रमों एवं निरोधात्मक कार्यवाही को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।इसके अतिरिक्त प्रचलित अभियानों, अनावरण को शेष अभियोगों, उच्चाधिकारीगण से प्राप्त लंबित प्रकरणों तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की भी समीक्षा की गई। डीआईजी मुनिराज ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपराध नियंत्रण को प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता, जवाबदेही और जनविश्वास को मजबूत किया जाए। गोष्ठी के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों की सराहना करते हुए बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

# बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों के विरोध में महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

**ठाकुरद्वारा।** बांग्लादेश में निर्दोष लोगों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में महिला कांग्रेस ने प्रदर्शन कर मजलूमों पर हो रहे जुल्म को अमानवीय बताते हुए भारत सरकार से पीड़ितों की सहायता के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की हैं। क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लापुर लेदा महिला कांग्रेस कार्यालय पर महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों के विरोध में प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष जेहरा बी ने किया। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में निर्दोष एवं मजलूम लोगों पर हो रहे अत्याचारों पर गहरी चिंता व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि वहां अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर लगातार जुल्म हो रहा है, जो मानवता के लिए शर्मनाक है। महिला कांग्रेस ने भारत सरकार से मांग की कि वह बांग्लादेश में पीड़ित निर्दोष लोगों की सहायता के लिए आगे आए और अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर ठोस कदम उठाए, ताकि वहां हो रहे अत्याचारों को रोका जा सके। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की सबना, कविता, निशा, नजमा, सर्वेश, नाजुक, सिमरन, सोफिया, खदीजा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं




**ठाकुरद्वारा। गांव अब्दुल्लापुर लेट में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों के विरोध में प्रदर्शन।**

# मुरादाबाद की ग्राम पंचायतों के लिए निर्वाचक नामावली तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) श्रीमती संगीता गौतम ने जनपद मुरादाबाद की समस्त ग्राम पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचकगण को सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण) नियमावली, 1994 के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार हो गई है और उसकी एक प्रति संबंधित तहसील के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय और संबंधित खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति निर्वाचक नामावली का कार्यालय समय में निरीक्षण कर सकता है। यदि नामावली में किसी के सम्मिलित किए जाने के लिए कोई दावा अथवा किसी प्रकार के अन्य विवरणों के संबंध में कोई संशोधन अपेक्षित हो अथवा सम्मिलित किसी नाम के संबंध में कोई आपत्ति हो तो उसे दिनांक 30 दिसम्बर 2025 को या उससे पूर्व प्रपत्र 2, 3 या 4 में जो भी उपयुक्त हो, दाखिल किया जाये। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ऐसा दावा या आपत्ति संबंधित सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय या संबंधित खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में 30 दिसम्बर 2025 तक प्रस्तुत किया जा सकता है।

# राजकीय हाई स्कूल हाथीपुर चित्तू में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** बुधवार को राजकीय हाई स्कूल हाथीपुर चित्तू कुंदरकी में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके मुख्य अतिथि शाने आजम जी प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल कुच. ावली मुरादाबाद और विशिष्ट अतिथि श्री फखरुल प्रभारी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज थांवला मुरादाबाद और सम्मानित अतिथि श्रीमती पूनम जी प्रधानाध्यापिका जूनियर हाई स्कूल चिड़ियाठेर, आनंद प्रकाश शिक्षक राजकीय इंटर कॉलेज थांवला मुरादाबाद ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न परीक्षाओं एवं प्रतियोगताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कार प्रदान किया। सम्माननीय अतिथिगण की उपस्थिति में छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शैलेन्द्र यादव द्वारा वार्षिक विवरण प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की



उपलब्धियों, कार्यक्रमों एवं लक्ष्यों को साझा किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉव यतेंद्रपाल सिंह जी ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के शिक्षकगण मोहम्मद यामीन, संदीप कुमार यादव, शैलेन्द्र यादव और कार्यालय सहायक राजबहादुर सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# नाली विवाद में घर में घुसकर हमला चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में नाली क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाकर पड़ोसियों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से मारपीट की, जिसमें महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मानावाला निवासी सुमित्रा देवी पत्नी जयपाल सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि 8 दिसंबर की शाम करीब 7 बजे वह अपने पति के साथ घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान पड़ोसी कृष्णपाल उर्फ नीटू, जितेंद्र पुत्र जागन सिंह तथा दिनेश व राहुल पुत्रगण जयराम सिंह नाली क्षतिग्रस्त करने का बहाना बनाकर गाली-गलौज करते हुए जबरन घर में घुस आए। आरोप है कि चारों ने सुमित्रा देवी व उनके पति जयपाल सिंह के साथ मारपीट की, जिससे दोनों को चोटें आईं। शोर सुनकर बचाव में पहुंचे देवर चंद्रपाल सिंह को भी आरोपियों ने एकराय होकर पीट दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने घायल चंद्रपाल सिंह को नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# इंटर्नजवैली कंपनी ने दी टिमिट के 13 विद्यार्थियों का नौकरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के सफलतम प्रयासों के फलस्वरूप टिमिट में लगातार कम्पनियों का रिक्रूटमेंट के लिये आना जारी है प्रतिष्ठित इंटर्नजवैली कम्पनी ने टिमिट में एमबीए, बीबीए व बी.कॉम फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया इस रिक्रूटमेंट ड्राइव में एमबीए, बीबीए व बी.कॉम फाइनल ईयर सभी विद्यार्थियों ने बडे उत्साह से भाग लिया। कंपनी की टीम ने विद्यार्थियों 3 सिलेक्शन राउंड आयोजित किये व साक्षात्कार लिए। सभी कठिन चयन प्रक्रिया के बाद अंतिम रूप से एमबीए के 2, बीबीए के 10 व बी.कॉम के 1 भाग्यशाली विद्यार्थियों के नाम घोषित किये गये। जिनका नाम क्रमशः एमबीए के मोहम्मद अहमद, अंशू कुमार, बीबीए के आदिश जैन, अंशुल जैन, देवांश शर्मा, कनिका जैन, मोहम्मद सरीम रजा, नितिका जैन, उज्जवल शर्मा, यश जैन, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद अमान खान और बी.कॉम के ऐश्वर्या गुप्ता है।

यह टिमिट की गुणवत्ता का साक्षात प्रमाण है। इस अवसर पर संस्थान के डीन-फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि टिमिट हमेशा कोर इंडस्ट्रिज व कंपनियों की मांग के अनुसार बेहत. रीन मैनेजमेंट प्रोफेशनल को तैयार कर अच्छा करियर बनाना है। टिमिट अपने विद्यार्थियों को रोजगार परक




ज्ञान, सम्यक चरित्र व सम्यक दर्शन देने को कटिबद्ध है इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के डायरेक्टर अरुण कुमार व डिप्टी डायरेक्टर आकाश भटनागर ने कहा कि विद्यार्थियों को हर उपलब्ध अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिये और उन्हें पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करना चाहिये। चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनायें दी व कहा कि बदलते परिदृश्य में छात्र- छात्राओं को जॉब के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड रहा है व हर छात्र-छात्रा पूरी तैयारी व मनोबल के साथ प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेना चाहिए।

## एक नजर

### ताहरपुर के पास सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र अंतर्गत संभल-मुरादाबाद मार्ग पर गांव ताहरपुर के समीप बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हो गई।



अज्ञात वाहन की चपेट में आने से लगभग 35 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

दुर्घटना के कारण मार्ग पर कुछ समय के लिए आवागमन बाधित रहा, जिसे पुलिस ने जल्द ही सुचारु कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस आसपास के गांवों और थानों में जानकारी एकत्र कर पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

### नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोपित युवक गिरफ्तार

**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़े नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार किशोरी के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के आधार पर आरा. ेपी युवक को हिरासत में लिया गया। प्रकरण में पॉक्सो एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### भीषण ठंड में अलाव व सफाई व्यवस्था की मांग, भाकियू (भानु) ने सौंपा ज्ञापन

**ठाकुरद्वारा।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने नगर पालिका परिषद से नगर में अलाव व्यवस्था, सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। इस संबंध में संगठन के मंडल उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन सैफी के नेतृत्व में अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि भीषण ठंड के कारण नगर क्षेत्र में किसान, मजदूर, राहगीर तथा गरीब व असहाय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रात्रि के समय सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की पर्याप्त व्यवस्था न होने से लोगों को ठंड में रात गुजारनी पड़ रही है। नगर की अनेक स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी होने के कारण रात्रि में दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने नगर के प्रमुख चौराहों, बाजारों, बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर तत्काल अलाव जलवाने, सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा जलभराव की समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है। इस अवसर पर इमरान, सानिब, रफीक अहमद, अहसन, अब्दुल रशीद, सलीम हैदर, दिलशाद सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हाउस टैक्स के विवाद में हुए हंगामे की पुलिस की जांच जारी

**ठाकुरद्वारा।** नगर के मोहल्ला बंजारान वार्ड 12 में सोमवार को हाउस टैक्स की वसूली के लिए लगे कैंप में हंगामा हो गया था। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसकी पुलिस जांच जारी है। मोहल्ले के निवासी वार्ड सदस्य का चुनाव लड़ चुके भाजपा कार्यकर्ता प्रदीप कुमार पाल ने नगर पालिका पर हाउस टैक्स के निर्धारण में मनमानी और भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए कैंप में हंगामा किया था। उनकी वार्ड सभासद के पुत्र से नोक झोंक भी हुई थी। हंगामा होने पर कर्मचारी कैंप बंद कर चले गए थे। इस संबंध में प्रदीप कुमार पाल ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर देकर वार्ड सभासद के पुत्र आदि पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।प्रदीप कुमार आदि के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। जिसकी जांच मंगलवार को भी जारी रही। पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार का कहना है कि अभी मामले की जांच चल रही है।

# बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न के विरोध में विहिप-बजरंग दल का जोरदार प्रदर्शन

## मार्च निकालकर फूंका पुतला, जिहादी हिंसा के खिलाफ नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों, जिहादी हिंसा और धार्मिक उत्पीड़न के विरोध में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ठाकुरद्वारा में जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने नगर में मार्च निक. ालते हुए बांग्लादेश का पुतला दहन किया और जिहादी हिंसा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।




विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता खंड विकास कार्यालय परिसर में एकत्र हुए, जहां से नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए तिकोनिया तिराहे तक विरोध मार्च निकाला गया। मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ नारे लगाए और अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान इस ओर आकृष्ट करने की मांग की। इसके बाद तिकोनिया पार्क में पहुंचकर बांग्लादेश का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के उपरांत कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ कर हिंदू समाज की सुरक्षा व शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हालिया सत्ता परिवर्तन के बाद इस्लामी जिहादी गतिविधियों में तेजी आई है। जिहादी तत्वों के निशाने पर हिंदू समाज के मंदिर, व्यापारिक प्रतिष्ठान, महिलाएं और संपत्तियां हैं। आए दिन हो रही अमानवीय घटनाएं न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन हैं, बल्कि संपूर्ण मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। वक्ताओं ने बांग्लादेश के मेमन. सिंह जिले के भालुका क्षेत्र में हुई दीपू दास की नृशंस हत्या का उल्लेख करते हुए कहा कि ईशनिंदा का झूठा आरोप लगाकर एक निर्दोष हिंदू व्यापारी को पीट-पीटकर मार डाला गया और बाद में उसके शव को जला दिया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरी घटना के दौरान वहां का पुलिस-प्रशासन मूकदर्शक बना रहा, जो अत्यंत चिंताजनक है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने भारत सरकार एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों से मांग की कि बांग्लादेश में हिंदू एवं अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा को तत्काल रोका जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उन्हें कठोर सजा दिलाई जाए तथा वहां अल्पसंख्यकों के लिए भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जाए। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि अत्याचार नहीं रुके तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

इस विरोध प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सचिन बिश्नोई, जिला मंत्री किशन पाल, जिला संगठन मंत्री देवेश कुमार राणा, बच्चा बाबा महाराज, जिला उपाध्यक्ष कल्याण, बजरंग दल सह संयोजक अजय भारती, जिला धर्म प्रसार प्रमुख सुभाष, जिला विधिक प्रमुख साजन शर्मा, जिला सहमंत्री पंकज सिंह, नगर अध्यक्ष लकी चौहान, ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी, प्रदीप कुमार, नागेंद्र लांब, धर्मेंद्र कुमार पाल सहित बड़ी संख्या में विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गाली-गलौज के विरोध पर युवक से मारपीट कर किया घायल दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के नगर के मोहल्ला मछली बाजार में गाली-गलौज का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोपियों ने युवक के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर के मोहल्ला मछली बाजार वार्ड 19 निवासी शाहनवाज घर के बाहर टहल रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले शाहरूख पुत्र रईस तथा जोगी पुत्र रईस ने उसे मां-बहन की गालियां देनी शुरू कर दीं। जब युवक ने गाली देने का विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आ गईं। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसी मौ. रफी पुत्र मौ. अजीज ने बीच-बचाव कर किसी तरह युवक को बचाया। आरोप है कि जाते समय आरोपी युवक को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के समय युवक के पिता मौ. सलीम एक शादी समारोह में गए हुए थे। लौटने पर उन्होंने अपने पुत्र को घायल अवस्था में पाया और तुरंत उसे लेकर कोतवाली पहुंचे, जहां पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



गुरुवार, 25 दिसम्बर 2025

# एक और सफलता

भारत की सुरक्षा अब पहले से और अधिक मजबूत हो गई है। डीआरडीओ ने नेक्स्ट जेनरेशन आकाश-एनजी मिसाइल का सफल यूजर ट्रायल संपन्न कर लिया है। अब इसे भारतीय वायुसेना में शामिल किया जा सकेगा। इसके शामिल होने से भारतीय वायु सेना की ताकत में और इजाफा होगा और वह किसी भी खतरे का मुकाबला करने में सक्षम हो सकेगी। वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि पर देशवासियों को प्रसन्ता है और कामना की है वैज्ञानिक आगे चलकर इससे बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। इससे पहले भारतीय वायु सेना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल कर चुकी है। डीआरडीओ ने ये मिसाइल नेक्स्ट जेनरेशन की मिसाइल प्रणाली के यूजन इवोल्यूशन ट्रायल को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जिससे भारतीय सशस्त्र बलों में इसके शामिल होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस प्रणाली ने उच्च गति, कम ऊंचाई और लंबी दूरी के उच्च ऊंचाई वाले लक्ष्यों सहित विभिन्न हवाई खतरों के विरुद्ध उच्च सटीकता का प्रदर्शन किया। स्वदेशी आरएफ सीकर, दो. हरी पल्स सॉलिड रॉकेट मोटर और पूरी तरह से स्वदेशी रडार और सी2 प्रणालियों से लैस आकाश-एनजी भारत की वायु रक्षा क्षमता को एक बड़ा बढ़ावा देगी। इस माह की शुरुआत में डीआरडीओ ने लड़ाकू विमानों से बाहर निकलने के लिए विकसित 'एस्केप सिस्टम' का नियंत्रित रफ्तार पर उच्च-गति रॉकेट-स्लेज परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। इस परीक्षण से भारत उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिनके पास उन्नत इन-हाउस एस्केप सिस्टम के पूर्ण परीक्षण की क्षमता उपलब्ध है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रॉकेट-स्लेज परीक्षण में रॉकेट प्रणोदन तंत्र के साथ मिलकर प्रणाली को दो रेलों पर उच्च गति से चलाया जाता है, ताकि हवा में गतिमान विमान का अनुकरण किया जा सके। इस टेस्ट ने साबित कर दिया है कि भारतीय आसमान अब पूरी तरह सुरक्षित है। यह मिसा. इल दुश्मन के हर हवाई हमले का जवाब देने के लिए तैयार है। डीआरडीओ के मुताबिक मिसाइल ने सभी मानकों को पूरा किया है। ट्रायल के दौरान इसने हवा में मौजूद टारगेट्स को सटीकता से नष्ट किया। इसने अलग-अलग रेंज और ऊंचाई पर अपने जौहर दिखाए। यह सिस्टम दुश्मन के फाइटर जेट, ड्रोन या मिसाइल को पलक झपकते ही खत्म कर सकता है। यह भारत की एयर डिफेंस क्षमता को कई गुना बढ़ा देगा।

## स्कूल-कॉलेज के कैंपस में हर तरह का नशा उपलब्ध



उप्र में लाखों लोगों को नशे का आदी बनाने वाली कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से बिक रही है, लेकिन राज्य सरकार ना इसकी बिक्री रोक पा रही है और ना ही इस धंधे से जुड़े लोगों को गिरफ्तार कर पा रही है, यूपी में कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से 40-45 रुपये में मिल रही है, इस कफ सिरप से लोग जबरदस्त नशे का शिकार हो रहे हैं, प्रदेश के बच्चे भी इस नशे की लत में आ रहे हैं और उनके परिवार उजड़ रहे हैं, किसी भी तरह का नशा-देश के सामने एक गंभीर समस्या है, जिस पर चर्चा जरूरी है, हालात ऐसे हो गए हैं कि सड़कों से लेकर स्कूल -कॉलेज के कैंपस में बड़ी आसानी से हर तरह का नशा उपलब्ध है, पहले चरस-गांजे, अफीम जैसे नशे की बात होती थी, पर आज कफ सिरप का नशा फैल रहा है।

**-सुप्रिया श्रीनेत, प्रमुख, कांग्रेस सोशल मीडिया**

# सर्दियों में कुछ इस तरह निखारें अपने सौंदर्य को





**शहनाज हुसैन**

पुदीने की भीनी खुशबू और स्वाद से भला कौन परिचित नहीं होगा। पुदीना हर भारतीय रसोई में आपको आसानी से मिल जाएगा। पुदीना न केवल खाने-पीने का स्वाद बढ़ाता है बल्कि आपकी त्वचा को निखारने और बालों को कोमल और मुलायम बनाने में भी सहायक होता है। ठंड के मौसम में त्वचा ड्राई, खुरदरी और कभी-कभी एलर्जिक हो जाती है। पुदीने में मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटी।इंफ्लेमेटरी गुण त्वचा को शांत करते हैं और खुजली, दानों व जलन में आराम देते हैं। के एंटीऑक्सीडेंट्स रक्त संचार बढ़ाते हैं, फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं। पुदीने को लंबे समय से त्वचा की सफाई और जलन कम करने के लिए प्रयोग किया जाता रहा है। सर्दियों में पुदीना। युक्त पानी से चेहरा धोना या पुदीना। पेस्ट लगाना त्वचा को ताजगी और राहत दे सकता है। सर्दियों के मौसम में त्वचा शुष्क हो जाती है। अगर आप पुदीने को अपनी डाइट में शामिल कर लेंगी तो इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स रक्त संचार बढ़ाते हैं, जिससे त्वचा की रंगत बरक. रार रहती है और फाइन लाइन्स और झुर्रियां रो. कने में मदद मिलती है। सर्दियों में धूप की कमी के कारण अकसर मूड स्विंग होता है और महिलाएं डिप्रेशन, अकेलेपन या तनाव का शिकार होती हैं नियमित रूप से पुदीने की चाय पीने से तनाव से मुक्ति मिलती है। अगर सर्दियों में मानसिक तनाव की वजह से आप की त्वचा फटनी शुरू हो जाती है तो पुदीना और ग्रीन टी आपके लिए सहायक हो सकते हैं। इसके लिए एक चमच्च ग्रीन टी में चार पांच ताजे पुदीने की पत्तियां कुछ देर के लिए भिगोइए इसे ज्यादा देर तक न भिगोएं नहीं तो यह कड़वी हो जाएगी। रोज सुबह पीने से त्वचा में ग्लो झलकने लगेगा। ग्रीन टी में विद्यमान एंटीऑक्सिडेंट्स सीवम को कम करते है, त्वचा के छिद्रों को बंद करते हैं और कील मुहांसों को शांत करते हैं। पुदीना ताजगी का अहसास प्रदान करता है और जलन को शांत करने में सहायक होता है।

आजकल के मौसम में स्किन में ड्राइनेस होना आम बात है। ड्राइनेस से बचने के लिए अगर आप डाइट में पुदीना लेंगी तो त्वचा को भरपूर एंटीऑक्सीडेंट्स मिलेंगे। साथ ही त्वचा का निखार बरकरार रहेगा। इसके अलावा पुदीना न केवल त्वचा की सफाई के काम आता है, बल्कि इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा की रंगत भी बढ़ती है। अगर आप अपनी त्वचा का ग्लो बढ़ाना चाहती हैं तो पुदीने की पत्तियों का पेस्ट या फिर इसके रस को नियमित रूप से चेहरे पर लगाने से चेहरे की आभा बढ़ती है। पुदीने की पत्तियों में कसैले गुण होते हैं जिसकी वजह से यह स्किन को टोन करने में काफी फायदेमंद साबित होती हैं। इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा के बंद रोम छिद्रों को साफ करने और इसमें जमा गंदगी को खत्म करने में भी मदद मिलती है। स्किन पर पुदीनें का पैक या टोनर लगाने से स्किन मुलायम , चिकनी और कोमल हो जाती है। सर्दियों में पुदीने और ओट्स का स्क्रब डेड स्किन सेल्स को निकाल कर त्वचा को मुलायम और कोमल बनांते हैं। इसके लिए एक चमच्च ओट्स में पुदीने की कुछ पत्तियां मिला लीजिए। फिर इसमें एक चमच्च शहद , दो चमच्च दूध और आधा कद्दूकश किया खीरा मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट से अपने चेहरे पर कुछ देर तक हलके हलके मसाज करें। कुछ दिन बाद आपको फर्क महसूस होने लगेगा। पुदीना हार्मोन को बैलेंस करने में मदद करता है। इससे पीरियड्स के दौरान होने वाली दिक्कतों को कम करने में मदद मिलती है। इसमें कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो सेहत के साथ साथ त्वचा को ठंडा रखने कील-मुहांसों को दूर करने चेहरे की सूजन कम करने में काफी सहायक होते हैं। आप इसका इस्तेमाल फेस पैक, टोनर या सीरम के रूप में भी कर सकते हैं। इसमें प्रोटीन विटामिन, जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। एंटिसेप्टिक होने के कारण इसका प्रयोग बॉडी क्लींजर, साबुन और बॉडी वॉश के रूप में होने लगा है। कांच की कटोरी में पुदीने की ताजा पतियों का रस निकाल लें अब ताजे खीरे को छीलकर काट लें और उसे कद्दूकस कर लें। अब इनके अंदर एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पैक को अपने चेहरे और गर्दन के इर्द गिर्द खुले अंगों पर आधा घण्टा तक लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालें। इस पैक को नियमित तौर पर चेहरे पर लगाने से कील मुहांसों से छुटकारा मिलेगा। पुद. ीने का फेशियल ऑयली त्वचा के लिए काफी फायदेमंद साबित होता है। एक कांच के बर्तन में दो बड़े चम्मच ताजा पीसे पुदीने के साथ दो बड़े चम्मच दही और एक बड़ा चम्मच ओटमील लेकर गाढ़ा घोल बनाएं। इसे चेहरे पर 15 मिनट तक लगाने के बाद और चेहरे को ताजे पानी से धो लें। पिम्पल की समस्या के निदान के लिए पुदीने का नियमित उपयोग मददगार साबित हो सकता है। पुदीने के रस को नारियल तेल में डालकर पिम्पल पर लगाने से राहत मिलेगी। ऐसा करने से कुछ ही दिनों पिम्पल दूर हो जाएंगे और उनके निशान और दाग-धब्बे भी हल्के होने लग जाएंगे। पुदीने और गुलाब जल का पैक त्वचा को कोमल और मुलायम बनाने में काफी सहायक होता है। पुदीने के रस में एक चम्मच शहद और थोड़ा सा गुलाब जल मिलकर बने पैक को चेहरे पर कुछ देर तक लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालें। गुलाब जल त्वचा के पी एच लेवल को संतुलित करता है। एक पका केला लेकर इसे अच्छी तरह मैश कर लें। अब इसमें पुदीने के कुछ पतियों का पेस्ट डाल दें। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद चेहरे को ताजे ठन्डे पानी से धो डालें। अगर आपके बाल पतले पड़ गए और आप बालों की रुसी आदि की समस्या से जूझ रहे हैं तो पुदीना काफी मददगार साबित हो सकता है। आप अपने खाने में पुदीने की चटनी को नियमित रूप से शामिल करें। पुदीने का हेयर मास्क बनाने के लिए एक कांच के बर्तन में पुद. ीने के 10 -12 पत्ते पीस लें। अब आप चने की दाल और दही को पीसकर इसका पेस्ट तैयार कर लें और इसमें पीसे पुदीने के पत्तों को मिलाकर इस मास्क को बालों पर लगाने के आधा घंटा बाद बालों को ताजे पानी से धो डालें।

**( लेखिका अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ हैं। )**

# नेपाली घुसपैठियों के खिलाफ विधायक ने उठाई आवाज

**अंग्रेजी शासन के समय ही उनवल स्टेट से ये लोग भारत सीमा से सटे नेपाल के कृष्णा नगर में आकर बस गए। यह परिवार नेपाल राजाओं के भी नजदीक रहा है। नेपाल में एक समय ऐसा था जब वहां हिंदी पढ़ने की अनुमति नहीं थी। तभी नेपाली छात्रों को हिंदी की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए नेपाल सीमा से सटे बढ़नी कस्बे में गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कालेज नाम से शिक्षण संस्थान की स्थापना की थी। तभी से इस विद्यालय का प्रवंधन नेपाल के इस परिवार के हाथ में है।**



**यशोदा**

यूपी में जब एस आई आर की शुरुआत हुई तो मुख्यमंत्री ने हर जिले में घुसपैठियों के लिए सेल्टर होम की बात कही थी। एस आई आर की समय सीमा समाप्त हो रही है लेकिन यूपी में घुसपैठियों की शिनाख्त नहीं हो पाई। बहरहाल जब घुसपैठियों की बात चली तो इस बात की ज्यादा संभावना थी कि यूपी में किसी और देश के घुसपैठिए हों न हों, नेपाल के घुसपैठिए जरूरत पहचान में आ जाएंगे। लेकिन यह भी नहीं हो पाया जबकि संपूर्ण यूपी में न सही नेपाल सीमा से सटे सात जिलों में नेपाली घुसपैठियों की भरमार है। यूपी के ए जिले हैं महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, पीलीभीत, लखीमपुर। नेपाल सीमा के इन सात जिलों में नेपाल और भारत के हजारों ऐसे लोग हैं जिनके पास दोहरी नागरिकता है। सीमा से सटे दोनों ओर के कस्बों और गांवों में उनके घर मकान हैं। ऐसे लोगों का व्यापार भी सीमावर्ती क्षेत्रों में फैला हुआ है। इतना ही नेपाल सीमा के कुछ गांवों को मिनी नेपाल तक कहा जाता है। वे दोनों तरफ अपने मता. धिकार का भी प्रयोग करते हैं। दोहरी नागरिकता धारण किए हुए लोगों के वाहन और असलहे तक भारत के पते पर होते हैं। अचरज की बात है कि ऐसे लोगों में एक भी ऐसा नहीं पाया गया जो नेपाली घुसपैठिया हो।

खैर ,चोरी छिपे ऐसे घुसपैठियों की शिनाख्त न हो पाना बड़ी बात नहीं है। सरकारी कामकाज में ऐसा हो रहा है तो इसे सरकार की मंशा भी कहा जा सकता है। लेकिन जब दोहरी नागरिकता के सारे सबूत सरे आम हों उस पर भी सरकार यह कहे कि सबूत दीजिए तब कार्रवाई हो तो अजीब लगना स्वाभाविक है। यूपी के शौहरत गढ़ विधानसभा क्षेत्र के अपना दल एस के विधायक विनय वर्मा ने इसी सत्र में सदन में ऐसे नेपाली नागरिकों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया तो विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक वर्मा से सबूत पेश करने की बात कही।

याद है न पाकिस्तान की सीमा हैदर बिना बीजा पासपोर्ट के नेपाल के रास्ते भारत धमक पड़ी और नोएडा के आसपास अपने कथित प्रेमिका के साथ डंके की चोट पर रह रही है। सरकार अभी तक सीमा हैदर के भी घुसपैठिए होने की सबूत तलाश रही है। सरकार जब घुसपैठियों की बात करती है तो यह कह पाना मुश्किल होता है कि सरकार अपने मनमाफिक घुसपैठिए ढूंढ रही है या घुसपैठिए ढूंढ रही है? नेपाल यद्यपि हमारा पड़ोसी और मित्र देश है फिर भी कोई भारतीय न तो वहां घर जमीन ले सकता है और न ही किसी संस्था का सदस्य अथवा प्रवंधन संभाल सकता है। लेकिन नेपाल सीमा के यूपी में ऐसा संभव है जहां नेपाल का कोई शख्स भारत का भी नागरिक हो सकता है, भारतीय शिक्षण संस्थान का प्रवंधकीय व्यवस्था संभाल सकता है, भारतीय नंबर के वाहनों का इस्तेमाल कर सकता है,भारत में राजनीति भी कर सकता है, लखनऊ दिल्ली में रिहायशी मकान भी बना सकता है और असलहे इत्यादि भी रख सकता है। निश्चित ही भारत नेपाल संबंधों के तय शर्तों में ऐसी कोई शर्त नहीं है फिर भी यह सब सरेआम हो रहा है। किसी भारतीय को नेपाल में ऐसी सुविधाएं नहीं प्राप्त हैं।

फिलहाल यूपी के सिद्धार्थनगर के बढ़नी और महराजगंज जिले के ठूठीबारी कस्बे में स्थित विद्यालयों के प्रवंधक नेपाली नागरिक हैं। दोनों का ही भारत के उच्च प्रशासन और सरकार तक ऊंची पहुंच है। ठूठीबारी स्थिति विद्यालय के प्रवंधक देवेंद्र राज कंडेल नेपाल में गृहमंत्री भी रहे हैं जबकि बढ़नी स्थित विद्यालय के प्रवंधक कुणाल शाह का परिवार न केवल नेपाल की राजनीति में खासा दखल रखता है,इस परिवार के सदस्य नेपाल सरकार में सांसद, मंत्री तक रहे हैं। इस परिवार के सदस्य आज भी नेपाली राजनीति में अच्छी तरह सक्रिय हैं। इस परिवार का गोरक्ष पीठ, उसके महंतों से सीधा जुड़ाव रहा है। यह परिवार आज भी यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से जुड़ा हुआ है। कृष्णा नगर नेपाल का शाह परिवार पूर्व में गोरखपुर जिले के उनवल स्टेट का निवासी रहा है।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

# हिजाब विवाद: क्रिया से खतरनाक प्रतिक्रिया



**निर्मल रानी**

देश में पिछले दिनों उस समय हिजाब को लेकर फिर एक बहस छिड़ गई जबकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गत 15 दिसंबर को पटना में एक सरकारी कार्यक्रम में नव नियुक्त आयुष डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरित करते समय एक मुस्लिम महिला डॉक्टर नुसरत परवीन जोकि चेहरा ढंकने वाला हिजाब पहने हुई थीं, का हिजाब सार्वजनिक मंच से उसके चेहरे से खींच कर उतारने की कोशिश की। उस समय डॉक्टर नुसरत परवीन स्टेज पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों नियुक्ति पत्र ग्रहण करने हेतु आमंत्रित की गई थी। इस घटना ने वहां मौजूद सभी लोगों को स्तब्ध कर दिया। इस घटना से संबंधित वायरल वीडीओ में देखा जा सकता है कि घटना के समय जहां डॉक्टर नुसरत असहज दिखीं वहीं उसी मंच पर मौजूद बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी न केवल घटना से हतप्रभ नजर आए बल्कि उन्होंने नीतीश की ओर हाथ बढ़ाते हुए उन्हें हिजाब खींचने से रोकने की कोशिश भी की। जबकि उसी मंच पर मौजूद कुछ लोग हंसते हुए भी दिखाई दिए।

इस घटना से एक बात तो साबित हो ही गई कि नितीश कुमार जैसे अनुभवी राजनेता लगभग 75 वर्ष की आयु तक पहुंचने के बाद अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। इसी वजह से वे पहले भी महिलाओं को लेकर की गई एक अत्यंत अभद्र टिप्पणी के लिए आलोचना का पात्र बन चुके हैं। कभी कभी सार्वजनिक मंचों पर उनकी बेतुकी बातें व उनकी असामान्य हरकतें भी यही संकेत देती कि अब वे उम्र के उस पड़ाव पर पहुंच चुके हैं जहां उन्हें सार्वजनिक सक्रिय राजनैतिक जीवन से सन्यास ले लेना चाहिए परन्तु इस घटना के बाद जिस तरह से इसे परिभाषित करने की कोशिश की गई वह और भी हैरान करने वाली बात थी। हिजाब खीं. चने की बहस को नितीश कुमार की मनोदशा से जोड़कर देखने के बजाए हिजाब धारण करने न करने को लेकर ही बहस छिड़ गई। इस्लाम व मुस्लिम विरोध की राजनीति पर अपनी दुकानें चलाने वाले कुछ नेता तो बेशर्मी की सभी हदें पार करते हुए नितीश कुमार के बचाव में उतर आए। कांग्रेस,आर जे डी व अन्य कई विपक्षी दलों ने इसे महिलाओं और मुस्लिम समुदाय का अपमान बताया। किसी ने नितीश से मुआफी की मांग की तो किसी ने इस्तीफा मांगा। जबकि कुछ ने नीतीश की मानसिक स्थिति पर भी सवाल उठाए परन्तु इस विषय पर सबसे घटिया, ओछी अपमानजनक प्रतिक्रिया देने वाले दो नेता ऐसे भी हैं जो केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जैसे संवैधानिक पदों पर बैठकर इस मुद्दे पर जहर उगल रहे हैं तथा अपनी अशिष्ट शब्दावली से देश की संवैधानिक मर्यादाओं का मजाक उड़ा रहे हैं। इनमें नितीश कुमार के हिजाब विवाद पर अपनी पहली प्रतिक्रिया संसद भवन में देने वाले केंद्रीय मंत्री गिर्रिज सिंह ने नीतीश कुमार का खुलकर बचाव करते हुए कहा कि शनितीश ने कुछ भी गलत नहीं किया है। नियुक्ति पत्र लेने आए व्यक्ति को चेहरा दिखाना चाहिए। क्या भारत कोई इस्लामिक देश है? एयरपोर्ट, पासपोर्ट या वोटिंग के समय चेहरा दिखाना पड़ता है, तो यहां क्यों नहीं? जब उनसे सवाल किया गया कि खबर है कि महिला डॉक्टर नुसरत परवीन के नौकरी छोड़ने की खबर है इस पर गिर्रिज सिंह गुस्से में यह कहते सुनाई दिए कि नौकरी करे या जहन्नुम में जाए। उनका यह बयान सबसे ज्यादा विवादित रहा और इसे सांप्रदायिक व अपमानजनक बयान के रूप में देखा गया।

ऐसा ही निम्नस्तरीय बयान उत्तर प्रदेश सरकार में मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद द्वारा दिया गया। उन्होंने भी नीतीश कुमार का समर्थन करते हुए कहा कि अरे वो भी तो आदमी हैं न नकाब छू दिया तो इतना बवाल? कहीं और छू देते तो क्या हो जाता? संजय निषाद के इस बयान को भी महिला गरिमा को आहत करने की नजरों से देखा गया। जेडीयू के नेता व बिहार के अल्पसंख्यक मंत्री जमा खान ने नितीश के प्रति अपनी वफादारी का सुबूत देते हुए यह कहा कि यह पिता जैसा स्नेह था। तो कुछ मुस्लिम व महिला संगठनों द्वारा इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने व कई जगह नितीश के विरुद्ध प्रदर्शन करने व उनका पुतला जलाने की भी खबरें हैं। परन्तु सबसे बड़ी चिंता का विषय तो यही है कि इस घटना को लेकर नितीश के मानसिक स्वास्थ पर चर्चा होने के बजाए जिस तरह हिजाब पर ही बहस छेड़ दी गई और वह भी अपने कुतर्कों के द्वारा, इससे यह साबित होता है कि साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले मुस्लिम विरोध या इस्लामी प्रतीकों के विरोध का कोई भी अवसर गंवाना नहीं चाहते अन्यथा किसी केंद्रीय मंत्री के इस बेहुदे कुतर्क का क्या अर्थ कि एयरपोर्ट, पासपोर्ट या वोटिंग के समय चेहरा दिखाना पड़ता है, तो यहां क्यों नहीं? संविधान की शपथ लेने वाले इस केंद्रीय मंत्री गिर्रिज को पता नहीं कि एयरपोर्ट, पासपोर्ट या वोटिंग के समय महिला सुरक्षा कर्मियों द्वारा किसी महिला की स्वेच्छा से उसके अपने हाथों से हिजाब या पर्दा हटाने को कहा जाता है न कि नितीश कुमार की तरह बदतमीजी से किसी के चेहरे से हिजाब खींचा जाता है?

ऊपर से पीड़िता को ही यह कहना कि वह नौकरी करे या जहन्नुम में जाए, इस तरह की शब्दावली देश का एक केंद्रीय मंत्री इस्तेमाल कर रहा है? बुर्का पर्दा या हिजाब को लेकर खुद विश्व मुस्लिम जगत में ही बड़ा घमासान है। दुनिया के कई अलग अलग इस्लामी देश अलग अलग तरह के परदे या हिजाब की पैरवी करते रहे हैं। जबकि विश्व का एक बड़ा उदारवादी व प्रगतिशील वर्ग ऐसा भी है जो इस तरह की बंदिशों को गैर जरूरी समझता है।




( ये लेखक के निजी विचार हैं )

## संक्षिप्त समाचार

### विमान दुर्घटना में लीबियाई सेना प्रमुख अहमद अल-हदाद का निधन

**त्रिपोली।** लीबिया की सेना के प्रमुख, मोहम्मद अली अहमद अल-हदाद की एक हवाई दुर्घटना में मौत हो गई। वह अपने हवाई जहाज से तुर्की की राजधानी अंकारा की आधिकारिक यात्रा के बाद वापस आ रहे थे। लीबिया की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार के प्रधानमंत्री ने अब्दुल हामिद दबीबा ने इसे 'दुखद दुर्घटना' बताते हुए कहा कि यह अपूरणीय क्षति राष्ट्र, सैन्य संस्थान और समस्त जनता के लिए एक बड़ी हानि है।

### ताइवान को लेकर ताकाइची के बयान के विरोध में जापान में प्रदर्शन

**टोक्यो।** जापान में ताइवान को लेकर प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के बयान और एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा परमाणु हथियारों की वकालत करने को लेकर विरोध तेज हो गया है। जापानी नागरिकों ने मंगलवार शाम को टोक्यो में प्रधानमंत्री कार्यालय के सामने एक रैली निकाली और सुताक. इची से ताइवान पर अपनी गलत टिप्पणियों को वापस लेने की मांग की और एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा परमाणु हथियारों की वकालत करने वाली टिप्पणियों की आलोचना की। प्रदर्शनकारियों ने 'संविधान का पालन करो' और 'युद्ध को बढ़ावा मत दो' जैसे नारे लगाए।

### जापान ने क्योटो में 'बर्ड फ्लू' संक्रमण की पुष्टि की

**टोक्या।** जापान के कृषि मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि आनुवंशिक परीक्षण से क्योटो प्रांत के एक फार्म में अत्यधिक संक्रामक 'बर्ड फ्लू' की पुष्टि हुई है। यह इस मौसम में देश में बर्ड फ्लू का नौंवा संक्रमण है। कृषि, वानिकी और मत्स्य मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार यह संक्रमण क्योटो प्रांत के कामेओका शहर में स्थित एक मुर्गी फार्म में हुआ, जहां लगभग 280000 मुर्गियां हैं।

# मोहम्मद यूनुस से नाराज हुआ अमेरिका

**▪ शेख हसीना की पार्टी को मिल सकती है प्रतिबंध से राहत**

**वाशिंगटन।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

एक तरफ बांग्लादेश में कानून व्यवस्था खराब है और अराजकता का माहौल है। वहीं दूसरी तरफ अब अमेरिका भी मोहम्मद यूनुस से नाराज हो गया है। दरअसल अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति ने मोहम्मद यूनुस को पत्र लिखा है। इस पत्र में अमेरिकी सांसदों ने एक राजनीतिक पार्टी पर पूरी तरह से प्रतिबंध को गलत ठहराया है। गौरतलब है कि बांग्लादेश में अवामी लीग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। अमेरिका के निचले सदन हाउस आफ रिप्रजेंटेटिव्स की विदेश मामलों की समिति ने मोहम्मद यूनुस को लिखे पत्र में बांग्लादेश में मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाओं पर भी नाराजगी जाहिर की। पत्र में लिखा गया है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार देश की राजनीतिक पार्टियों के साथ मिलकर ऐसा माहौल बनाए, जिससे देश में निष्पक्ष, मुक्त और शांतिपूर्वक चुनाव हो सकें। लेकिन हमें आशंका है कि ऐसा नहीं हो सकता क्योंकि अंतरिम सरकार ने राजनीतिक पार्टियों की गति. विधियों को बर्खास्त कर दिया है और साथ ही त्रुटिपूर्ण इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल को भी फिर से शुरू कर दिया है।

# ब्लूबर्ड सफलता में भारतीय मूल के दो लोगों का खास योगदान

## दिल्ली विश्वविद्यालय के शांति गुप्ता कंपनी में मुख्य परिचालन अधिकारी व आईआईटी मद्रास के छात्र रहे श्रीराम जयसिम्हा वाणिज्यिक अनुप्रयोग के मुख्य वैज्ञानिक

**चेन्नई।** इसरो ने भारतीय रॉकेट एलवीएम 3 की मदद से बुधवार को जिस उपग्रह ब्लूबर्ड 6 को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया है उसकी निर्माता अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल में भारतीय मूल के दो लोग बड़े ओहदे पर काम कर रहे हैं।

ये हैं दिल्ली विश्वविद्यालय के शांति गुप्ता जो इस कंपनी में मुख्य परिचालन अधिकारी के पद पर हैं और दूसरे हैं आईआईटी मद्रास के छात्र रहे श्रीराम जयसिम्हा जो कंपनी के वाणिज्यिक अनुप्रयोगों के मुख्य वैज्ञानिक के पद पर हैं। गुप्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से बैचलर ऑफ कॉमर्स (ऑनर्स) के छात्र रहे थे और बाद में उन्होंने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया से चार्टर्ड अकाउंटेंट का कोर्स भी किया। वह अमेरिका में एक लाइसेंस प्राप्त 'सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट' भी हैं। एएसटी स्पेसमोबाइल के सीओओ के रूप में गुप्ता आपूर्ति श्रृंखला, योजना, लागत प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी और मानव संसाधन संच.



ालन सहित कंपनी के वैश्विक कार्यों की देखरेख करते हैं। वे कंपनी के परिचालन को विस्तार देने के लिए रणनीतियों को विकसित और कार्यान्वित करने के लिए जिम्मेदार हैं। एएसटी स्पेसमोबाइल के अनुसार गुप्ता के पास विकास रणनीतियों को लागू करने, संचालन के विस्तार, व्यावसायिक परिवर्तन, वित्त और लेखा, जोखिम प्रबंधन और उच्च प्रदर्शन करने वाली टीमों के निर्माण का 25 वर्षों का वैश्विक अनुभव है। वे सितम्बर 2021 में मुख्य लेखा अधिकारी के रूप में कंपनी में शामिल हुए थे। एएसटी स्पेसमोबाइल से जुड़ने से पहले गुप्ता 2014 से न्यूयॉर्क में अर्न्स्ट एंड यंग के साथ बतौर पार्टनर कार्यरत थे। दूसरी ओर, श्रीराम ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी-टेक और और रेंसलेयर पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट, यूएसए से एम-एस- की डिग्री प्राप्त की है। उनके पास वैश्विक दूरसंचार बाजारों के लिए आईपी निर्माण और उत्पाद डिजाइन का 30 वर्षों का सफल ट्रैक रिकॉर्ड है।

### नजीर, चंद्रबाबू और जगनमोहन ने एलवीएम3 एम6 के सफल प्रक्षेपण पर दी बधाई

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नज़ीर, मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने एलवीएम3-एम6 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो वैज्ञानिकों को बधाई दी है। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से बुधवार को इस प्रक्षेपण में ब्लू बर्ड-6 उपग्रह को कक्षा में स्थापित किया गया।नजीर ने कहा कि अगली पीढ़ी के संचार उपग्रह ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 को ले जाने वाला एलवीएम3 मिशन देश के लिए एक नया मील का पत्थर है, क्योंकि यह भारतीय धरती से अब तक का सबसे भारी उपग्रह है।

# अमेरिका ने भारत सरकार को आगाह किया

## कहा: चीन दोहरी चाल चल रहा, एक तरफ दिल्ली से रिश्ते सुधारने की कोशिश, दूसरी तरफ पाक को हथियार दे रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत को चीन की दोहरी रणनीति को लेकर चेता. वनी दी है। पेंटागन की 2025 की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन एक तरफ भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव कम करने की कोशिश कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान के साथ सैन्य सहयोग बढ़ा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्टूबर 2024 में भारत और चीन ने एलएसी पर बचे हुए टकराव वाले इलाकों से पीछे हटने पर सहमति जताई थी। हालांकि, पेंटागन का आकलन है कि चीन का मकसद भारत के साथ रिश्तों को सामान्य करके उसे अमेरिका के और करीब जाने से रोकना है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत-चीन के बीच भरोसे की कमी अब भी बनी हुई है। दोनों के बीच अरुणाचल प्रदेश को लेकर विवाद बड़ा मुद्दा है। चीन अरुणाचल को अपना हिस्सा बताता रहा है, जो भारत की संप्रभुता को सीधी चुनौती है। बीजिंग अरुणाचल के मुद्दे को ताइवान और साउथ चाइना सी के बराबर तवज्जो देता है। पेंटागन ने पाकिस्तान में चीन की बढ़ती सैन्य भूमिका पर चिंता जताई है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन 2020 से अब तक पाकिस्तान को 36 जे-10सी लड़ाकू विमान दे चुका है। इसके अलावा दोनों देश मिलकर जेएफ-17 फाइटर जेट बना रहे हैं। पाकिस्तान को चीनी ड्रोन और नौसैनिक उपकरण भी मिल रहे हैं। दिसम्बर 2024 में चीन और पाकिस्तान ने संयुक्त आतंकवाद-रोधी सैन्य अभ्यास भी किया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है

**बीजिंग अरुणाचल के मुद्दे को पेंटागन ताइवान और साउथ चाइना सी के बराबर तवज्जो देता है**

कि भविष्य में पाकिस्तान में चीनी सैन्य ठिकाने बन सकते हैं, जिससे भारत की सीमाओं के पास चीन की मौजूदगी बढ़ेगी। रिपोर्ट के मुताबिक भारत से जुड़े मोर्चे को देखने वाली चीन की वेस्टर्न थिएटर कमांड ने 2024 में ऊंचाई वाले इलाकों में विशेष सैन्य अभ्यास किए। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) बांग्लादेश और पाकिस्तान समेत दुनिया के 21 देशों में नए मिलिट्री बेस बनाने की योजना पर काम कर रही है। इनका मकसद चीन की नेवी और एयरफोर्स को दूर देशों तक आपरेशन करने में मदद देना और वहां आर्मी तैनात करना है। यह जानकारी अमेरिकी डिफेंस डिपार्टमेंट 'पेंटागन' की रिपोर्ट में सामने आई है। पीएलए की सबसे ज्यादा दिलचस्पी उन इलाकों में है, जहां से दुनिया का अहम समुद्री व्यापार गुजरता है, जैसे मलक्का स्ट्रेट, होरमुज स्ट्रेट और अफ्रीका व मिडिल ईस्ट के कुछ स्ट्रैटेजिक पाइंट्स। एक्सपर्ट्स के मुता. बिक, चीन के ये विदेशी सैन्य ठिकाने सिर्फ सैन्य मदद के लिए नहीं, बल्कि खुफिया जानकारी जुटाने के लिए भी इस्तेमाल हो सकते हैं। ऐसा लाजिस्टिक नेटवर्क अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सेनाओं की एक्टिविटी पर नजर रखने में मदद कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये एक्टिविटीज ज्यादातर सीक्रेट और तकनीकी तरीके से होंगी, जिन्हें मेजबान देशों के लिए पकड़ना मुश्किल होगा। इससे चीन को अमेरिका और उसके साझेदार देशों की सैन्य गतिविधियों की बेहतर जानकारी मिल सकेगी। इसके साथ ही, चीन अपने विदेशी सैन्य ढांचे के लिए कमांड और कंट्रोल सिस्टम भी मजबूत कर रहा है, ताकि दूर-दराज के इलाकों में मौजूद अपने ठिकानों को बेहतर तरीके से आपरेट किया जा सके। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि चीन का यह कदम ग्लोबल लेवल पर उसकी सैन्य ताकत और प्रभाव बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी कोशिश है। पिछले 25 सालों से अमेरिकी संसद रक्षा विभाग (पेंटागन) से हर साल एक रिपोर्ट तैयार करवा रही है, जिसमें चीन की सैन्य ताकत और उसकी रणनीति पर नजर रखी जाती है। इन रिपोर्टों में बताया गया है कि कैसे चीन लगातार अपनी सेना को मजबूत कर रहा है और अपनी ग्लोबल रोल बढ़ा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस समय चीन की सेना का मुख्य फोकस श्फर्स्ट आइलैंड चेनश पर है।

### अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 30 भारतीय गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका की बार्डर पेट्रोल पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 30 भारतीयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोग अमेरिका में कमर्शियल ड्राइवर लाइसेंस लेकर ट्रक चला रहे थे।



बार्डर पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत इन लोगों को पकड़ा। यूएस कस्टम और बार्डर प्रोटेक्शन विभाग ने एक बयान जारी कर बताया कि बार्डर पेट्रोल एजेंट्स ने कैलिफोर्निया के अल सेंट्रो सेक्टर में 49 अवैध अप्रवासियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों के पास से कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस मिले हैं। कस्टम एजेंसी ने बताया कि अप्रवासन चेक पाइंट पर जांच के दौरान ये लोग पकड़े गए। कस्टम विभाग ने बताया कि 23 नवम्बर से 12 दिसम्बर तक चले अभियान में कुल 42 अवैध अप्रवासी पकड़े गए हैं, जो कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस पर ट्रक चला रहे थे। पकड़े गए लोगों में से 30 भारतीय नागरिक हैं। वहीं दो लोग अल सल्वाडोर के और बाकी चीन, एरीट्रिया, हैती, होंडुरास, मैक्सिको, रूस, सोमालिया, तुर्किये और यूक्रेन के निवासी हैं। एजेंसी ने बताया कि पकड़े गए लोगों में से 31 को कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस कैलिफोर्निया राज्य की सरकार ने जारी किए थे। आठ लाइसेंस फ्लोरिडा, इलिनोइस, इंडियाना, ओहायो, मैरीलैंड, मिनेसोटा, न्यू जर्सी, न्यूयार्क, पेंसिल्वेनिया और वाशिंगटन ने जारी किए थे।

# हादी के भाई का मोहम्मद यूनुस पर गंभीर आरोप

**▪ कहा: उनके भाई की हत्या आगामी राष्ट्रीय चुनावों को पटरी से उतारने के लिए कराई गई**

**ढाका।** बांग्लादेश के चर्चित छात्र नेता और इंकिलाब मंचो के संयोजक शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद देश की राजनी. ति में भूचाल आ गया है। मृतक के भाई ओमर हादी ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके भाई की हत्या आगामी राष्ट्रीय चुनावों को पटरी से उतारने के लिए कराई गई। ओमर हादी का दावा है कि सत्ता में बैठे लोगों के एक गुट ने जानबूझकर इस हत्या को अंजाम दिया, ताकि चुनावी माहौल को अस्थिर किया जा सके और राजनीतिक फायदा उठाया जा सके।

ढाका के शाहबाग इलाके में राष्ट्रीय संग्रहालय के सामने आयोजित शहीदी शपथ कार्यक्रम में बोलते हुए ओमर हादी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार के अनुसार, उन्होंने कहा यह आप ही हैं जिन्होंने उस्मान हादी को मरवाया और अब उसी मुद्दे को लेकर चुनाव बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के भीतर मौजूद एक खास गुट ने साजिश रचकर इस हत्या को अंजाम दिया। बता दें कि उस्मान हादी आगामी 12 फरवरी को होने वाले आम चुनाव में उम्मीदवार थे। ओमर हादी का यह भी आरोप है कि उनके भाई की हत्या इसलिए की गई, क्योंकि उन्होंने किसी भी एजेंसी या विदेशी आकाओं के आगे झुकने से इन्कार कर दिया था। ओमर हादी ने अंतरिम सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके भाई के हत्यारों को जल्द सजा नहीं दी गई, तो यूनुस सरकार का अंजाम भी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना जैसा हो सकता है। उन्होंने कहा हत्यारों पर जल्द मुकदमा चलाएं, ताकि चुनावी माहौल खराब न हो। सरकार अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं दिखा पाई है। अगर उस्मान हादी को न्याय नहीं मिला, तो आपको भी एक दिन बांग्लादेश छोड़ने पर मजबूर होना पड़ेगा। गौरतलब है कि 32 वर्षीय शरीफ उस्मान हादी पर ढाका में एक मस्जिद से बाहर निकलते समय गोली चलाई गई थी। गंभीर रूप से घायल हादी को इलाज के लिए सिंगापुर ले जाया गया, जहां 19 दिसम्बर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया।



प्रयागराज। कड़ाके की ठंड और धुंध भरी सुबह में मजदूर एक कार्यक्रम स्थल का स्टेअप हटते हुए।

### भारत के हमलों पर आपत्ति, तो अफगान पर हमला क्यों: पाक धर्मगुरु

**नई दिल्ली।** पाक के कई धर्मगुरुओं और अलग-अलग पंथों के प्रतिनिधियों ने कहा कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान पर हमला करने के लिए नहीं करना चाहिए और न ही पाकिस्तान को अफगानिस्तान में हमले करने चाहिए। धर्मगुरुओं ने एक संयुक्त बयान में कहा कि अफगानिस्तान को टीटीपी जैसे समूहों का सुरक्षित स्थान बनाना न सिर्फ दोनों देशों के की स्थिरता के लिए खतरा है, बल्कि दोनों देशों के रिश्तों को भी प्रभावित

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल फाइल्स में ट्रम्प पर रेप का आरोप

## सरकार बोली: सबूत नहीं, गोली लगने से महिला की संदिग्ध मौत हुई थी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े मामले में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर रेप के आरोप लगे हैं। इस पर जस्टिस डिपार्टमेंट का कहना है कि ये आरोप बिना सबूत के हैं, इन्हें सच नहीं माना जाना चाहिए। मंगलवार रात को इस मामले से जुड़े करीब 30 हजार पन्नों के नए दस्तावेज जारी किए हैं।

इनमें एक महिला का दावा शामिल है कि ट्रम्प और एपस्टीन दोनों ने उसके साथ गलत काम किया था। इसके अलावा एक ड्राइवर का बयान भी है, जिसने कहा कि उसने ट्रम्प और एपस्टीन को एक लड़की के साथ दुर्व्यवहार की बात करते सुना था। हालांकि, फाइलों में यह नहीं बताया गया कि एफबीआई ने इन बातों की जांच की या नहीं। बताया गया है कि आरोप लगाने वाली महिला की बाद में गोली लगने से संदिग्ध मौत हो गई थी।



**▪ ये आरोप झूठे और सनसनी फैलाने वाले हैं: जस्टिस डिपार्टमेंट**

जस्टिस डिपार्टमेंट ने जोर देकर कहा है कि इन दस्तावेजों में कहीं भी यह नहीं लिखा है कि ट्रम्प को किसी अपराध का आरोपी माना गया हो या उनके खिलाफ कोई आधिकारिक जांच चली हो। विभाग के मुताबिक, ट्रम्प और एपस्टीन की जान-पहचान जरूर थी और वे कुछ समय तक एक-दूसरे से मिलते रहे थे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ट्रम्प किसी अपराध में शामिल थे। जस्टिस डिपार्टमेंट ने कहा कि ये आरोप झूठे और सनसनी फैलाने वाले हैं। अगर इन दावों में थोड़ी भी सच्चाई होती, तो 2020 के चुनाव के समय इन्हें ट्रम्प के खिलाफ जरूर इस्तेमाल किया जाता। वहीं दूसरी ओर, विपक्षी डेमोक्रेट नेताओं का कहना है कि इन फाइलों से एपस्टीन और ट्रम्प के रिश्ते पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने जस्टिस डिपार्टमेंट पर सच्चाई छिपाने का आरोप लगाया है। इन फाइलों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का सैकड़ों बार जिक्र है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, ट्रम्प का नाम ज्यादातर बार किसी खबर या रिकार्ड के तौर पर दर्ज है, लेकिन कुछ दस्तावेज सीधे तौर पर ट्रम्प से जुड़े हैं। इनमें जनवरी 2020 का एक ईमेल भी शामिल है। इस ईमेल में कहा गया है कि ट्रम्प ने 1993 से 1996 के बीच एपस्टीन के निजी विमान से आठ उड़ानें भरी थीं।





## संबंधों के लिहाज से बीता साल भारत के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा

# अमेरिका के साथ संबंधों में आई खटास

**नई दिल्ली।** विभिन्न देशों के साथ संबंधों के लिहाज से बीता साल भारत के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा, जहां ट्रंप की टैरिफ नीति ने अमेरिका के साथ दो दशक पुराने संबंधों की नींव हिला दी वहीं पुराने दोस्त रूस के साथ संबंधों को नई मजबूती मिली।

पड़ोसी देशों में चीन के साथ पिछले पांच वर्षों से संबंधों में चला आ रहा गतिरोध दूर हुआ और अफगानिस्तान के साथ भी रिश्तों में गरमाहट आई जबकि पाकिस्तान के साथ संबंध और भी बदतर हो गए तथा बंगलादेश भी पाकिस्तान के साथ पींग बढ़ाते हुए भारत विरोध की राह पर चल पड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने विश्व के विभिन्न हिस्सों तक भारत के संबंधों का दायरा बढाने और



**▪ पुराने दोस्त रूस के साथ दोस्ती हुई और मजबूत, चीन के साथ गतिरोध हुए दूर**

लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को प्रगाढ बनाने के लिए अनेक देशों की द्विपक्षीय यात्रा की और सभी प्रमुख बहुपक्षीय मंचों, अंतर्राष्ट्रीय समूहों और सम्मेलनों में भागीदारी की। मोदी ने इस वर्ष फ्रांस, अमेरिका, जापान, चीन, ब्रिटेन, ब्राजील, कनाडा, मालदीव, दक्षिण अफ्रीका, जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान जैसे देशों की यात्रा की। दुनिया के कई प्रमुख नेताओं ने वर्ष के दौरान भारत की यात्रा की जिनमें रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, सिंगापुर, मॉरिशस, भूटान और फिजी के प्रधानमंत्री तथा इंडोनिशया, फिलिपींस, प्राग्वे, अंगोला और चिली के राष्ट्रपति शामिल हैं। सबसे बड़ी वैश्विक शक्ति अमेरिका के साथ पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से चले आ रहे मजबूत तथा सामरिक संबंधों में संबंधों में दरार आना इस वर्ष भारत के लिए सबसे बड़ा झटका रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति ने भारत के साथ संबंधों की चूलें हिला दी। ट्रंप के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम कराने के बार-बार के दावों से भी दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई। मोदी और ट्रंप भले ही टेलीफोन पर निरंतर संपर्क में हैं लेकिन पिछले दस महीने से संभावनाओं के बावजूद दोनों के बीच व्यक्तिगत मुलाक. ात नहीं हुई है और टैरिफ मुद्दे का भी समाधान नहीं हो सका है। अमेरिका ने एच 1 बी वीजा से संबंधित नियमों में जो बदलाव किए हैं उसका भी सबसे अधिक प्रभाव भारतीय नागरिकों पर पड़ने की संभावना है। दूसरी बड़ी शक्ति रूस के साथ संबंधों को लेकर यह साल कहीं बेहतर रहा और पिछले कुछ वर्षों से संबंधों में चली आ रही शिथलता को इस बार गरमाहट मिली और दोनों देशों ने समय की कसौटी पर परखी हुई दोस्ती को अनेक समझौतों से नई ताकत दी।

# कनाडा में भारतीय मूल की महिला की हत्या

**टोरंटो।** कनाडा के टोरंटो में पुलिस ने शनिवार को मिले एक महिला के शव की पहचान भारतीय मूल की 30 वर्षीय हिमांशी खुराना के रूप में की है। सीबीसी की ओर से प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को संदेह है कि यह पति/पुरुष मित्र द्वारा हिंसा का मामला है। रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि शुक्रवार रात को उन्हें स्ट्रैचन एवेन्यू और वेलिगटन स्ट्रीट डब्ल्यू इलाके में एक लापता व्यक्ति की रिपोर्ट मिली थी। पुलिस को शनिवार सुबह करीब 06:30 बजे एक लापता महिला का शव घर में मिला। इस बीच टोरंटो में भारतीय दूतावास ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि वह स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर परिवार की हर संभव मदद कर रहा है। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि हम टोरंटो में एक युवा भारतीय नागरिक, सुहिमांशी खुराना की हत्या से बहुत दुखी और हैरान हैं। दुख की इस घड़ी में हम उनके शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवे. दना व्यक्त करते हैं। पिछले कुछ दिनों से दूतावास इस मामले पर लगातार नज़र रखे हुए है।

